राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 26 जून 2026
वर्ष 07, अंक 259, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

कानपुर नगर निगम के बागी पार्षद अब आगे क्या करेंगे? छै पार्षद कैसे करेंगे 75 पार्षदों का मुकाबला...02

गोरखपुरः एम्स में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 1.30 लाख की ठगी....05

# ससुर-देवर पर दुष्कर्म के आरोप की सुनवाई दिल्ली में भी होगी

● हाई कोर्ट ने दुष्कर्म आरोप मुक्त करने का आदेश रद्द किया।

● वैवाहिक क्रूरता के तहत दुष्कर्म आरोपों की सुनवाई दिल्ली में।

● पीड़िता जहां शरण ले, वहां की अदालत को क्षेत्राधिकार।

● दिल्ली हाई कोर्ट ने वैवाहिक उत्पीड़न मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है कि यदि दुष्कर्म के आरोप लगातार हुई क्रूरता का हिस्सा हैं

● तो उन्हें केवल घटना के स्थान के आधार पर अलग नहीं किया जा सकता।

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने वैवाहिक उत्पीड़न और क्षेत्राधिकार से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में कहा है कि यदि ससुराल पक्ष द्वारा किए गए दुष्कर्म के आरोप पत्नी के साथ लगातार हुई क्रूरता और उत्पीड़न की श्रृंखला का हिस्सा हैं, तो उन्हें केवल इस आधार पर अलग नहीं किया जा सकता कि घटना किसी दूसरे राज्य में हुई थी। अदालत ने ससुर और देवर को दुष्कर्म के आरोप से मुक्त करने (डिस्चार्ज) के ट्रायल कोर्ट के आदेश को रद कर दिया। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने अपने फैसले में कहा कि दुष्कर्म के आरोप विवाहिता के साथ की गई क्रूरता और दहेज उत्पीड़न से जुड़े उसी घटनाक्रम का हिस्सा हैं। इसलिए इन आरोपों की सुनवाई दिल्ली की अदालत में भी की जा सकती है, जहां पीड़िता ससुराल छोड़ने के बाद शरण लेने आई थी।

### मामला 20 जनवरी 2020 को हुई शादी से जुड़ा

मामला 20 जनवरी 2020 को हुई शादी से जुड़ा है। महिला ने आरोप लगाया था कि हरियाणा के झज्जर स्थित ससुराल में उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया, मारपीट की गई और लगातार मानसिक व शारीरिक अत्याचार सहने पड़े। बाद में उसे घर से निकाल दिया गया, जिसके बाद वह दिल्ली स्थित अपने मायके आ गई और यहां शिकायत दर्ज कराई।

प्राथमिकी में महिला ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसका पति उसे केक और पेस्ट्री खिलाकर बेहोश कर देता था, जिसके बाद ससुर और देवर उसके साथ दुष्कर्म करते थे। विरोध करने पर परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा मारपीट और धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया गया। जांच के बाद पुलिस ने आइपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपपत्र दाखिल किया था।

हाईकोर्ट ने रद किया आरोप मुक्त करने का आदेश




### ससुर और देवर को दुष्कर्म के आरोप से मुक्त कर दिया

हालांकि, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) ने यह कहते हुए ससुर और देवर को दुष्कर्म के आरोप से मुक्त कर दिया था कि ये घटनाएं हरियाणा में हुई थीं और दिल्ली की अदालतों को उनकी सुनवाई का क्षेत्राधिकार नहीं है। हाई कोर्ट ने इस निष्कर्ष को गलत ठहराते हुए कहा कि यौन उत्पीड़न भी क्रूरता का एक गंभीर स्वरूप है।

अदालत ने कहा कि पत्नी अपने साथ हुई क्रूरता और यौन हिंसा से उत्पन्न मानसिक आघात को उस स्थान तक लेकर जाती है जहां वह शरण लेती है। ऐसे में दिल्ली में रह रही पीड़िता के मामले में दिल्ली की अदालतों को सुनवाई का अधिकार प्राप्त है। अदालत ने कहा कि शिकायत में लगाए गए दुष्कर्म के आरोप अलग-थलग घटनाएं नहीं बल्कि लगातार चली आ रही प्रताड़ना, धमकी और हिंसा की श्रृंखला का हिस्सा हैं।

मामले को दोबारा सुनवाई के लिए सत्र अदालत को भेजते हुए हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि उसने आरोपों के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं की है। साथ ही, पति की कथित पूर्व शादियों और द्विविवाह के आरोपों के संबंध में भी महिला को उचित आवेदन दायर करने की स्वतंत्रता दी गई है।

# पुणेः 3 साल की मासूम के साथ दरिंदगी करने वाला दोषी करार, सजा का ऐलान बाकी

● पुणे के नसरापुर में 1 मई को 3 साल की मासूम के साथ दरिंदगी करने वाले 65 वर्षीय आरोपी को कोर्ट ने दोषी करार दिया है

● विशेष लोक अभियोजक अजय मिसर ने बताया कि अपहरण, छेड़छाड़, दुष्कर्म और हत्या के साथ-साथ पॉक्सो अधिनियम की कई धाराओं के तहत लगाए गए सभी आरोपों को अदालत में साबित किया गया है



**लखनऊः** पुणे के नसरापुर में 1 मई को 3 साल की मासूम के साथ दरिंदगी करने वाले 65 वर्षीय आरोपी को कोर्ट ने दोषी करार दिया है. आरोपी को अब 29 जून को सजा सुनाई जाएगी। नसरापुर के लोग आरोपी को फांसी दिए जाने की मांग कर रहे हैं। दरअसल, 65 वर्षीय ने भीमराव कांबले ने 1 मई 2026 3 साल की मासूम का अपहरण कर उसके साथ दरिंदगी की थी. इसके बाद आरोपी ने उसकी हत्या कर फरार हो गया. हालांकि पुलिस ने घटना के कुछ ही देर बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में पुणे की एक विशेष अदालत ने आरोपी को घटना का दोषी करार दिया है। इस मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एस.आर.सालुंखे ने की. विशेष लोक अभियोजक अजय मिसर ने बताया कि अपहरण, छेड़छाड़, दुष्कर्म और हत्या के साथ-साथ पॉक्सो अधिनियम की कई धाराओं के तहत लगाए गए सभी आरोपों को अदालत में साबित किया गया है।

सुनवाई के बाद मिसर ने कहा, 'अदालत ने माना है कि अभियोजन पक्ष सभी आरोप साबित करने में पूरी तरह सफल रहा. आरोपी ने अपराध से इनकार करते हुए दावा किया था कि बच्ची को मवेशी का बच्चा दिखाते समय फिसल कर गिर जाने से चोटें आई थीं, लेकिन सबूतों ने उसके इस दावे को झूठा साबित कर दिया।

### हैवानियत की सारी हदें की पार

मिसर ने कहा, 'हमने अदालत के सामने पीड़िता की कम उम्र और उस पर 39 मिनट तक लगातार किए गए बर्बर हमले का विवरण रखा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची के शरीर पर 18 चोटों के निशान पाए गए थे.' उन्होंने कहा कि ऐसे पुख्ता साक्ष्य मिले हैं जिनसे यह साबित हुआ कि आरोपी ने ही बच्ची के साथ यह हैवानियत की थी।

### कांबले समाज के लिए नासूर

मिसर ने बताया कि जिन बच्चों ने आरोपी को बच्ची को अपने साथ ले जाते हुए देखा था, उन्होंने पहचान परेड के दौरान भी आरोपी की स्पष्ट पहचान की. सरकारी अधिवक्ता ने अदालत से आरोपी के लिए मौत की सजा का अनुरोध करते हुए कहा कि कांबले के सुधरने या समाज में पुनर्वास की कोई संभावना नहीं है।

### आरोपी से जज ने पूछा क्या सजा मिलनी चाहिए

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने अदालत में तर्क दिया कि आरोपी के खिलाफ मौजूद वैज्ञानिक और परिस्थितिजन्य सबूत इतने मजबूत हैं कि अपराध को लेकर किसी भी प्रकार की शंका की गुंजाइश नहीं बचती. अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपी भीमराव कांबले को दोषी ठहराया. फैसले के बाद न्यायाधीश ने आरोपी को कटघरे में खड़ा कर उससे पूछा कि इतने गंभीर अपराध के लिए उसे क्या सजा दी जानी चाहिए.

### 29 जून को सुनाई जाएगी सजा

उन्होंने दलील दी, 'उसके खिलाफ पहले भी 62 वर्षीय एक महिला, 17 वर्षीय एक किशोरी और एक मवेशी से जुड़े अपराधों के मामले दर्ज हैं, और अब उसने इस मासूम बच्ची को अपना शिकार बनाया है. वह समाज के लिए एक बड़ा खतरा है.' मिसर ने बताया कि अदालत ने अब इस मामले में सजा पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है और 29 जून को यह तय करेगी कि आरोपी को मृत्युदंड दिया जाए या आजीवन कारावास।

## संक्षिप्त ख़बरें

### जिला स्तरीय बालक बालिका तैराकी चयन ट्रायल्स 27 जून को




**प्रतापगढ़।** आगामी 3 से 5 जुलाई तक लखनऊ में प्रदेश स्तरीय बालक बालिका तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय खेल कार्यालय प्रयागराज द्वारा उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले जूनियर बालक बालिका चयन ट्रायल का आयोजन 28 जुलाई को किया जाएगा। मंडलीय ट्रायल्स में वही खिलाड़ी पात्र होंगे जो 27 जून को होने वाले जनपदीय ट्रायल्स में चयनित किए जाएंगे।जनपदीय ट्रायल्स में इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित समय पर आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल बोनाफाइड, एड्रेस प्रूफ एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित हों।यह जानकारी जिला उप क्रीड़ाधिकारी रंजीत यादव ने दी है।

### प्रमोद से मिले राज्यसभा के उप सभापति, शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की किया कामना

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बुखार के संक्रमण से अस्वस्थ चल रहे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के मैक्स हास्पिटल में भर्ती होने की जानकारी पर राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह बुधवार की देर शाम अस्पताल पहुंचे। उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह ने सांसद प्रमोद तिवारी के स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उप सभापति के मैक्स हास्पिटल में सांसद प्रमोद तिवारी से मुलाकात की जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने गुरूवार को दी है।

### सेवारत व भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की शिकायतों के समाधान हेतु 30 जून को बैठक

**प्रतापगढ़।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी कमाण्डर दिनेश कुमार मिश्र (अ0प्रा0) ने बताया है कि सेवारत/सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों एवं उनके परिवार के सदस्यो के उत्पीड़न शिकायतो का समयबद्ध निस्तारण एवं अनुश्रवण के लिये गठित जनपद स्तरीय समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 30 जून को दोपहर 12 बजे आयोजित की जायेगी।

# स्कूल और छात्रावास के निकट कैसे संचालित होता है गैस गोदाम? बड़ा सवाल

● क्या प्रशासन लखनऊ की तरह नौतनवा में बच्चों के साथ बड़ा घटना की प्रतीक्षा कर रहा है?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नौतनवा, महाराजगंज।** बाईपास पर संचालित मॉडर्न एकेडमी स्कूल और राजीव गांधी फार्मेसी कॉलेज के छात्रावास के बच्चों की जान सीधे खतरे में है। वजह है छात्रावास की दीवार से सटा पूर्व मंत्री और आपराधिक मामले में फरार घोषित अमरमणि त्रिपाठी का गैस गोदाम। पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरसिंह पाण्डेय ने उप जिलाधिकारी नौतनवा को शिकायती पत्र सौंपकर इस गैस गोदाम को तुरंत बंद कराने की मांग की है। पाण्डेय ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो लखनऊ कोचिंग अग्निकांड जैसी बड़ी घटना दोहराई जा सकती है, जहाँ 15 छात्रों की मौत हुई थी।

### छात्रावास से सटा बारूद का ढेर



शिकायत के मुताबिक, बाईपास पर मॉडर्न एकेडमी और राजीव गांधी फार्मेसी कॉलेज एक ही कैंपस में चलते हैं। सड़क पार कॉलेज का तीन मंजिला छात्रावास है। इसी छात्रावास की बगल में अमरमणि त्रिपाठी का गैस गोदाम धड़ल्ले से चल रहा है। सैकड़ों सिलेंडर का स्टॉक और दिनभर गाड़ियों की आवाजाही के बीच छात्र दहशत में हैं।

### नियमों की उड़ी धज्जियां

पेट्रोलियम नियमों के तहत स्कूल, कॉलेज, अस्पताल या घनी आबादी से तय दूरी पर ही गैस गोदाम की अनुमति दी जाती है। सवाल यह है कि छात्रावास की दीवार से सटे गोदाम को लाइसेंस कैसे मिला? 'एक चिंगारी पूरे हॉस्टल को लील सकती है। क्या प्रशासन 15-20 बच्चों की लाशें गिनने का इंतजार कर रहा है?' पाण्डेय ने आक्रामक लहजे में पूछा।स्ष्ठरूसे तीन मांगें गैस गोदाम की वैधता और सुरक्षा मानकों की तुरंत जांच हो। जांच पूरी होने तक गोदाम का संचालन फौरन बंद किया जाए। स्कूल-कॉलेज के पास भविष्य में ऐसे खतरनाक गोदामों को लाइसेंस न दिया जाए।

### अभिभावकों में आक्रोश, प्रशासन पर सवाल

मामला सामने आने के बाद अभिभावकों में भारी गुस्सा है। लोगों का आरोप है कि रसूख के दम पर बच्चों की जिंदगी दांव पर लगाई जा रही है। अब सबकी निगाहें स्ष्ठरू नौतनवा पर टिकी हैं कि वे नियमों के मुताबिक कार्रवाई करते हैं या रसूख के आगे झुकते हैं।

### अन्तर्राष्ट्रीय मद्य निषेध दिवस पर जन जागरूकता हेतु आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

आबकारी मंत्री प्रतिभागियों को देंगे पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र




**लखनऊः** अन्तर्राष्ट्रीय मद्य निषेध दिवस 26 जून, 2026 को उत्तर प्रदेश के मद्य निषेध विभाग द्वारा 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह, सहकारिता भवन के सभागार में 'मादक पदार्थो का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी अन्तर्राष्ट्रीय दिवस' के रूप में मनाया जायेगा एवं जन जागरूकता हेतु विविध कार्यक्रमों सहित सेमिनार व संगोष्ठी का भी आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नितिन अग्रवाल पूर्वाह्न 11:00 बजे से कार्यक्रम में प्रतिभाग कर 19 जून, 2026 को आयोजित प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान करेंगे। साथ ही विभाग की प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं स्मारिका का विमोचन भी करेंगे। सम्पर्क सूत्र- सी0एल0 सिंह

# सिद्धार्थनगर के सिंचाई विभाग में फर्जी भुगतान काः जांच शुरु



● जांच टीम पर शिकायतकर्ता ने लगाया लीपापोती का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के सिंचाई विभाग (ड्रेनेज खंड) में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) जनरेटेड फोटो का इस्तेमाल कर ?5 करोड़ का फर्जी भुगतान कराने के मामले की शिकायत के बाद शासन के निर्देश पर जांच शुरू हो गई है। जिले में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में कथित तौर पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में बानगंगा बैराज की नहर प्रणाली और उससे निकलने वाली सभी नहरों में सिल्ट सफाई और ढलान घास कटाई का सहित अन्य कई निर्माण कार्य एवं नहरों की सफाई कार्य ड्रेनेज खंड सिद्धार्थनगर को सौंपा गया था।

काम के नाम पर सिर्फ धोखा किया गया। जहां नहर सड़क को पार करती है, वहां मात्र 100 मीटर इधर-उधर ही सफाई कराई गई। बाकी लंबी- लंबी नहरें सिल्ट भरी हुई जैसी की तैसी छोड़ दी गई। स्थानीय निवासी जयंत्री पाण्डेय ने शिकायत की थी कि ड्रेनेज खंड सिद्धार्थनगर के अधिशासी अभियंता, सहायक अधिशासी अभियंता और जूनियर इंजीनियरों ने सिल्ट सफाई और अन्य कार्यों के नाम पर लगभग करोड़ों रुपए सरकारी धन का भारी भ्रष्टाचार और बंदरबांट किया गया है। सरकार की मंशा के उलट बड़े पैमाने पर पैसे का दुरुपयोग किया गया। शिकायतकर्ता ने मांग की थी कि इस पूरे मामले की जांच हो और दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित विभागीय कार्रवाई की जाए।

जयंत्री पांडेय ने 12 अप्रैल 2026 को जनसुनवाई (IGRS) सहित अन्य कई उच्चाधिकारियों को पत्र भेज कर शिकायत दर्ज कराई, जिसमें सहायक अभियंता चतुर्थ मालविका जैसल और अधिशासी अभियंता पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

आरोप है कि निविदा शर्तो का खुला उल्लंघन करते हुए बिना कोई वास्तविक काम किए सरकारी धन का गबन किया गया। ट्रेजरी से अवैध भुगतान, कार्यस्थल बदलना, हॉट मिक्स प्लांट और पेवर मशीन का इस्तेमाल न करना, और AI से फर्जी फोटो जेनरेट कर विभाग को गुमराह करना मुख्य आरोप है। यह आरोप लगाते हुए जयंत्री पांडेय ने कहा है कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग का ड्रेनेज खंड, सिद्धार्थनगर जिस तरह से फाइलों में हाईटेक AI तकनीकों से तैयार की गई फर्जी तस्वीरें लगाई गईं। इन तस्वीरों को असली दिखाकर परियोजनाओं का पूरा पैसा पास करा लिया गया। कागजों पर काम दिखाकर सरकारी खजाने से करोड़ों रुपए का फर्जी भुगतान हासिल किया गया। गुरुवार को जांच टीम ने घोटाले वाले स्थान पर जहां कार्य नहीं कराया गया है वह नहीं देखा गया बल्कि दूसरे जगह देखा गया है। शिकायतकर्ता जयंत्री पांडेय ने बताया की जांच टीम जहां टेंडर नोटिस था वहां न जाकर दूसरे जगह गए मात्र इस उद्देश्य से की जांच में लीपापोती किया जाए।

# दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट पर खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

» प्रदेशव्यापी विशेष अभियान में 489 छापे, 658 नमूने संग्रहित, 9.72 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के खाद्य पदार्थ जत
मानव उपभोग के लिए अनुपयुत 21.85 लाख रुपये मूल्य के खाद्य पदार्थों का कराया गया विनष्टीकरण

**लखनऊ।** प्रदेश में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने व्यापक स्तर पर विशेष औचक निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान चलाया। अभियान के दौरान दूध, खोया, पनीर, दही, घी तथा स्किम्ड मिल्क पाउडर सहित विभिन्न दुग्ध उत्पादों की निर्माण इकाइयों, बल्क मिल्क चिलिंग सेंटरों, थोक विक्रेताओं और गोदामों का निरीक्षण किया गया। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर संचालित इस अभियान में अधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत स्वच्छता, कच्चे माल की गुणवत्ता, अभिलेखों के रख-रखाव, पैकेजिंग एवं लेबलिंग मानकों तथा संभावित मिलावट की गहन जांच की।

अभियान के दौरान प्रदेशभर में कुल 489 स्थानों पर छापेमारी की गई तथा 658 खाद्य नमूने संग्रहित कर परीक्षण के लिए प्रयोगशालाओं को भेजे गए। इस कार्रवाई में 1398.42 क्विंटल खाद्य पदार्थ जब्त किए गए, जिनका अनुमानित मूल्य लगभग 9.72 करोड़ रुपये है। वहीं अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में भंडारित एवं मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाए गए 122.888 क्विंटल खाद्य पदार्थों का विनष्टीकरण कराया गया, जिनकी अनुमानित कीमत 21.85 लाख रुपये बताई गई है। सबसे बड़ी कार्रवाई कानपुर देहात में की गई, जहां भोले बाबा मिल्क फूड्स इंडस्ट्रीज में लेबलिंग एवं पैकेजिंग नियमों के उल्लंघन पर 1,31,175 किलोग्राम घी सीज किया गया। जब्त घी का अनुमानित मूल्य 9.45 करोड़ रुपये बताया गया है। साथ ही प्रतिष्ठान से 13 नमूने भी जांच के लिए लिए गए।

बागपत में मेरठ और गाजियाबाद से आने वाले वाहनों की जांच के दौरान अस्वच्छ परिस्थितियों में पाए गए क्रीम एवं पनीर के नमूने लिए गए तथा 820 किलोग्राम खाद्य पदार्थ नष्ट कराए गए। आगरा में कैंट रेलवे स्टेशन के निकट लावारिस अवस्था में मिले 4000 किलोग्राम अस्वच्छ खोये का विनष्टीकरण कराया गया, जिसकी कीमत लगभग 9 लाख रुपये आंकी गई है।

फिरोजाबाद में पनीर एवं घी निर्माण इकाइयों पर कार्रवाई करते हुए 510 किलोग्राम घी और 250 किलोग्राम पनीर जब्त किया गया। गौतमबुद्धनगर में डेयरी प्रतिष्ठानों से नमूने लेने के साथ 300 किलोग्राम अस्वच्छ पनीर नष्ट कराया गया। गाजियाबाद में विभिन्न डेयरी प्रतिष्ठानों से नमूने संग्रहित कर लगभग 4050 किलोग्राम खाद्य पदार्थ जब्त किए गए।

मथुरा में कल्लू डेयरी से पनीर एवं दूध के नमूने लिए गए तथा अस्वच्छ स्थिति में रखे 1200 किलोग्राम पनीर और 3000 लीटर दूध को नष्ट कराया गया। साथ ही डेयरी का लाइसेंस निलंबित कर उत्पादन कार्य बंद करा दिया गया। अमरोहा में उमंग डेयरी प्राइवेट लिमिटेड से स्किम्ड मिल्क पाउडर का नमूना लेते हुए 2850 किलोग्राम मिथ्याछाप खाद्य



पदार्थ जब्त किया गया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की सचिव एवं आयुक्त श्रीमती रोशन जैकब ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मिलावटखोरी और खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी रखी जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि छोटे एवं खुदरा कारोबारियों का अनावश्यक उत्पीड़न न हो तथा केवल नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध ही सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विभाग ने कहा है कि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

**सम्पर्क सूत्र- अजय द्विवेदी/शिखा अवस्थी**



## संक्षिप्त खबरें

### कमरौली पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 05 अभियुक्त गिरफ्तार

**कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 फरसा, 01 लाठी व 01 बांस का डंडा बरामद**




**कमरौली अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर विभिन्न धाराओं में थाना कमरौली जनपद अमेठी में वांछित 05 अभियुक्त/अभियुक्ता सहजराम पुत्र मधऊ उम्र करीब 62 वर्ष, पारसनाथ पुत्र सहजराम उम्र करीब 33 वर्ष, विष्णु पुत्र सहजराम उम्र करीब 20 वर्ष, बालक लाल पुत्र सहजराम उम्र करीब 29 वर्ष, लक्ष्मी पुत्री लल्लन उम्र करीब 18 वर्ष निवासीगण ग्राम पूरे मोलना मजरे बरसण्डा थाना कमरौली जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 फरसा, 01 लाठी तथा 01 बाँस का डंडा बरामद हुआ। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के संबंध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### सचल दस्ते ने लकड़ियों से भरा ट्रक पकड़ा, जांच में जुटी वन विभाग की टीम



**तालबेहट।** वन विभाग के सचल दस्ते ने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर कार्रवाई करते हुए लकड़ियों से भरे एक ट्रक को पकड़ लिया। ट्रक को आगे की कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। वन विभाग की टीम मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार वन विभाग के सचल दस्ता प्रभारी मनीष गौड़ ने एनएच-44 पर वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक संख्या आर0जे 14 जी.एच 8029 को रोककर जांच की। जांच के दौरान ट्रक में बड़ी मात्रा में लकड़ियां भरी मिलीं। दस्ते ने ट्रक को कब्जे में लेकर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। वन विभाग के अधिकारियों द्वारा लकड़ियों के स्रोत, परिवहन संबंधी दस्तावेजों तथा वैध अनुमति की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि तालबेहट तहसील क्षेत्र में हरे-भरे वृक्षों के कटान की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। वन विभाग की इस कार्रवाई को अवैध कटान और परिवहन पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### लखनऊ अग्निकांड के बाद जगा तहसील प्रशासन, दो लाइब्रेरी सील



**तालबेहट।** लखनऊ में हाल ही में हुई अग्निकांड की घटना के बाद स्थानीय प्रशासन भी सतर्क हो गया है। गुरुवार को एसडीएम अभिजीत सिंह, क्षेत्राधिकारी आशीष मिश्रा और कोतवाली प्रभारी अशोक वर्मा ने संयुक्त टीम के साथ नगर में संचालित संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाए जाने पर दो लाइब्रेरी को सील कर दिया गया। प्रशासनिक टीम ने नगर के पेट्रोल पंप क्षेत्र एवं अग्निहोत्री मार्केट में संचालित दो लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। जांच में दोनों संस्थानों में अग्निशमन संबंधी पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध नहीं पाए गए। साथ ही आवश्यक मानकों का पालन न किए जाने पर प्रशासन ने दोनों लाइब्रेरी को सील कर दिया। बताया जा रहा है कि नगर के सरफ़याना मुहल्ले, बड़ा बाजार, माताटीला तिराहा, नए बस स्टैंड समेत कई स्थानों पर संकरी गलियों में कोचिंग सेंटर और कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र संचालित हो रहे हैं। इनमें से कई संस्थान बिना पंजीकरण और बिना फायर विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के संचालित होने की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संकरी गलियों में संचालित संस्थानों में किसी भी आपात स्थिति के दौरान राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने ऐसे संस्थानों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।एसडीएम अभिजीत सिंह ने बताया कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के विरुद्ध जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# जल निगम की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, हजारों लीटर पेयजल बहकर बर्बाद

**● नगवास ग्राम पंचायत के पास कई दिनों से हो रहा पानी का रिसाव, ग्रामीणों ने की मरम्मत की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र अंतर्गत नगवास ग्राम पंचायत के पास जल निगम की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से हजारों लीटर पेयजल व्यर्थ बह रहा है। पाइपलाइन में हुए रिसाव के कारण लगातार पानी सड़क किनारे और आसपास के क्षेत्र में फैल रहा है, जिससे एक ओर जहां बहुमूल्य पेयजल की बर्बादी हो रही है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जल निगम की पाइपलाइन काफी समय से क्षतिग्रस्त है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा इसकी मरम्मत के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पाइपलाइन से लगातार पानी बहने के कारण बड़ी मात्रा में स्वच्छ पेयजल नष्ट हो रहा है।



बर्बाद होता पानी

गौरतलब है कि मौसम वैज्ञानिकों द्वारा अल नीनो प्रभाव के चलते देश के कई हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा होने की आशंका जताई जा रही है। ऐसे समय में जल संरक्षण की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है। विशेषज्ञ लगातार लोगों से पानी बचाने और जल स्रोतों के संरक्षण की अपील कर रहे हैं, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते कीमती पानी की बर्बादी चिंता का विषय बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि जल संरक्षण केवल आम लोगों की ही नहीं बल्कि संबंधित विभागों की भी जिम्मेदारी है। यदि समय रहते पाइपलाइन की मरम्मत नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में पानी की समस्या और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं जल निगम के अधिकारियों से शीघ्र संज्ञान लेकर क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत कराने तथा पेयजल की बर्बादी रोकने की मांग की है।

## सरकारी हैंडपंप से पानी भरने पर महिला को दी गालियां

**कोंच (जालौन)-** बसोव गांव में सरकारी हैंडपंप से पानी भरने पर बर्तन छीनकर फेंकने और गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए महिला ने एसडीएम से आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बसोव निवासी महिला ऊषा देवी पत्नि ज्ञान सिंह ने एसडीएम हेमंत कुमार पटेल को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गर्मी के दिनों में गांव में व्याप्त पेयजल संकट को लेकर अन्य तमाम ग्रामीणों की तरह वह भी सरकारी हैंडपंप से पानी भरकर अपनी जरूरत पूरी करती है। लेकिन गांव का एक दबंग परिवार पानी भरने में समस्या उत्पन्न करता है। महिला ने बताया कि बीते रोज वह पानी भर रही थी तभी उक्त दबंग व्यक्ति ने अपने बेटे और बहू के साथ मिलकर उसके बर्तन फेंक दिए और गाली गलौच कर उसे जान से मारने की धमकी दी, विरोध करने पर धक्का मारकर उसे नीचे जमीन पर गिरा दिया। मामले को लेकर पीड़ित महिला ने एसडीएम से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। एसडीएम ने जांच कर कार्यवाही किए जाने का भरोसा दिलाया है।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने प्रेस वार्ता कर किया आह्वान, देशभर से जुटेंगे समाज के प्रतिनिधि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 5 जून अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा आगामी 23 अगस्त 2026 को अयोध्या स्थित हनुमंत कथा मंडप, हनुमानगढ़ी में आयोजित होने वाले भव्य 'क्षत्रिय समागम 2026 - अयोध्या चलो' अभियान के संबंध में गुरुवार को यूपी प्रेस क्लब, लखनऊ में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य एवं समाज की व्यापक सहभागिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों ने बताया कि क्षत्रिय समाज की एकता, सामाजिक समरसता, शिक्षा, युवाओं के उत्थान तथा राजनीतिक एवं सामाजिक भागीदारी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस विशाल समागम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में देशभर से क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा, महिलाएं एवं बुद्धिजीवी वर्ग भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि समागम में शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सम्मान, युवाओं के नेतृत्व विकास तथा समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ




ही संगठन के विस्तार और समाज को एक मंच पर संगठित करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए जाएंगे। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से युवा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भरत प्रताप सिंह 'रिंकू', रंगा संग्राम सिंह, पंकज सिंह चौहान, मां भारती सेना/सर्वो समाज मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संदीप सिंह तथा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक प्रताप सिंह उपस्थित रहे। अंत में संगठन के पदाधिकारियों ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में अयोध्या पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने 'एक समाज - एक स्वर - एक संकल्प' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और इस ऐतिहासिक समागम में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की।

# भारत नेट उद्यमी योजना से युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर

**● बीएसएनएल ने शुरू की पहल, 50 प्रतिशत तक राजस्व साझेदारी और प्रशिक्षण की सुविधा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 25 जून भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के लखनऊ व्यापार क्षेत्र ने युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 'भारतनेट उद्यमी योजना' का शुभारंभ किया है। इस योजना के तहत युवा अपने गृह जनपद में रहकर कम पूंजी निवेश के साथ व्यवसाय शुरू कर सकेंगे। बीएसएनएल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, चयनित उद्यमियों को ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड (एफटीटीएच) सेवाओं के विस्तार के लिए नए उपभोक्ताओं को जोड़ने का कार्य सौंपा जाएगा। इसके लिए बीएसएनएल आकर्षक भुगतान व्यवस्था, तकनीकी सहयोग तथा आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा। अधिकारियों ने बताया कि यह योजना प्रधानमंत्री की डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की परिकल्पना को आगे बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन का प्रभावी माध्यम बनेगी। इच्छुक युवक एवं युवतियां ऑनलाइन पंजीकरण कर योजना से जुड़ सकते हैं।

बीएसएनएल के अनुसार, पंजीकरण के बाद उद्यमियों को अपनी ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क व्यवस्था स्थापित कर ब्रॉडबैंड सेवाएं उपलब्ध करानी होंगी। योजना के तहत लाभार्थियों को 50 प्रतिशत तक राजस्व (रेवेन्यू) शेयर दिया जाएगा। विभाग द्वारा उद्यमियों को कार्य प्रारंभ करने से पूर्व पूर्ण प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। लखनऊ व्यापार क्षेत्र में वर्तमान में लगभग 2,500 एफटीटीएच कनेक्शन ग्रामीण क्षेत्रों तथा 12,500 कनेक्शन शहरी क्षेत्रों में संचालित हैं। बीएसएनएल ने करीब दो लाख नए उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

विभाग के अनुसार, प्रारंभिक स्तर पर लगभग एक से डेढ़ लाख रुपये के निवेश से कार्य शुरू किया जा सकता है। 40 से 50 कनेक्शन उपलब्ध कराने के बाद उद्यमी को प्रतिमाह 15 से 20 हजार रुपये तक का राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। योजना में शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी बीएसएनएल के ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं तथा अधिक जानकारी के लिए विभाग द्वारा जारी संपर्क नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय एकता, भाईचारा एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने हेतु 27 जून को जिला एकीकरण समिति की बैठक

**जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में होगी बैठक**

**सोनभद्र /** उत्तर प्रदेश +जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी दिनेश कुमार ने अवगत कराया है कि जनपद में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 की जिला एकीकरण समिति की प्रथम त्रैमासिक बैठक दिनांक 27 जून, 2026 को अपराह्न 2:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, सोनभद्र में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष, जिला पंचायत, सोनभद्र द्वारा की जाएगी। बैठक में जनपद में राष्ट्रीय एकता, भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की भावना को और अधिक प्रोत्साहित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही सामाजिक सौहार्द, आपसी सद्भाव एवं शांतिपूर्ण वातावरण को बनाए रखने हेतु आवश्यक सुझावों एवं कार्ययोजनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक के दौरान जनपद में साम्प्रदायिक एकता एवं सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा भी की जाएगी तथा विभिन्न विभागों एवं संबंधित अधिकारियों से आवश्यक सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

## जिलाधिकारी ने पीएम स्वनिधि एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की

**● बैंक स्तर पर लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश, 30 जून तक स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित करने पर जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना (पीएम स्वनिधि) एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन, लंबित आवेदनों के निस्तारण तथा लक्ष्य पूर्ति की विस्तार से समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत बैंक स्तर पर लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिया कि सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों, जिला समन्वयकों तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 30 जून 2026 तक सभी लंबित पात्र आवेदनों को स्वीकृत कर ऋण वितरण की कार्रवाई पूर्ण की जाए, जिससे मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी एवं फुटपाथ विक्रेताओं को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है, इसलिए किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 की समीक्षा करते हुए जनपद में शेष 126 अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों, संबंधित उपजिलाधिकारियों तथा कार्य के लिए सूडा द्वारा नामित संस्था स्नो फाउंटेन को निर्देशित किया कि सभी अपूर्ण आवासों की नियमित निगरानी करते हुए उन्हें निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराया जाए। साथ ही ऐसे लाभार्थियों को चिन्हित किया जाए जिन्होंने योजना के अंतर्गत धनराशि प्राप्त करने के बावजूद आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं किया है। जिलाधिकारी ने ऐसे डिफॉल्टर लाभार्थियों के विरुद्ध नियमानुसार रिकवरी की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने निकाय एवं तहसील स्तर पर लंबित आवेदनों का शीघ्र सत्यापन एवं निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से योजना का लाभ



उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें और लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखते हुए नियमित समीक्षा की जाए तथा प्रत्येक स्तर पर प्रगति की मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/परियोजना निदेशक डूडा अमृता सिंह, उप जिलाधिकारी/परियोजना अधिकारी डूडा प्रीति तिवारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, समस्त जिला बैंक समन्वयक, समस्त शाखा प्रबंधक, सीएमएम एवं सीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शंकर गिरी बने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अमेठी कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने अपनी नई टीम की घोषणा की जिसमे शंकर गिरी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर अमेठी जनपद के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनके प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने की खबर मिलते ही कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा इसे संगठन के लिए एक सकारात्मक और मजबूत निर्णय बताया।बताया जाता है कि शंकर गिरी मूल रूप से वाराणसी के निवासी हैं और लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, कार्यशैली और समर्पण को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इससे पहले वह भाजपा उत्तर प्रदेश में मंत्री पद की जिम्मेदारी निभा रहे थे तथा संगठन विस्तार एवं कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।शंकर गिरी वर्तमान में अमेठी जनपद के प्रभारी भी हैं। अमेठी में संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और विभिन्न कार्यक्रमों के सफल संचालन में उनका विशेष योगदान माना जाता है। उनके नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा देखने को मिली है। यही कारण है कि प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने की सूचना मिलते ही अमेठी भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बन गया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि शंकर गिरी का संगठनात्मक अनुभव और कार्यकर्ताओं के प्रति उनका सहज व्यवहार उन्हें एक कुशल नेता बनाता है। पार्टी द्वारा उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी देना संगठन के लिए लाभकारी साबित होगा। कार्यकर्ताओं ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे अमेठी सहित पूरे प्रदेश में संगठन को और मजबूती मिलेगी।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला,वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला, मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, जिला



उपाध्यक्ष हिंदेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रभात शुक्ला , जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा एवं जिला मंत्री आशा बाजपेई ,जिला उपाध्यक्ष उपमा सरोज, वरिष्ठ भाजपा नेता रोहित पासी,वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र पांडे उर्फ बिल्लू पांडे सहित कई भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शंकर गिरी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी तथा बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने का कार्य तेज होगा।

## मारपीट की घटना में कार्यवाही न होने पर सीओ से लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** बच्चे का इलाज कराने जाते समय रास्ते में रोककर गाली गलौच कर मारपीट करने की घटना में शिकायती पत्र देने के बाद भी कोतवाली पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्रवाई न किए जाने से परेशान पीड़ित व्यक्ति ने सीओ से शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तूमरा निवासी धर्मेंद्र दोहरे ने सीओ परमेश्वर प्रसाद को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 31 मई की रात करीब साढ़े 9 बजे वह अपने बीमार बच्चे का इलाज कराने जा रहा था। रास्ते में कार और बाइक लिए खड़े गांव के ही कुछ दबंगों ने उसे रोक लिया और गाली गलौच कर उसके साथ मारपीट की। शोरगुल सुनकर गांव के कुछ लोगों को आता देख उक्त दबंग जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए थे। धर्मेंद्र ने बताया कि मारपीट में वह घायल हो गया था। अगले ही दिन एक जून को उसने घटना के बाबत लिखित शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया था लेकिन अभी तक पुलिस ने न तो रिपोर्ट दर्ज की और न ही आरोपियों को पकड़ा है। धर्मेंद्र ने सीओ से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। सीओ ने जांच कर कार्यवाही किए जाने का भरोसा दिलाया है।

### रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने से सनसनी, ट्रेन से कटकर मौत की आशंका

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के थाना गांव रेलवे ट्रैक पर बुधवार को एक 25 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक की ट्रेन से कटकर मौत होने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान रविंद्र यादव (25) पुत्र चंद्रभान यादव निवासी थाना गांव मजरा टपरियन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अज्ञात कारणों के चलते युवक रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया, जहां ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि शव दो हिस्सों में बंट गया। घटना की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## 10 साल बाद जेल से लौटी तुलसी, क्या बिखरते शांतिनिकेतन को फिर से जोड़ पाएगी?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी।

**ब्यूरो प्रयागराज।** सास भी कभी बहू थी अब अपने सबसे भावुक और बड़े मोड़ में प्रवेश करने जा रही है। कहानी में 10 साल का लीप आने वाला है, जो अपने साथ टूटे रिश्ते, बिखरे परिवार और कई अनसुलझे सवाल लेकर आएगा। एक दशक जेल में बिताने के बाद तुलसी विरानी आखिरकार शांतिनिकेतन लौटती है। लेकिन जिस परिवार को उसने कभी प्यार और एकता के धागे में बांधकर रखा था, वह अब पहले जैसा नहीं रहा। उसके दोनों बेटे, करण और गौतम, आज एक-दूसरे के आमने-सामने खड़े हैं, जिससे परिवार के भीतर भावनाओं और रिश्तों का बड़ा टकराव देखने को मिलेगा।

करण का किरदार निभा रहे हितेन तेजवानी के लिए भी तुलसी की वापसी कई पुराने जख्म और अनकहे सवालों को फिर से सामने ले आती है। जहां एक तरफ करण अपनी भावनाओं से जूझ रहा है, वहीं तुलसी को इस सच्चाई का सामना करना पड़ता है कि शांतिनिकेतन अब वह घर नहीं रहा, जिसकी एकता को बचाने के लिए उसने अपनी पूरी जिंदगी लगा दी थी। क्या तुलसी एक बार फिर विरानी परिवार को साथ ला पाएगी? इस अहम ट्रैक के बारे में बात करते हुए हितेन तेजवानी ने कहा, 'शांतिनिकेतन में अब आपके लिए कोई जगह नहीं है '।



अपनी तुलसी मां से ये कहना करण के लिए शायद सबसे मुश्किल पलों में से एक था। उसने कभी नहीं सोचा था कि उसे ऐसा कहना पड़ेगा। 10 साल बाद तुलसी मां जेल से लौटती हैं, लेकिन उनकी वापसी उनके जीवन का सबसे बड़ा झटका लेकर आती है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी का यह अब तक का सबसे भावुक एपिसोड्स में से एक होने वाला है।

करण के लिए तुलसी मां हमेशा वह शख्स रही हैं, जिन पर उसे सबसे ज्यादा भरोसा था और जिन्हें वह बेहद सम्मान देता था। लेकिन उनकी वापसी उसे उन भावनाओं और सवालों का सामना करने पर मजबूर कर देती है, जिनके बारे में उसने कभी सोचा भी नहीं था। इस ट्रैक की सबसे खास बात यह है कि यह सिर्फ करण के गुस्से की कहानी नहीं होगी, बल्कि एक ऐसे बेटे की कहानी होगी जो टूटे दिल, निराशा और अनगिनत सवालों से जूझ रहा है। यही बात दर्शकों को भी भावुक कर देगी।

दर्शकों को भावनाओं से भरा एक रोमांचक ट्रैक देखने को मिलेगा, जहां करण और गोमजी परिवार और तुलसी की जगह को लेकर दो अलग राहों पर खड़े नजर आएंगे। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या तुलसी मां शांतिनिकेतन की दरारों को भरकर विरानी परिवार को एक बार फिर एकजुट कर पाएंगी? ' सास भी कभी बहू थी, हर दिन रात 10:30 बजे सिर्फ स्टार प्लस पर और किसी भी वक्त जियोहॉटस्टार पर भी देखा जा सकता है।

# तकनीक के नाम पर हजारों परिवारों की आजीविका से खिलवाड़ स्वीकार नहीं: जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अकबरपुर, कानपुर देहात।** पंजीयन व्यवस्था के निजीकरण एवं पूर्ण ऑनलाइनकरण के विरोध में अधिवक्ता समिति अकबरपुर द्वारा 18 जून से चल रहे धरना कार्यक्रम में पहुंचकर जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात के अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने अपना समर्थन व्यक्त किया। अपने संबोधन में जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि संपत्ति की रजिस्ट्री केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि नागरिकों के संवैधानिक, विधिक एवं संपत्ति संबंधी अधिकारों से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। इसे निजी हाथों में सौंपने अथवा निजी एजेंसियों पर निर्भर बनाने का कोई भी प्रयास आम जनता, अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों, स्टाम्प विक्रेताओं, मुंशियों तथा इस व्यवस्था से जुड़े हजारों परिवारों के हितों के प्रतिकूल है।

जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि हम तकनीक और आधुनिकीकरण के विरोधी नहीं हैं, किंतु ऐसी किसी भी व्यवस्था का पुरजोर विरोध करते हैं जो जनता की वास्तविक सुविधाओं की अनदेखी कर रोजगार के अवसरों को समाप्त करने का माध्यम बन जाए। तकनीक का उद्देश्य व्यवस्था को सशक्त बनाना होना चाहिए, न कि वर्षों से स्थापित विधिक एवं सामाजिक संरचना को कमजोर करना। उन्होंने कहा कि वर्तमान ऑनलाइन पंजीयन व्यवस्था जनहित, रोजगार सुरक्षा तथा नागरिकों की व्यावहारिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रतीत नहीं होती। प्रदेश में पहले से ही रोजगार के अवसर सीमित होते जा रहे हैं। ऐसे समय में यदि शासन पंजीयन व्यवस्था के निजीकरण एवं पूर्ण ऑनलाइनकरण के माध्यम से अधिवक्ताओं, उनसे जुड़े मुंशियों, दस्तावेज लेखकों, स्टाम्प विक्रेताओं तथा इस व्यवस्था पर आश्रित हजारों परिवारों की आजीविका को प्रभावित करने का कार्य करता है, तो यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंताजनक होगा।

जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात के महामंत्री नरेन्द्र सिंह सेंगर ने शासन को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि बिना व्यापक विचार-विमर्श, जमीनी परिस्थितियों के समुचित आकलन तथा अधिवक्ताओं,



दस्तावेज लेखकों, स्टाम्प विक्रेताओं एवं अन्य हितधारकों की सहमति के लागू की गई यह व्यवस्था स्वीकार्य नहीं है। सरकार को इस विषय पर पुनर्विचार कर सभी संबंधित पक्षों के साथ संवाद स्थापित करना चाहिए तथा ऐसा समाधान प्रस्तुत करना चाहिए जिससे नागरिकों की सुविधा भी बनी रहे और हजारों लोगों की आजीविका पर संकट भी न आए। जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात के पूर्व अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने कहा कि अधिवक्ता समाज केवल अपने हितों की नहीं, बल्कि आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहा है। किसी भी व्यवस्था को लागू करने से पूर्व उसके दूरगामी परिणामों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### मातृशक्ति को कानूनी अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक



**सीतापुर-** लहरपुर जिला जज/अध्यक्ष आशीष जैन के आदेशानुसार एवं आलोक यादव, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) सीतापुर के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सुल्तानपुर तकिया में मातृशक्ति के साथ विधिक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी रहमत अंसारी ने उपस्थित महिलाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर, निराश्रित, महिला, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन तथा अन्य पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा से संरक्षण, बाल विवाह निषेध, दहेज प्रतिषेध, लैंगिक समानता तथा बच्चों के अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकार मित्र उर्मिला ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर निःशुल्क सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विधिक विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका संतोषजनक समाधान किया गया। उपस्थित महिलाओं ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को समाज के लिए उपयोगी बताते हुए नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को कानूनी रूप से सशक्त बनाना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा न्याय तक उनकी सहज पहुंच सुनिश्चित करना रहा।

### खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग, ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत



**मिश्रिख (सीतापुर)।** तहसील मिश्रिख क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर में ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है।लंबे समय से ओवरलोड चल रहे विद्युत ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी मिश्रिख से शिकायत की है । ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लगा ट्रांसफार्मर वर्तमान आवश्यकता के अनुरूप क्षमता नहीं रखता, जिससे आए दिन बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने के कारण ट्रांसफार्मर पर अत्यधिक भार पड़ रहा है। इसके चलते बार-बार फाल्ट होने से ट्रांसफार्मर खराब हो रहा है।और बिजली कटौती की समस्या बनी रहती है। इससे घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ किसानों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि वर्तमान स्थिति से ग्रामीणों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है और यह समस्या जनहित से जुड़ी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से विद्युत विभाग को आवश्यक निर्देश जारी कर गांव में अधिक क्षमता वाला नया ट्रांसफार्मर स्थापित कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए विवश होना पड़ सकता है। उपजिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र पर गांव के शुभम पांडेय,जमील अली,राजन सिंह,मनोज कुमार पांडेय,गोकरण प्रसाद,संजय सिंह,छोटेलाल त्रिवेदी, पंकज पांडेय, रमेश, रामप्रकाश सहित दर्जनों लोगों के हस्ताक्षर भी मौजूद हैं।अब देखना ये है कि प्रशासन क्या कदम उठाता है।

### निर्जला एकादशी पर श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर तालाबपुरा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**ललितपुर।** निर्जला एकादशी (ग्यारस) के पावन अवसर पर तालाबपुरा स्थित श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में भगवान श्री लक्ष्मी नृसिंह के दर्शन और पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगल कामना की। मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चों ने भाग लिया। भक्तों ने निर्जला व्रत रखकर भगवान विष्णु की आराधना की तथा धर्म लाभ अर्जित किया। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंदिर समिति और स्वयंसेवकों द्वारा विशेष प्रबंध किए गए। दिनभर मंदिर में धार्मिक वातावरण बना रहा और जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

## संविधान हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा है, इसकी रक्षा करना हम सभी का दायित्व है- केशव प्रसाद मौर्य

**● आपातकाल जैसे काले अध्याय की पुनरावृत्ति कभी नहीं होने देंगे -उप मुख्यमंत्री**

**संविधान की रक्षा, लोकतंत्र की मजबूती और राष्ट्रहित के लिए सरकार समर्पित भाव से कार्य कर रही**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संविधान हत्या दिवस के अवसर पर कहा कि 25 जून, 1975 की मध्य रात्रि को देश पर आपातकाल थोप दिया गया था, जो भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक काला अध्याय है। उस दौरान देशवासियों के मौलिक अधिकारों का हनन किया गया, लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता को प्रभावित किया गया और असहमति की आवाजों को दबाने का कार्य किया गया। मौर्य ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान है, जो प्रत्येक नागरिक को अधिकार, समानता और सम्मान के साथ जीवन जीने की गारंटी देता है। संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने इसे देश की जनता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बनाया था, लेकिन आपातकाल के दौरान इसी संविधान का सहारा लेकर जनता के अधिकारों को कुचलने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि आपातकाल के काले दिनों को देश कभी नहीं भूल सकता। लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों का त्याग, साहस और समर्पण सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी लोकतंत्र सेनानियों ने विपरीत परिस्थितियों में भी लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1975 में तत्कालीन सरकार ने सत्ता के अहंकार में देश पर आपातकाल लगाया और लोकतांत्रिक मूल्यों पर गंभीर प्रहार किया। प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाया गया और हजारों लोकतंत्र समर्थकों को जेलों में बंद किया गया। संविधान हत्या दिवस हमें उस दौर की याद दिलाता है और लोकतंत्र की मजबूती के लिए सतर्क रहने की प्रेरणा देता है। मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार संविधान की भावना के अनुरूप कार्य कर रही है। वर्ष 2017 से उत्तर प्रदेश में चल रही डबल इंजन की सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ बिना किसी भेदभाव के प्रदेश के विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में ऐसा वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की गरिमा को सर्वोच्च स्थान प्राप्त हो। आपातकाल जैसे दिन देश और प्रदेश में दोबारा नहीं आने दिए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प में हर युवा के लिए अवसर, हर गरीब के लिए सम्मानजनक जीवन और प्रत्येक नागरिक के लिए विकास की समान भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा दिए गए संविधान की शक्ति से आज देश की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का ऐतिहासिक कार्य किया गया है। मौर्य ने कहा कि जनता से बड़ी कोई शक्ति नहीं होती। हमारा संविधान ही वह शक्ति देता है, जिसके माध्यम से देश का प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर ग्राम प्रधान, नगर निकाय प्रतिनिधि, विधायक और सांसद का चुनाव करता है। लोकतंत्र की यही ताकत भारत को विश्व में विशिष्ट स्थान प्रदान करती है।

**सम्पर्क सूत्र- बी0एल0 यादव**

## 06 जुलाई 2026 को होगी राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश की बैठक-सचिव राज्य परिवहन प्राधिकरण




**लखनऊः** राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश की बैठक 06 जुलाई 2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, टेहरी कोठी, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ में सम्पन्न होगी। यह जानकारी देते हुए सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश ने बताया कि उक्त बैठक में परमिटों के नवीनीकरण एवं हस्तान्तरण हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्रों, नये परमिटों के आवेदन पत्रों, मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा-86 के अंतर्गत परमिटों को निरस्त/ निलम्बित करने की कार्यवाही एवं अन्य तात्कालिक प्रकरणों पर विचार किया जायेगा। संबंधित व्यक्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

**सम्पर्क सूत्र- आशीष सिंह**

## खराब ट्रक से टकराई बुलेट, मामा की मौत; भांजा गंभीर घायल

**● निमत्रंण से वापस लौटते समय हुआ हादसा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** बाँदा-बहराइच हाईवे पर बुधवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार बुलेट बाइक सड़क किनारे खड़े खराब ट्रक से पीछे से जा भिड़ी। सरेनी थाना क्षेत्र के गाजियापुर गेगासों क्रॉसिंग निवासी सर्वेश मौर्य (40) पुत्र भिखारीलाल मौर्य अपने भांजे आयुष मौर्य (22) पुत्र विजय के साथ बाल्हेमऊ में आयोजित निमंत्रण कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे। रात करीब साढ़े दस बजे सेमरपहा गांव के पास उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े खराब ट्रक से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बुलेट बाइक का अगला हिस्सा ट्रक की बॉडी के नीचे तक घुस गया। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद सर्वेश मौर्य को मृत घोषित कर दिया। वहीं आयुष मौर्य को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक सर्वेश मौर्य चार भाइयों में सबसे छोटे थे। वह गेगासों क्रॉसिंग पर बीज भंडार की दुकान चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। घायल आयुष मौर्य मूल रूप से भोपाल का रहने वाला है और ननिहाल में रहकर डलमऊ में निजी नौकरी करता है। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी शशि मौर्य, पुत्र सात्विक और पुत्री अरुणा का रो-रोकर बुरा हाल है। बड़े भाई राजेंद्र, विजय बहादुर उर्फ झूरी और राजेश सहित अन्य परिजन सदमे में हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की जांच की जा रही है।

## युवा पर्यटन क्लब की गतिविधियों को सफलता पूर्वक संचालित करने के लिए 03 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत

**● अब तक 75 जनपदों में 1500 से अधिक युवा पर्यटन क्लबों का गठन- जयवीर सिंह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊः** युवा पर्यटन क्लब के अंतर्गत की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालन करने के लिए 03 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। युवा पर्यटन क्लब का मुख्य उद्देश्य युवाओं को पर्यटन राजदूतों के रूप में विकसित करना है। इन पर्यटन क्लबों की प्राकृतिक संपदा के संरक्षण, सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। युवा पर्यटन क्लबों में विभिन्न स्कूलों एवं कालेजों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शामिल किया गया है। अब तक 75 जनपदों में 1500 से अधिक युवा पर्यटन क्लब गठित करते हुए 30 हजार से अधिक विद्यार्थियों को जोड़ा गया है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि युवा पर्यटन क्लबों द्वारा रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों में पर्यटन के प्रति रूचि जगाने के साथ ही रचनात्मक कार्यों को प्रोत्साहित और सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। उ0प्र0 में पर्यटन के क्षेत्र में तीव्र गति से विकास हो रहा है। युवाओं के लिए इस क्षेत्र में कैरियर की असीम संभावनायें हैं। इसी दृष्टिकोण से पर्यटन विभाग अधिक से अधिक युवाओं को पर्यटन से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पर्यटन सेक्टर में युवा शक्ति के आने से पर्यटन में और तेजी से विकास होगा। इसके साथ ही देश प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अधिक मजबूती मिलेगी।

जयवीर सिंह ने बताया कि उ0प्र0 केवल आस्था का केन्द्र नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, अध्यात्मिक परम्परा और ज्ञान-विरासत का प्रतिनिधि प्रदेश है। इसलिए पर्यटन विकास को केवल आधारभूत ढ़ाचे तक सीमित न रखकर इसे सांस्कृतिक पुनर्जागरण, स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान से जोड़कर आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नई गति देने के लिए प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में आस्था स्थलों को सहेजा जा रहा है। इससे स्थानीय उत्पादों हस्तशिल्प, पारम्परिक कला, खानपान एवं सेवा सेक्टर को व्यापक अवसर प्राप्त होगा। इसको आगे बढ़ाने में पर्यटन क्लबों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। **सम्पर्क सूत्र- केवल**

## पटेल नगर प्रीमियर लीग का शुभारंभ, 16 टीमों ने कराया पंजीकरण

**बिसवां, सीतापुर।** पटेल नगर में आयोजित होने जा रही पटेल नगर प्रीमीयर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। प्रतियोगिता का आयोजन मौसम रस्तोगी एवं मोहम्मद आज़म के नेतृत्व में किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने अपना पंजीकरण कराया है। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी कृतिन जायसवाल को आमंत्रित किया गया है। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा खेल भावना को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों में दुष्यंत सिंह इलेवन के कप्तान हर्ष ब्रावो तथा विमल टाइगर इलेवन के कप्तान विमल शामिल हैं। दुष्यंत सिंह इलेवन की टीम में अतुल यादव, दुष्यंत सिंह, आयुष, अर्पित, आदि, शैलेंद्र, अमन और बृजेश जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं विमल टाइगर इलेवन में अंकित, नाग, विशाल, सद्दाम, अभिषेक, आयुष, तन्नू और विभु अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। प्रतियोगिता के दौरान रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद जताई जा रही है।

## पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की 'छात्रावास निर्माण योजना' के अन्तर्गत 06 छात्रावासों का निर्माण कार्य पूर्ण

**●ओ0बी0सी0 छात्र-छात्राओं को शीघ्र ही शैक्षिक आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग के निर्धन छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छात्रावास निर्माण एवं छात्रावास अनुरक्षण योजनाओं को संचालित किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के पिछड़े वर्ग के निर्धन छात्र-छात्राओं को उच्च गुणवत्ता युक्त सुरक्षित, सुविधाजनक एवं अनुकूल शैक्षिक आवासीय वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। उ0प्र0 सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 20 करोड़ रूपये के बजट की व्यवस्था की गयी है। योजनान्तर्गत राजकीय शिक्षण संस्थाओं में छात्राओं के छात्रावास हेतु केंद्र व राज्य का अनुपात 90:10 तथा छात्रों के छात्रावास हेतु 60:40 अनुपात निर्धारित किया गया है। इसमें कुल 33 प्रतिशत छात्रावासों का निर्माण छात्राओं के लिए आरक्षित है। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि विभाग द्वारा अब तक कुल 102 छात्रावासों का निर्माण कराया जा चुका है, जिनमें 59 छात्रों हेतु और 43 छात्राओं के लिए, जिनकी कुल क्षमता 5400 की है। विगत वर्ष 2013 छात्र-छात्राओं द्वारा इसका लाभ उठाया गया। वित्तीय वर्ष 2026-27 में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा छात्रावास निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा बैठक में मंत्री जी को बताया गया कि राजकीय पॉलिटेक्निक, हण्डिया (प्रयागराज), राजकीय के.जी.के. होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज (मुरादाबाद), काशी नरेश राजकीय महाविद्यालय, ज्ञानपुर (संत रविदास नगर), सर्वोदय इंटर कॉलेज, मिहीपुरवा (बहराइच), लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय (गोण्डा), वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (महोबा) में निर्माण कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। राजकीय इंटर कॉलेज (हमीरपुर) में निर्माण कार्य 90 प्रतिशत, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक (लखनऊ) का निर्माण कार्य 85 प्रतिशत और फैज-ए-आम इंटर कॉलेज (मेरठ) का निर्माण कार्य 70 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है, जिसको जुलाई 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कश्यप ने बताया कि उ0प्र0 सरकार ने पूर्व में निर्मित छात्रावासों के रख-रखाव एवं मरम्मत की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए 'छात्रावास अनुरक्षण योजना' वर्ष 2023-24 से आरम्भ की है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 05 करोड़ रूपये बजट का प्राविधान किया गया है। उन्होंने विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी निर्माण और अनुरक्षण कार्यों की निरंतर और नियमित मॉनीटरिंग करें साथ ही निर्धारित समय-सीमा में निर्माण कार्य गुणवत्ता व मानक के अनुरूप पूर्ण कराने को सुनिश्चित करें ताकि छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षिक आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। निर्माण व अनुरक्षण कार्य में किसी भी स्तर पर गुणवत्ता के साथ समझौता न किया जाए। उत्तर प्रदेश सरकार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है तथा छात्रावास संबंधी योजनाओं के माध्यम से सामाजिक एवं शैक्षिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

**सम्पर्क सूत्र- मो0 इकबाल खॉ**

## अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता जन-जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण

**● जुलाई माह में जांच कर कार्रवाई करने व प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के दिए निर्देश**

**बस अड्डों, प्रमुख मार्गों, टोल प्लाजा, जनपद सीमाओं तथा अन्य उपयुक्त स्थानों पर सघन जांच किया जाए-दयाशंकर सिंह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने स्लीपर बसों, स्कूल बसों, स्टेज कैरिज बसों एवं कान्ट्रैक्ट कैरिज बसों में अग्निशमन यंत्र की उपलब्धता एवं कार्यशीलता सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता एवं जिम्मेदारी भी है। हाल ही में लखनऊ में एक चार मंजिला कॉम्प्लेक्स में भीषण आग लगने की गंभीर घटना घटित होने के उपरान्त स्पष्ट है कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशीलता जन-जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। परिवहन मंत्री ने कहा है कि यात्री वाहनों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक यात्रा करते हैं। ऐसी स्थिति में वाहनों में अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता एवं उनकी प्रभावशीलता सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे किसी भी आकस्मिक अग्नि दुर्घटना की स्थिति में प्रारम्भिक स्तर पर आग पर नियंत्रण स्थापित कर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।केन्द्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 के नियम-128 के उपनियम (13) (3) के अनुसार प्रत्येक पर्यटक यान अग्निशमन यंत्र (जो ड्राई पाउडर टाइप हो और इंजन कक्ष के पास लगा हो) से सुसज्जित होना आवश्यक है। परिवहन मंत्री ने स्कूल बसों की विशेष जांच करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि आगामी 1 जुलाई से सभी शैक्षणिक संस्थान खुलेंगे। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्कूल बसों के संचालन हेतु निर्गत सुरक्षा मानकों के अन्तर्गत भी अग्निशमन यंत्र की उपलब्धता अपेक्षित है। परिवहन मंत्री ने जुलाई माह में संपूर्ण प्रदेश में व्यापक अभियान चला कर जांच की कार्रवाई करने एवं प्रतिदिन इसकी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि समस्त स्लीपर बसों, स्कूल बसों, स्टेज कैरिज बसों एवं कान्ट्रैक्ट कैरिज बसों की मोटर वाहन निरीक्षक/एटीएस सेन्टर द्वारा फिटनेस जाँच के समय अग्निशमन यंत्र की उपलब्धता, क्षमता, वैधता, कार्यशीलता एवं वाहन में उसके उचित स्थान पर स्थापित होने का विशेष रूप से परीक्षण किया जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि अग्निशमन यंत्र निर्धारित अवधि के भीतर रिफिल/सर्विस किया गया हो तथा उस पर अंकित वैधता अवधि समाप्त न हुई हो। जिन वाहनों में अग्निशमन यंत्र उपलब्ध न हो अथवा अग्निशमन यंत्र कार्यशील अवस्था में न पाया जाये अथवा उसकी वैधता समाप्त हो चुकी हो, ऐसे वाहनों की कमियों के निराकरण तक फिटनेस प्रमाण-पत्र निर्गत न किया जाये तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाये। परिवहन मंत्री ने समस्त प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा विशेष अभियान चलाकर बस अड्डों, प्रमुख मार्गों, टोल प्लाजा, जनपद सीमाओं तथा अन्य उपयुक्त स्थानों पर उपरोक्त श्रेणी के वाहनों की सघन जांच करने के निर्देश दिए हैं। जांच के दौरान अग्निशमन यंत्र न पाये जाने अथवा निर्धारित मानकों के अनुरूप न होने की स्थिति में मोटरयान अधिनियम, 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 के प्रासंगिक प्रावधानों के अन्तर्गत प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। विशेष रूप से स्लीपर बसों की जांच करते समय आपातकालीन निकास, हैमर, अग्निशमन यंत्र, विद्युत वायरिंग एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की भी जांच की जाये। स्कूल बसों की जांच के दौरान अग्निशमन यंत्र के अतिरिक्त सुरक्षा मानकों के अनुपालन का भी सत्यापन किया जाये, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि सभी क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा वाहन स्वामियों, बस संचालकों, यूनियन पदाधिकारियों, परिवहन कम्पनियों एवं विद्यालय प्रबन्धनों को अग्नि सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरुक करते हुए अग्निशमन यंत्रों के नियमित अनुरक्षण एवं समयबद्ध परीक्षण हेतु निर्देशित किया जाये। परिवहन आयुक्त श्री आशुतोष निरंजन ने परिवहन मंत्री के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को आदेश जारी किए है। उन्होंने कहा है कि सभी अधिकारी अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन), उत्तर प्रदेश को प्रतिदिन की कार्रवाई का विवरण उनकी ईमेल- 'जबमण्नच/दपबण्पद पर उपलब्ध कराएं।

**सम्पर्क सूत्र-आशीष सिंह**

## विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव; मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

**● आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर मे काटा हंगामा,पुलिस से नोकझोंक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के सोहाईबाग मजरे आलमपुर मोहल्ले में गुरुवार को एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर की पहली मंजिल पर बने कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार शिवानी (27) पत्नी वरुण आर्या का शव कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। बताया जा रहा है कि घटना के समय पति और परिवार के अन्य सदस्य नीचे मौजूद थे। कुछ देर बाद जब पति वरुण ऊपर पहुंचा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज लगाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां शिवानी फंदे से लटकी मिली। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष के लोग अस्पताल पहुंच गए और उन्होंने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इस दौरान पुलिस और मृतका के परिजनों के बीच नोकझोंक भी हुई। बताया गया कि शिवानी की शादी 1 दिसंबर 2025 को हुई थी और अभी विवाह को छह माह ही हुए थे। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने आक्रोशित परिजनों को समझाकर शांत कराया।बताया कि पति, सास, ससुर और ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लखनऊ अग्निकांड के मृत छात्रों की स्मृति में बिसवां में कैंडिल मार्च



**बिसवां (सीतापुर)।** लखनऊ के कोचिंग सेंटर अग्निकांड में मृत छात्रों को श्रद्धांजलि देने के लिए बुधवार शाम पत्थर शिवाला परिसर से कैंडिल मार्च निकाला गया। इससे पूर्व आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। मार्च में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने भाग लेकर हादसे पर शोक व्यक्त किया। इस दौरान कैथी टोला निवासी छात्र आदित्य श्रीवास्तव को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिनकी अग्निकांड में मृत्यु हो गई थी। उपस्थित लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## जनसुनवाई में मंत्री ए.के. शर्मा ने सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**● बिजली, पानी, सफाई, सीवर और आवास संबंधी मामलों पर मंत्री**

**ए.के. शर्मा सख्त, समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग से संबंधित मामलों की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर पहुंचे। इनमें नगर निकायों की सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सीवर एवं जल निकासी की समस्याएं, विद्युत कनेक्शन, ट्रांसफार्मर स्थापना एवं क्षमता वृद्धि, विद्युत आपूर्ति से जुड़े प्रकरण, आवास योजनाओं के लाभ, सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था सहित विभिन्न जनसुविधाओं से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से शामिल रहीं। मंत्री शर्मा ने एक-एक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने तथा शिकायतकर्ताओं को यथाशीघ्र राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनसुनवाई केवल शिकायत सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच सीधे संवाद तथा विश्वास को मजबूत करने का प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के



समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत आपूर्ति, नए कनेक्शन, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि तथा अन्य तकनीकी मामलों से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए।

वहीं नगर विकास विभाग के अधिकारियों को सफाई, पेयजल, सीवर, जलभराव, आवास एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**सम्पर्क सूत्र- प्रवीण मालवीय**

## गंगा एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर से टकराई बाइक, एसी मैकेनिक गंभीर रूप से घायल

**लालगंज (रायबरेली)।** गंगा एक्सप्रेसवे पर मेरुई गांव के निकट बुधवार देर शाम एक बाइक सवार एसी मैकेनिक की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे यूपीडा की एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।अयोध्या जनपद के इनायत नगर क्षेत्र के बारून बाजार निवासी मोहम्मद अमजद गंगा एक्सप्रेसवे पर निर्माणाधीन ट्रांजिट रेस्ट हाउस के शौचालय में एसी लगाने का कार्य कर रहे थे। बुधवार शाम वह बाइक से किसी काम से निकले थे। मेरुई गांव के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे के डिवाइडर से टकरा गई। इससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही यूपीडा की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। इसके कारण उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। सीएचसी की इमरजेंसी में तैनात डॉ. गौरव पांडे ने बताया कि घायल की हालत नाजुक थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# भारतीय महर्षि सुश्रुत को वैश्विक सम्मान

मानव सभ्यता के इतिहास में कुछ ऐसे व्यक्तित्व होते हैं जिनका योगदान समय, भूगोल और संस्कृति की सीमाओं को पार कर संपूर्ण मानवता की धरोहर बन जाता है। भारतीय चिकित्सा परंपरा के महान आचार्य महर्षि सुश्रुत ऐसे ही व्यक्तित्वों में शामिल हैं। चिकित्सा विज्ञान, विशेष रूप से शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में उनका योगदान इतना व्यापक और दूरदर्शी माना जाता है कि उन्हें विश्वभर में शल्य चिकित्सा का जनक कहा जाता है। लगभग 2600 वर्ष पूर्व उन्होंने जिस वैज्ञानिक दृष्टि, व्यावहारिक ज्ञान और चिकित्सा कौशल का परिचय दिया था, वह आज भी चिकित्सा इतिहास के विद्वानों और आधुनिक चिकित्सकों को प्रभावित करता है। इसी ऐतिहासिक महत्व को स्वीकार करते हुए जून 2026 में स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग स्थित रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स में उनकी कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह केवल एक प्रतिमा की स्थापना नहीं थी, बल्कि विश्व चिकित्सा इतिहास में भारत के योगदान की एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मान्यता थी।

एडिनबर्ग का यह प्रतिष्ठित संस्थान विश्व के सबसे पुराने और सम्मानित शल्य चिकित्सा संस्थानों में से एक माना जाता है। चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण और शल्य विज्ञान के विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे संस्थान के परिसर में महर्षि सुश्रुत की प्रतिमा की स्थापना इस तथ्य का प्रमाण है कि आधुनिक चिकित्सा जगत अब विज्ञान और चिकित्सा के इतिहास को अधिक व्यापक दृष्टिकोण से देख रहा है तथा उन प्राचीन सभ्यताओं के योगदान को भी उचित सम्मान दे रहा है जिन्होंने मानव ज्ञान की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतिमा की स्थापना में भारतीय मूल के प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक प्रोफेसर चंद्र चेरुघु और उनके परिवार की विशेष भूमिका रही, जिनके प्रयासों से यह ऐतिहासिक सम्मान संभव हो सका।

महर्षि सुश्रुत का जीवन भारतीय ज्ञान परंपरा की वैज्ञानिक ऊंचाइयों का प्रतिनिधित्व करता है। माना जाता है कि वे लगभग 600 ईसा पूर्व के आसपास हुए थे। उस समय संसार के अनेक क्षेत्रों में चिकित्सा विज्ञान अभी प्रारंभिक अवस्था में था, जबकि भारत में शरीर रचना विज्ञान, रोग निदान, औषध विज्ञान और शल्य चिकित्सा जैसे विषयों पर व्यवस्थित अध्ययन किया जा रहा था। महर्षि सुश्रुत ने अपने अनुभव, अनुसंधान और अवलोकनों के आधार पर चिकित्सा ज्ञान को एक संगठित स्वरूप प्रदान किया। उनकी प्रसिद्ध कृति सुश्रुतसंहिता आज भी चिकित्सा इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथों में गिनी जाती है। यह केवल एक चिकित्सा ग्रंथ नहीं, बल्कि प्राचीन भारत की वैज्ञानिक चेतना, अनुसंधान पद्धति और व्यावहारिक चिकित्सा ज्ञान का विस्तृत दस्तावेज है।

सुश्रुतसंहिता में शल्य चिकित्सा के सिद्धांतों और प्रक्रियाओं का अत्यंत व्यवस्थित वर्णन मिलता है। इसमें विभिन्न रोगों के उपचार, घावों की देखभाल, हड्डियों के उपचार, शरीर की संरचना, शल्य उपकरणों तथा चिकित्सा नैतिकता के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई है। यह ग्रंथ इस बात का प्रमाण है कि उस समय चिकित्सा विज्ञान केवल अनुभव या परंपरा पर आधारित नहीं था, बल्कि उसमें वैज्ञानिक अवलोकन, वर्गीकरण और परीक्षण की स्पष्ट पद्धति मौजूद थी। ज्ञान को व्यवस्थित रूप से संकलित करना किसी भी विकसित वैज्ञानिक परंपरा की पहचान होती है और महर्षि सुश्रुत का कार्य इस कसौटी पर पूरी तरह खरा उतरता है।

महर्षि सुश्रुत की सबसे प्रसिद्ध उपलब्धियों में पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा का विकास शामिल है। विशेष रूप से नाक के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया का उनका वर्णन चिकित्सा इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। प्राचीन काल में विभिन्न अपराधों के दंडस्वरूप कभी-कभी नाक काट दी जाती थी। ऐसी स्थिति में चेहरे की संरचना को पुनः सामान्य रूप में लाना अत्यंत कठिन कार्य था। महर्षि सुश्रुत ने त्वचा प्रत्यारोपण और पुनर्निर्माण की जो तकनीक विकसित की, उसे आधुनिक प्लास्टिक सर्जरी की प्रारंभिक आधारशिला माना जाता है। यही कारण है कि उन्हें पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा का अग्रदूत भी कहा जाता है। आज जब चिकित्सा विज्ञान अत्याधुनिक उपकरणों और जटिल तकनीकों से सुसज्जित है, तब भी इतिहासकार इस बात को स्वीकार करते हैं कि पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में सुश्रुत की दूरदर्शिता अपने समय से बहुत आगे थी।

सुश्रुतसंहिता में लगभग 300 प्रकार की शल्य प्रक्रियाओं और 100 से अधिक शल्य उपकरणों का वर्णन मिलता है। इन उपकरणों का वर्गीकरण उनके उपयोग के आधार पर किया गया था। इनमें काटने, छेद करने, पकड़ने, निकालने और सिलाई करने वाले उपकरण शामिल थे। यह वर्गीकरण दर्शाता है कि उस समय शल्य चिकित्सा अत्यंत संगठित और तकनीकी रूप से विकसित थी। आधुनिक शल्य चिकित्सा में जिन सिद्धांतों को वैज्ञानिक आधार माना जाता है, उनके प्रारंभिक स्वरूप का उल्लेख सुश्रुतसंहिता में देखा जा सकता है।

महर्षि सुश्रुत केवल शल्य चिकित्सक ही नहीं थे, बल्कि एक उत्कृष्ट शिक्षक भी थे। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा में व्यावहारिक प्रशिक्षण को अत्यधिक महत्व दिया। उनके अनुसार किसी विद्यार्थी को वास्तविक रोगी पर शल्य क्रिया करने से पहले विभिन्न वस्तुओं और मृत जीवों पर अभ्यास करना चाहिए ताकि वह आवश्यक कौशल विकसित कर सके। यह दृष्टिकोण आधुनिक चिकित्सा शिक्षा की मूल अवधारणा से मेल खाता है, जहां सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण को अनिवार्य माना जाता है। इस तथ्य से स्पष्ट होता है कि महर्षि सुश्रुत केवल चिकित्सक नहीं थे, बल्कि चिकित्सा शिक्षा के भी महान विचारक थे।

शरीर रचना विज्ञान के क्षेत्र में उनका योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे मानव शरीर को समझने के लिए प्रत्यक्ष अध्ययन और निरीक्षण पर बल देते थे। उनका मानना था कि किसी भी वैज्ञानिक निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए प्रत्यक्ष अवलोकन आवश्यक है। यह दृष्टिकोण आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति के मूल सिद्धांतों से मेल खाता है। उनके विचारों में तर्क, परीक्षण और अनुभव का विशेष महत्व दिखाई देता है। यही कारण है कि अनेक इतिहासकार उन्हें प्राचीन भारत के महान वैज्ञानिकों में शामिल करते हैं। महर्षि सुश्रुत चिकित्सा नैतिकता के भी प्रबल समर्थक थे। उन्होंने चिकित्सकों के लिए उच्च नैतिक मानदंड निर्धारित किए। उनके अनुसार रोगी का हित सर्वोपरि होना चाहिए। चिकित्सक को विद्वान, संवेदनशील, ईमानदार और अनुशासित होना चाहिए। रोगी के प्रति करुणा और सेवा भाव को उन्होंने चिकित्सा का आधार माना। आज चिकित्सा नैतिकता आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, किंतु यह जानकर आश्चर्य होता है कि इन सिद्धांतों का उल्लेख हजारों वर्ष पूर्व भारतीय चिकित्सा ग्रंथों में किया जा चुका था।

एडिनबर्ग में स्थापित उनकी प्रतिमा का महत्व केवल ऐतिहासिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक और बौद्धिक भी है। लंबे समय तक विज्ञान और चिकित्सा के इतिहास को मुख्यतः यूरोपीय उपलब्धियों के संदर्भ में प्रस्तुत किया जाता रहा। किंतु आधुनिक शोध और ऐतिहासिक अध्ययनों ने यह स्पष्ट किया है कि विज्ञान के विकास में भारत, चीन, मिस्र और मेसोपोटामिया जैसी प्राचीन सभ्यताओं का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। महर्षि सुश्रुत की प्रतिमा इसी व्यापक ऐतिहासिक सत्य की स्वीकारोक्ति है। यह संदेश देती है कि ज्ञान किसी एक राष्ट्र, संस्कृति या सभ्यता की संपत्ति नहीं होता, बल्कि यह मानवता की साझा विरासत है।

यह सम्मान भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति बढ़ती वैश्विक रुचि का भी संकेत है। आज विश्वभर के विश्वविद्यालय और अनुसंधान संस्थान प्राचीन भारतीय ग्रंथों का अध्ययन कर रहे हैं। गणित, खगोल विज्ञान, धातु विज्ञान, दर्शन और चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों को नए दृष्टिकोण से समझने का प्रयास किया जा रहा है। महर्षि सुश्रुत की प्रतिमा इसी बदलती वैश्विक सोच का प्रतीक है, जिसमें प्राचीन ज्ञान को आधुनिक विज्ञान के इतिहास के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। भारत के लिए यह अवसर विशेष गर्व का विषय है। यह केवल एक महान ऋषि का सम्मान नहीं बल्कि भारतीय वैज्ञानिक और बौद्धिक परंपरा की अंतरराष्ट्रीय मान्यता भी है। इससे भारतीय युवाओं, शोधकर्ताओं और चिकित्सा विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलती है कि ज्ञान और अनुसंधान की परंपरा इस देश में अत्यंत प्राचीन और समृद्ध रही है। यह सम्मान हमें अपने प्राचीन ग्रंथों, वैज्ञानिक विरासत और बौद्धिक इतिहास के गंभीर अध्ययन के लिए भी प्रेरित करता है।

महर्षि सुश्रुत की विरासत आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी उनके समय में थी। चिकित्सा विज्ञान निरंतर विकसित हो रहा है, नई तकनीकें विकसित हो रही हैं और उपचार के नए साधन सामने आ रहे हैं, किंतु चिकित्सा का मूल उद्देश्य आज भी वही है जो हजारों वर्ष पहले था, अर्थात मानव पीड़ा को कम करना और जीवन की रक्षा करना। महर्षि सुश्रुत का जीवन और कार्य इसी आदर्श के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने चिकित्सा को केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि मानव सेवा का माध्यम माना।

जून 2026 में एडिनबर्ग में स्थापित उनकी कांस्य प्रतिमा केवल धातु की एक कलाकृति नहीं है। वह उस वैज्ञानिक चेतना, मानवीय संवेदना और ज्ञान परंपरा का प्रतीक है जिसने प्राचीन भारत को चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान दिलाया। यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को स्मरण कराती रहेगी कि मानव सभ्यता की प्रगति अनेक संस्कृतियों और ज्ञान परंपराओं के संयुक्त योगदान का परिणाम है। महर्षि सुश्रुत का सम्मान वास्तव में उस सार्वभौमिक ज्ञान का सम्मान है जिसने समय, भाषा और सीमाओं को पार करते हुए मानवता की सेवा की है। एडिनबर्ग में उनका सम्मान इस सत्य की सशक्त घोषणा है कि चिकित्सा विज्ञान का इतिहास बहुआयामी है और उसमें भारत का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण, प्रेरणादायक तथा सदैव स्मरणीय रहेगा।

**महेन्द्र तिवारी**

# क्रूड के दाम गिरने पर भी सस्ता क्यों नहीं हो रहा तेल?

**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**

दुनिया में ब्रेंट क्रूड 70-75 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। मार्च 2026 में होर्मुज बंद होने के बाद ये 115 डॉलर तक पहुंचा था। लेकिन दिल्ली, मुंबई, कानपुर के पेट्रोल पंप पर कीमत वही खड़ी है। तेल अभी भी 105 रुपए लीटर तक मिल रहा है जबकि सरकार 20 फीसदी एथेनॉल की मिलावट भी कर रही है। आम आदमी के मन में यह सवाल उठ रहा है कि जब क्रूड के दाम गिर रहे तब तेल सस्ता क्यों नहीं हो रहा है ? जवाब एक लाइन का नहीं है। इसके पीछे 4 कारण हैं। टैक्स ही असली खेलता है- भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमत का 50-55% हिस्सा टैक्स होता है। इसमें केंद्र की एक्साइज ड्यूटी और राज्य का वैट शामिल है। 2020 में जब कोरोना में क्रूड 20 डॉलर पर गिर गया था, तब केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी 10 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दी थी। नतीजा ये हुआ कि क्रूड सस्ता होने का फायदा पंप तक नहीं पहुंचा, और लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पाया। 2026 में भी वही पैटर्न है। एक्सपर्ट्स कहते हैं कि सरकार अगर चाहे तो एक्साइज घटाकर तुरंत 5-7 रुपए लीटर राहत दे सकती है। लेकिन सरकार ऐसा नहीं करती क्योंकि तेल से मिलने वाला टैक्स राजकोष की सबसे बड़ी आमदनी है। बजट बैलेंस रखना है तो टैक्स घटाना मुश्किल है। कई बार होता ये है कि क्रूड गिरता है तो सरकार टैक्स बढ़ा देती है। क्रूड बढ़ता है तो कंपनियां कीमत नहीं बढ़ा पातीं। बीच में जनता फंस जाती है। तेल कंपनियों का घाटा और अंडर-रिकवरी- फरवरी 2026 में जब होर्मुज बंद हुआ था, क्रूड 72 डॉलर से बढ़कर 115 डॉलर पर चला गया था। लेकिन चुनाव और होर्मुज संकट के कारण सरकारी तेल कंपनियों ने कीमत नहीं बढ़ाई। नतीजा ये हुआ कि कंपनियों को प्रति लीटर 25 रुपए से ज्यादा का नुकसान होने लगा। ढ्रस्व्र ने भी कहा था कि लंबे समय तक कीमतें स्थिर नहीं रखी जा सकतीं। अब जब क्रूड गिरा है, कंपनियां पहले अपने घाटे की भरपाई कर रही हैं। इसलिए क्रूड 70 डॉलर पर आने के बाद भी कंपनियां 2-3 रुपए लीटर की कटौती कर रही हैं, 10-15 रुपए की नहीं। डॉलर-रुपया का खेल- भारत 85% क्रूड आयात करता है। भुगतान डॉलर में होता है। अगर रुपया कमजोर है तो क्रूड भले सस्ता हो, भारत के लिए महंगा पड़ता है। अभी 1 डॉलर 72 रुपए के आसपास है। इसलिए क्रूड में 10% गिरावट का असर सिर्फ 3-4% ही दिखता है। जब रुपया मजबूत होता है और क्रूड गिरता है, तब ही असली राहत मिलती है। एक्सपर्ट्स कहते हैं कि अगर ये दोनों फैक्टर साथ आएं तो पेट्रोल 6-7 रुपए लीटर सस्ता हो सकता है। टाइम लैग और इन्वेंट्री का गणित- तेल कंपनियां क्रूड 30-45 दिन पहले खरीदती हैं। यानी आज जो क्रूड 70 डॉलर पर मिल रहा है, वो शायद मई के रेट पर खरीदा गया है जब क्रूड 90 डॉलर पर था। दूसरा, कंपनियां फेजवाइज कीमतें बढ़ाती-घटाती हैं। 11 दिन में 4 बार बढ़ोतरी का पैटर्न 2026 में देखा गया। अब गिरावट भी धीरे-धीरे पास ऑन हो रही है। दिल्ली में 9 दिन में पेट्रोल 78 पैसे सस्ता हुआ है। तो कब सस्ता होगा? पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के मुताबिक, अगर ब्रेंट क्रूड कई हफ्तों तक 80-85 डॉलर के दायरे में रहा तो पेट्रोल-डीजल 2-5 रुपए लीटर सस्ता हो सकता है। लेकिन शर्त ये है कि सरकार एक्साइज न बढ़ाए, रुपया स्थिर रहे, और होर्मुज जैसे नए संकट न आएं। क्रूड का दाम गिरना जरूरी है, लेकिन काफी नहीं। भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमत 3 चीजें तय करती हैंः क्रूड का इंटरनेशनल रेट, रुपया-डॉलर का रेट, सरकार का टैक्स, जब तक तीनों साथ में फेवर में नहीं आते, पंप पर बोर्ड वही रहेगा। इसलिए अगली बार जब न्यूज में 'क्रूड 10% गिरा' दिखे, तो समझ लेना कि पंप पर असर सिर्फ 1-2 रुपए का आएगा। बाकी 8 रुपए टैक्स और घाटे की भरपाई में चले जाते हैं।

# कसाब को फांसी तक पहुंचाने वाले वकील की कहानी लेकर आ रहे राजकुमार राव, 'प्रहार' का टीजर आउट



**लखनऊ।** उज्जवल निकम, देश के एक जाने-माने वकील थे जिन्होंने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य आरोपी और इकलौते जिंदा पकड़े गए आतंकवादी को फांसी तक पहुंचाने के लिए कोर्ट में लड़ाई लड़ी थी। अब उज्जवल निकम और केस की कहानी को बड़े पर्दे पर अभिनेता राजकुमार राव लाने जा रहे हैं। एक्टर की मोस्ट अवेटेड फिल्म प्रहार का टीजर आखिरकार जारी कर दिया गया है। फिल्म में राजकुमार उज्जवल निकम की भूमिका में दमदार लग रहे हैं।

### प्रहार का टीजर आउट

फिल्म का टीजर उज्जवल निकम से शुरू होता है जो कोर्ट में अजमल कसाब को फांसी दिलाने के लिए लड़ाई लड़ते हैं। फिल्म में उनका लुक सबसे दमदार है। वामिका गब्बी, जयदीप अहलावत और सिकंदर खेर के लुक्स भी धमाकेदार हैं। करीब 2 मिनट के इस टीजर ने दर्शकों का दिल खुश कर दिया।

### क्या है फिल्म की कहानी?

इस फिल्म में राजकुमार पब्लिक प्रॉसिक्यूटर उज्ज्वल निकम का रोल निभा रहे हैं, जिन्होंने मुंबई में 26/11 के हमलों के मुख्य आरोपी अजमल कसाब को सजा दिलाने में मदद की थी। फिल्म में ललित ने कसाब का रोल किया है। टीजर में उस रात के परेशान करने वाले दृश्य भी दिखाए गए हैं जब कसाब ने मुंबई में आम लोगों पर गोलियां चलाई थीं। यह फिल्म उस भयानक घटना को उस ट्रायल के नजरिए से दिखाती है जिसमें कसाब को दोषी ठहराया गया था।

### कब रिलीज होगी प्रहार?

सच्ची घटनाओं पर आधारित राजकुमार राव की फिल्म प्रहार 7 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अगस्त के महीने में और भी फिल्में आ रही हैं। 26 अगस्त को टॉक्सिक और 28 अगस्त को श्रद्धा कपूर की ईठा और सिद्धार्थ मल्होत्रा की वन आ रही है। 20 दिन में राजकुमार की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर क्या कमाल करती है, यह रिलीज के बाद ही मालूम पड़ेगा।

### कौन है उज्जवल निकम

उज्ज्वल निकम देश के सबसे चर्चित और सम्मानित विशेष लोक अभियोजकों में गिने जाते हैं। उन्होंने कई हाई-प्रोफाइल आपराधिक और आतंकवाद से जुड़े मामलों में सरकार की ओर से अदालत में पैरवी की है। अपनी मजबूत दलीलों और कानूनी रणनीति के दम पर उन्होंने कई दोषियों को सख्त सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाई, जिसके कारण उन्हें देश के सबसे प्रभावशाली सरकारी वकीलों में से एक माना जाता है। उनके प्रमुख केसों की बात करें तो, 26/11 मुंबई आतंकी हमले में अजमल कसाब के खिलाफ मुकदमा और फांसी की सजा, 1993 मुंबई सीरियल ब्लास्ट जैसे केसों के लिए उन्हें जाना जाता है।

# सत्ता नहीं, मिट्टी की राजनीति का आखिरी योद्धा- सुभाष यादव

**[एक नाम, एक विचार, एक आंदोलन – सुभाष यादव]**
**[नर्मदा की लहरों में सिमटा एक पूरा युगः मिट्टी का सपूत सुभाष यादव]**

कुछ लोग इतिहास में दर्ज होते हैं, कुछ लोग भूगोल में बस जाते हैं। सुभाष यादव उन विरले जननेताओं में थे, जिनकी स्मृति केवल पुस्तकों या राजनीतिक अभिलेखों में नहीं, बल्कि निमाड़ की मिट्टी, नर्मदा की लहरों और किसानों की आँखों में आज भी जीवित है। 26 जून की पुण्यतिथि हमें केवल एक पूर्व उपमुख्यमंत्री म.प्र. शासन को याद करने का अवसर नहीं देती, बल्कि उस विचारधारा के सामने खड़ा करती है जिसने राजनीति को सत्ता का मार्ग नहीं, समाज परिवर्तन का साधन माना। बोरावां की धरती पर जन्मा यह व्यक्तित्व आज भी इस प्रश्न का उत्तर है कि जननेता आखिर बनता कैसे है।

1 अप्रैल 1946 को एक साधारण कृषक परिवार में जन्मे सुभाष यादव ने कृषि स्नातक की शिक्षा प्राप्त की, पर उनकी सबसे बड़ी पाठशाला खेत और किसान रहे। वे उन नेताओं में नहीं थे जो गाँवों को भाषणों में खोजते हैं; वे गाँवों की धड़कनों में बसते थे। उनके व्यक्तित्व में मिट्टी की सादगी और नर्मदा की गहराई का अद्भुत संगम था। मिट्टी की गंध पढ़ना, मौसम की भाषा समझना और किसान की आँखों में छिपी चिंता पहचानना उनकी स्वाभाविक क्षमता थी। इसी कारण निमाड़ में हरित क्रांति की चर्चा जब भी होती है, सुभाष यादव का नाम केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि परिवर्तन के अग्रदूत के रूप में लिया जाता है।

सहकारिता आंदोलन की चर्चा सुभाष यादव के बिना अधूरी है। 1971 में प्राथमिक सहकारी समिति के सदस्य के रूप में शुरू हुई उनकी यात्रा उन्हें लंबे समय तक मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक के नेतृत्व तक ले गई। उन्होंने सहकारिता को आर्थिक व्यवस्था नहीं, सामाजिक न्याय का मंत्र बनाया। जवाहरलाल सहकारी सूत मिल और सहकारी शक्कर कारखाने की स्थापना उनके चिंतन की उपज थी। विदेशों में देखे गए प्रयोगों को उन्होंने निमाड़ की धरती पर उतारा। किसानों को बीज, ऋण और बाज़ार की सुलभ व्यवस्था देकर उन्होंने आत्मनिर्भरता की नींव रखी, जिसका लाभ आज भी हजारों परिवारों को मिल रहा है। एनएएफएससीओबी का 'सुभाष यादव अवॉर्ड' उनकी विरासत का प्रतीक है।

राजनीति में आने के बाद भी उनका मूल चरित्र नहीं बदला। वे उन नेताओं में नहीं थे जो जनता से केवल चुनाव के समय मिलते हैं। उनके लिए जनता ही राजनीति का केंद्र थी। 1980 और 1985 में खरगोन से लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद भी उन्होंने अपनी जड़ों से दूरी नहीं बनाई। बाद में कसरावद से विधायक बनकर उन्होंने जनविश्वास की मिसाल स्थापित की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन को एकजुट रखा। उनकी राजनीति जाति, क्षेत्र और स्वार्थ से ऊपर उठकर मानवता की थी। वे कहा करते थे कि सत्ता किसान की सेवा के लिए है, शासन करने के लिए नहीं। यही कारण था कि संसद हो या विधानसभा, उनकी आवाज़ में निमाड़ के खेतों की गूंज सुनाई देती थी।

1993 में दिग्विजय सिंह सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल प्रशासनिक दृढ़ता और जनपक्षधरता का उदाहरण बना। कृषि, सहकारिता, जल संसाधन और नर्मदा घाटी विकास जैसे महत्वपूर्ण विभागों का नेतृत्व करते हुए उन्होंने सिद्ध किया कि इच्छाशक्ति हो तो व्यवस्था बदली जा सकती है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध 76 इंजीनियरों को सेवा से हटाने का साहसी निर्णय उस समय की राजनीति में असाधारण माना गया। किसान कल्याण आयोग के अध्यक्ष के रूप में दिए गए उनके अनेक सुझावों में से कई आज भी कृषि नीति की आधारशिला हैं। उनका नेतृत्व भावुक नारों का नहीं, ठोस परिणामों का था।

यदि निमाड़ के विकास की कोई तस्वीर बनाई जाए तो उसमें नर्मदा का जल और सुभाष यादव का संकल्प साथ दिखाई देंगे। इंदिरा सागर बाँध सहित अनेक जल परियोजनाओं को गति देकर उन्होंने सूखे क्षेत्रों तक सिंचाई का विस्तार किया। नर्मदा की लहरों को खेतों तक पहुँचाने का उनका सपना लाखों किसानों के जीवन में हरियाली बनकर उतरा। यही कारण है कि जनता ने उन्हें केवल नेता नहीं, 'निमाड़ का भगीरथ' कहा। उन्होंने विकास को घोषणाओं में नहीं, खेतों की उपज, किसानों की मुस्कान और गाँवों की समृद्धि में मापा।

सार्वजनिक जीवन की व्यस्तताओं के बीच उनका पारिवारिक जीवन अनुकरणीय था। पत्नी दामिनी यादव के साथ उनका संबंध सेवा, समर्पण और संस्कारों का संगम था। उन्होंने अपने पुत्रों अरुण यादव और सचिन यादव तथा चार पुत्रियों को शिक्षा, सम्मान और सामाजिक चेतना की विरासत दी। बोरावां स्थित उनका घर हमेशा लोगों से भरा रहता था। किसान, युवा, कार्यकर्ता और आमजन वहाँ सलाह, सहानुभूति और प्रेरणा पाने आते थे। वे धैर्यपूर्वक सुनते, मुस्कुराते और कुछ शब्दों में ही भरोसा जगा देते। परिवार और राजनीति के बीच उन्होंने जो संतुलन प्रस्तुत किया, वह आज भी प्रेरणा का विषय है।

शिक्षा और संस्थागत विकास में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। बोरावां में जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की स्थापना ने ग्रामीण युवाओं के लिए आधुनिक तकनीकी शिक्षा के द्वार खोले। उन्होंने सैकड़ों विद्यालयों, सहकारी संस्थाओं और विकास परियोजनाओं को जन्म दिया। उनका स्वप्न था–हर किसान शिक्षित और आत्मनिर्भर बने, हर गाँव विकास की मिसाल बने। यूजीसी जैसे राष्ट्रीय मंचों पर उनकी भूमिका इस बात का प्रमाण थी कि वे शिक्षा और विकास को राष्ट्रनिर्माण का आधार मानते थे। उन्होंने कभी पद को प्रतिष्ठा का साधन नहीं बनाया; पद उनके लिए सदैव सेवा का माध्यम रहा।

आज उनकी पुण्यतिथि पर स्मरण केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि संकल्प है। सुभाष यादव का जीवन याद दिलाता है कि राजनीति का स्वरूप जनसेवा है, विकास का मॉडल सहकारिता है और नेतृत्व का धर्म लोगों को जोड़ना है। वे आज भी बोरावां की हवाओं में, नर्मदा की धाराओं में, सहकारिता की संस्थाओं में और किसानों की उम्मीदों में जीवित हैं। उनकी विरासत पुकारती है–किसानों की आवाज़ कभी दबने मत दो, सहकारिता की मशाल बुझने मत दो और सेवा के पथ से विचलित मत हो। मिट्टी के इस सपूत, हरित क्रांति के अग्रदूत, सहकारिता के पुरोधा और निमाड़ के भगीरथ को नमन। कुछ लोग जीवन जीते हैं, कुछ युग गढ़ते हैं; सुभाष यादव उन्हीं में से एक थे।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# दैनिक राशिफल

**मेष** कल का दिन उत्साह और ऊर्जा से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिल सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें।

**वृषभ** धन संबंधी मामलों में लाभ के संकेत हैं। पुराने निवेश से फायदा मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मिथुन** कल आपकी वाणी और बुद्धिमत्ता आपको सफलता दिलाएगी। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा है। किसी मित्र से महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

**कर्क** भावनात्मक रूप से संतुलित रहने की आवश्यकता है। पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। खर्चों पर नियंत्रण रखें। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**सिंह** भाग्य का साथ मिलेगा। रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

**कन्या** कार्यस्थल पर मेहनत का पूरा फल मिलेगा। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

**तुला** कल का दिन शुभ रहेगा। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी। नौकरी और व्यवसाय में प्रगति के अवसर मिलेंगे। यात्रा का योग बन सकता है।

**वृश्चिक** धैर्य और संयम से काम लें। किसी पुराने विवाद का समाधान निकल सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**धनु** नए संपर्क लाभदायक सिद्ध होंगे। व्यापार में विस्तार की योजनाएं सफल हो सकती हैं। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के संकेत हैं।

**मकर** करियर में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों से प्रशंसा मिलेगी। निवेश के लिए समय अनुकूल है।

**कुंभ** भाग्यवृद्धि का दिन है। धार्मिक या सामाजिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। विदेश से जुड़े कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं।

**मीन** सावधानीपूर्वक निर्णय लें। अनावश्यक विवादों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आर्थिक मामलों में जल्दबाजी न करें।

# भेड़, बकरी एवं सूकर पालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार दे रही 90 प्रतिशत तक अनुदान

**लखनऊः** प्रदेश में लघु पशुपालन क्षेत्र जैसे भेड़, बकरी एवं सूकर पालन को वैज्ञानिक, संगठित एवं लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उत्तर प्रदेश में पहली बार आयोजित दो दिवसीय 'यू.पी. स्मॉल लाइवस्टॉक कॉन्क्लेव-2026' का आयोजन हुआ। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार पशुधन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा गोवंश संरक्षण के साथ-साथ लघु पशुधन क्षेत्र के विकास को भी विशेष प्राथमिकता दे रही है।

लघु पशुपालन को रोजगार, पोषण और ग्रामीण समृद्धि के सशक्त साधन के रूप में स्थापित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। लघु पशुपालन क्षेत्र में निवेश करने के लिए वर्तमान में सुदृढ़ कानून व्यवस्था और उत्तम कनेक्टिविटी से पूंजी निवेश का सर्वाधिक अनुकूल अवसर और समय है।

उत्तर प्रदेश में पहली बार दो दिवसीय 'यू.पी. स्मॉल लाइवस्टॉक कॉन्क्लेव-2026' का आयोजन हुआ, जिसमें लघु पशुधन क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों को एक साझा मंच उपलब्ध कराया गया, जहां नवीन तकनीकों, वैज्ञानिक अनुसंधानों, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण, विपणन, निवेश तथा उद्यमिता विकास से जुड़े विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। इससे प्रदेश में लघु पशुधन आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यह कॉन्क्लेव प्रदेश में लघु पशुधन क्षेत्र के विकास को नई दिशा प्रदान करेगा तथा भेड़, बकरी एवं सूकर पालन को अधिक वैज्ञानिक, व्यावसायिक एवं लाभकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। देशभर से आए वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, पशुपालकों और उद्यमियों द्वारा दिये गये सुझाव प्रदेश में लघु पशुधन विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे।

उत्तर प्रदेश जैव विविधता से समृद्ध देश का सर्वाधिक पशुधन संपन्न राज्य है। 20वीं पशुगणना के अनुसार प्रदेश में लगभग 144.80 लाख बकरियां, 9.85 लाख भेड़ें तथा 4.09 लाख सूकर हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पोषण सुरक्षा तथा किसानों की अतिरिक्त आय सुनिश्चित करने में लघु पशुधन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रदेश के पशुधन विभाग द्वारा लघु पशुधन पशुपालकों के विकास हेतु बकरी पालन की योजना संचालित है, जिसकी प्रति इकाई लागत रू0 60,000 है, जो कि 90 प्रतिशत अनुदानित है। वर्ष 2025-26 में कुल 1786 इकाईयां स्थापित की




गयी तथा वर्ष 2026-27 में बकरी पालन की योजनान्तर्गत 1896 इकाईयों का लक्ष्य प्रस्तावित है। इसी प्रकार भेड़ पालन की योजना वर्ष 2025-26 में 224 इकाईयां स्थापित की गई है। इसमें प्रति इकाई लागत 1,70,000 रूपये है जो कि 90 प्रतिशत अनुदानित है। वर्ष 2026-27 हेतु 225 भेड़ पालन इकाईयों का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में सूकर विकास हेतु सूकर पालन की योजना भी संचालित है, जिसमें वर्ष 2025-26 में 218 इकाईयों स्थापित की गई हैं। इसमें से एक इकाई लागत 1,47,400 रूपये है, यह भी 90 प्रतिशत अनुदानित है। वर्ष 2026-27 हेतु 218 सूकर पालन इकाईयों का लक्ष्य रखा गया है।

प्रदेश में लघु पशुपालन ग्रामीण महिलाओं, छोटे एवं सीमांत किसानों तथा युवाओं के आर्थिक सशक्तीकरण का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। भेड़, बकरी एवं सूकर पालन अपेक्षाकृत कम लागत में बेहतर आय प्रदान करने वाले व्यवसाय हैं, जिनके माध्यम से ग्रामीण परिवारों की आजीविका को मजबूती मिल रही है। प्रदेश सरकार लघु पशुधन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन, वित्तीय सहायता एवं विपणन सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है।

प्रदेश में पशुपालन एवं लघु पशुधन क्षेत्र के सतत विकास, किसानों की आय वृद्धि तथा ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के पशुपालन विभाग एवं ग्लोबल फोरम फॉर सस्टेनेबल ट्रांसफॉर्मेशन (GFST) और पशुपालन विभाग एवं द गोट ट्रस्ट (The Goat Trust) के साथ अलग-अलग समझौता ज्ञापनों (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन समझौतों के तहत विभाग को नीतिगत एवं तकनीकी सहयोग, क्षमता संवर्धन, प्रशिक्षण, नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, नवाचार आधारित समाधान तथा बकरी पालन एवं पशुधन विकास से संबंधित कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग प्राप्त होगा।

'यू.पी. स्मॉल लाइवस्टॉक कॉन्क्लेव-2026' वैज्ञानिकों, उद्यमियों और पशुपालकों के बीच ज्ञान एवं अनुभवों के आदान-प्रदान का प्रभावी मंच सिद्ध हुआ है, इसमें प्रदेश में लघु पशुधन आधारित उद्यमिता को नई गति मिलेगी। प्रदेश में श्वेत क्रान्ति, ब्लू क्रान्ति और पिंक क्रान्ति के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिल रही है। लघु पशुधन आधारित उद्यम से पशुपालकों की आय में वृद्धि उत्पादकों की गुणवत्ता व विपणन को आधुनिक व सुगम बनाया जा रहा है, जो प्रदेश की आय में वृद्धि कर वन ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना योगदान प्रदान करेंगे।

**-निधि वर्मा, सूचना अधिकारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## निर्जला एकादशी पर महिलाओं ने जमकर किया दान



**रूद्रपुर, देवरिया।** निर्जला एकादशी के अवसर पर गुरुवार को दूसरी काशी के रूप में विख्यात दूग्धेश्वर नाथ मंदिर पर क्षेत्र की महिलाओं ने जमकर दान किया। सुबह से ही भगवान शिव के मुख्य मंदिर और परिसर में स्थित चतुर्भुजी भगवान विष्णु मंदिर पर महिलाओं की भीड़ जुटने लगी। देखते ही देखते समूचा मंदिर परिसर महिलाओं से खचाखच भर गया। पहले महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाया और उसके बाद विष्णु मंदिर में जाकर जल पात्र घड़ा देसी पंखा फल मिठाई व अन्य वस्तुओं का दान किया। विष्णु मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित आदित्य कुमार पांडे ने सभी महिलाओं को एक कतार में बैठाकर संकल्प कराया। एकादशी के अवसर पर उमड़ी भीड़ से समूचा मंदिर खचाखच भरा हुआ था।हालांकि सूर्य अपनी पूरी ऊर्जा के साथ तप रहे थे। गर्मी भयंकर थी। बावजूद इसके महिलाओं के आस्था अडिग रही और मंदिर परिसर में दूर दराज से आई महिलाओं ने जमकर दान किया और पुण्य कमाया। ऐसा मानना है कि निर्जला एकादशी का व्रत रखने और दान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## रेलवे स्टेशन के उत्तर दिशा का बंद नहीं होगा गेट : विधायक



**सहजनवा** रेलवे स्टेशन की उत्तर दिशा मे बसे नागरिकों के लिए रास्ते की समस्या को लेकर गुरुवार को स्थानीय विधायक प्रदीप शुक्ला ने निरीक्षण किया और आश्वासन दिया कि किसी भी हाल मे गेट बंद नहीं होगा। इस संबंध मे सदर सांसद और रेलवे के उच्चाधिकारियों से बात कर 15 फिट का रास्ता दिलाया जाएगा बताते चलें नगर पंचायत के वार्ड नं-7 लुचुई में रहने वाले करीब दो सौ परिवारों के सामने रास्ता का संकट उत्पन्न हो गया है। रेलवे के तरफ से कराए जा रहे कार्यो से रास्ता बंद हो रहा है। नागरिकों ने सांसद, विधायक तथा रेलवे के अधिकारियों को पत्रक देकर लुचुई ओवरब्रिज से नीचे से महाबीर जूट मिल्स के दीवार तक 15 फिट सड़क के लिए भूमि देने की मांग किए थे। सहजनवा नगर पंचायत के वार्ड नं-7 लुचुई सहजनवा रेलवे स्टेशन के उत्तर दिशा की तरफ सटे हुए है। इस दौरान, सभासद बृजेश यादव, मनोज जायसवाल, मनोज सिंह,योगेश सिंह, रामसूरत गुप्ता, अनुपम भट्ट, अनूप सिंह, ज्ञान भट, अभिषेक सिंह, मनु गुप्ता, प्रहलाद सिंह, विशाल गुप्ता शेषनाथ , भगेलु, वीरेंद्र सिंह, बैजनाथ, दीनदयाल सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से घायल जीएनएम छात्रा की मौत, कोहराम



**लालगंज, प्रतापगढ़।** जीएनएम छात्रा को अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर भेजवाया गया। जहां चिकित्सको ने घायल छात्रा को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। मृतक के भाई की तहरीर पर लीलापुर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जनपद के बाघराय थानान्तर्गत उमरापटी गांव निवासी बृजलाल यादव की इक्कीस वर्षीया पुत्री ज्योति यादव लीलापुर थानान्तर्गत सगरा सुंदरपुर से पहाड़पुर मार्ग पर स्थित संजीवनी नर्सिंग कालेज में जीएनएम की छात्रा थी। छात्रा ज्योति गुरूवार को सुबह ग्यारह बजे कालेज से लालगंज जाने के लिए निकली थी। सगरा सुंदरपुर पुलिस चौकी के समीप वह ईरिक्शा पर बैठने जा रही थी कि इसी बीच पीछे से तेज गति से आये ट्रैक्टर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। छात्रा के सड़क पर गिरने से ट्रैक्टर के पहिया की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्रा को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने छात्रा ज्योति यादव को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक लीलापुर अमला सिंह का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजवाया गया है, मृतका छात्रा के भाई अभिषेक की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गोरखपुरः एम्स में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 1.30 लाख की ठगी, फर्जी नियुक्ति पत्र थमाने वाला गिरफ्तार

- वार्ड ब्वाय की नौकरी का सपना दिखाकर की धोखाधड़ी, पुलिस ने दबोचा आरोपी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवाओं को ठगने वाले गिरोहों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एम्स थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एम्स गोरखपुर में वार्ड ब्वाय के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक महिला से 1.30 लाख रुपये की ठगी करने तथा फर्जी नियुक्ति पत्र देने के आरोप में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान जयसिंह पुत्र हरि प्रताप सिंह निवासी अहिरौली, सरदार नगर, थाना चौरी चौरा, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना एम्स में मुकदमा अपराध संख्या 433/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। काफी समय से पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी ने एक महिला को एम्स गोरखपुर में वार्ड ब्वाय के पद पर नियुक्ति दिलाने का भरोसा दिलाया। सरकारी नौकरी पाने की उम्मीद में महिला ने आरोपी को 1 लाख 30 हजार रुपये दे दिए। रकम लेने के बाद आरोपी ने महिला को कथित नियुक्ति पत्र भी सौंप दिया। जब नियुक्ति पत्र की जांच कराई गई तो वह फर्जी निकला। इसके बाद पीड़िता को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ और उसने थाना एम्स में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। जांच में आरोप सही पाए जाने पर पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी कैंट के पर्यवेक्षण तथा



प्रभारी निरीक्षक एम्स के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह, आरक्षी वारिश अहमद तथा महिला आरक्षी निकिता पाल शामिल रहीं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। साथ ही युवाओं से अपील की गई है कि किसी भी सरकारी या निजी नौकरी के नाम पर धनराशि मांगने वाले व्यक्तियों के झांसे में न आएं तथा नियुक्ति संबंधी दस्तावेजों की आधिकारिक स्तर पर जांच अवश्य करा लें। आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## ई-रिक्शा पलटने से बुजुर्ग महिला घायल, जिला अस्पताल रेफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के नौतनवा-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर ग्राम पंचायत महदेइया बंजर टोला के पास एक अनियंत्रित ई-रिक्शा पलट गया। इस हादसे में ई-रिक्शा में सवार एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सूर्यपुरा टोला सेमरा निवासी जितई की 60 वर्षीय पत्नी अदालती देवी किसी निजी कार्य से ई-रिक्शा पर सवार होकर मिश्रौलिया की तरफ जा रही थी। ई-रिक्शा जैसे ही नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर महदेइया बंजर टोला के सामने पहुंचा कि अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में




बुजुर्ग महिला को शरीर और सिर पर गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना होते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने आनन-फानन में महिला को ई-रिक्शा से बाहर निकाला और सीएचसी रतनपुर में भर्ती कराया। वहां के डॉक्टरों ने बताया कि महिला की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें प्राथमिक इलाज देकर तुरंत जिला अस्पताल भेज दिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में फिलहाल पुलिस को कोई लिखित तहरीर या सूचना नहीं मिली है। सूचना मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## रोहित मिश्रा बने भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष, युवा कार्यकर्त्ताओं में भारी उत्साह

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के युवा, ऊर्जावान एवं संगठननिष्ठ नेता रोहित मिश्र को भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जनपद प्रतापगढ़ में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की तथा शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया।जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह ने कहा कि यह केवल रोहित मिश्रा की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे प्रतापगढ़ जनपद के लिए गौरव और सम्मान का विषय है। पहली बार प्रतापगढ़ की धरती से किसी कार्यकर्ता को भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष बनने का अवसर प्राप्त हुआ है। उनके नेतृत्व में प्रदेश का युवा वर्ग राष्ट्र निर्माण, संगठन विस्तार एवं जनसेवा के कार्यों में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि रोहित मिश्रा ने संगठन में विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए अपनी कार्यक्षमता, समर्पण एवं नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है।

# गोरखपुरः पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी का आरोप, दहेज के लिए प्रताड़ना और मारपीट का मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला-** गोरखपुर गोला थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न, मारपीट, मानसिक प्रताड़ना और पहली पत्नी के जीवित रहते दूसरी शादी करने के गंभीर आरोपों का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरी निवासी रीना गुप्ता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसका विवाह 28 जून 2020 को हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार गोला थाना क्षेत्र के ग्राम बेदौली निवासी पप्पू गुप्ता पुत्र रामलगन गुप्ता के साथ हुआ था। विवाह के दौरान उसके परिजनों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज और उपहार दिए थे, लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही पति और ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे।

पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष की ओर से लगातार बुलेट मोटरसाइकिल की मांग की जाती थी। मांग पूरी न होने पर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। रीना के मुताबिक, उसका पति उसे दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास किराये के मकान में लेकर गया, जहां भी दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की जाती रही। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती थी और कहा जाता था कि यदि बुलेट मोटरसाइकिल नहीं मिली तो दूसरी शादी कर ली जाएगी।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि विवाह के करीब पांच माह बाद आरोपी पति उसे ट्रेन से गोरखपुर लेकर आया और रेलवे स्टेशन पर लावारिस हालत में छोड़कर चला गया। साथ ही चेतावनी दी कि बिना बुलेट मोटरसाइकिल के वह दोबारा ससुराल न आए। इसके बाद पीड़िता अपने मायके में रहने लगी, जबकि पति और ससुराल पक्ष ने उससे कोई संपर्क नहीं किया। रीना गुप्ता ने आरोप लगाया है कि उसके जीवित रहते



और बिना किसी कानूनी तलाक के आरोपी पति ने 29 अप्रैल 2026 को बेलघाट थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव की एक महिला से दूसरी शादी कर ली और वर्तमान में उसी के साथ रह रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए गोला पुलिस ने आरोपी पप्पू गुप्ता के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 115(2), 352, 351(2), 82(1) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3 और 4 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीमद्भागवत कथा में राजा परीक्षित के प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए भक्त





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** इटवा क्षेत्र के ग्राम करवानिया खारिकवा में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा में बुधवार की रात कथा वाचक काली प्रसाद मिश्रा ने राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म सहित अन्य प्रसंग सुनाया। कथावाचक ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए। उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है। उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने शाप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आएगा और राजा को जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। समीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। वहां बड़े ऋषि, मुनि देवता आ पहुंचे और अंत में व्यास नंदन शुकदेव वहां पहुंचे। शुकदेव को देखकर सभी ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के दौरान धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु जम कर झूमें। कथा में बड़ी संख्या में महिला-पुरूष कथा सुनने पहुंचे। इस दौरान मंत्र राम यादव, गीता यादव, मुरली मौर्य, राजाराम यादव, त्रिभुवन चौधरी, जयप्रकाश मिश्रा, चंद्रप्रकाश विश्वकर्मा, दिवाकर मिश्रा, चंद्रिका प्रसाद मिश्रा, दिनेश कुमार मिश्रा, ओम यादव सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहें।

## पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को ऋण वितरण महोत्सव में बांटे गए चेक और प्रमाण पत्र

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री स्वनिधि (पीएम स्वनिधि) योजना के छः वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर पालिका परिषद बेला प्रतापगढ़ में भव्य स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा के जिला प्रबंधक नीरज सिंह ने किया। मुख्य अतिथि ने लाभार्थियों से पीएम स्वनिधि योजना का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान करते हुए नगर को स्वच्छ बनाए रखने, कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने तथा जल संरक्षण में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान ऋण वितरण, डिजिटल भुगतान, वित्तीय साक्षरता और उत्कृष्ट स्ट्रीट वेंडरों के सम्मान सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार ने समय पर ऋण चुकाने वाले स्ट्रीट वेंडरों की सराहना करते हुए कहा कि नियमित भुगतान करने वाले लाभार्थियों को योजना के तहत क्रमशः प्रथम चरण में 15 हजार रुपये, द्वितीय चरण में 25 हजार रुपये तथा तृतीय चरण में 50 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर पात्र लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति के चेक एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य शाखा प्रबन्धक पंजाब नैशनल बैंक अमित कुमार मेहता, आंनद प्रकाश मौर्या शहर मिशन प्रबंधक, जितेन्द्र कुमार यादव डूडा प्रतापगढ़ सहित राजेश कुमार बिन्द राजस्व निरीक्षक नगर पालिका परिषद् बेल्हा प्रतापगढ़, कंप्यूटर ऑपरेटर आदित्य उपस्थित रहे।

## शादी समारोह में टेन्ट कर्मी के साथ जमकर मारपीट



**रूद्रपुर, देवरिया।** एकौना थाना क्षेत्र के ग्राम भेलऊर में बीती रात एक शादी समारोह में टेंट कर्मचारी से एक ज्ञात सहित कुछ अज्ञात लोगों ने जमकर मारपीट की। जिससे टेंट कर्मचारी दयाराम साहनी गंभीर रूप से घायल हो गया। गुरुवार को टेंट मलिक नारायणपुर निवासी अल्पेश सिंह ने थाना अध्यक्ष राकेश पांडे को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस को दिए तहरीर के अनुसार अल्पेश सिंह टेंट का कारोबार करते हैं। बुधवार को भेलऊर निवासी रमेश यादव के घर टेंट लगा था। रात में लगभग 10 बजे गांव के कुछ लड़कों ने टेंट की लाइट चुरा ली जिस पर दयाराम साहनी ने विरोध किया।गांव के कुछ लड़कों ने मिलकर बुरी तरह से दयाराम साहनी को पीट दिया और धारदार हथियार से उसके चेहरे पर वार किया। जिससे उसकी नाक पूरी तरह कट गई और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। घायल अवस्था में उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज जारी है।

## एसबीआई टेकवार में शिक्षक संघ संग वित्तीय जागरूकता बैठक, निवेश और बीमा योजनाओं की दी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी, गोरखपुर।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की टेकवार शाखा में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ वित्तीय जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बैंक अधिकारियों ने शिक्षकों को विभिन्न ऋण, बीमा और निवेश योजनाओं की जानकारी देते हुए आर्थिक सुरक्षा एवं भविष्य की वित्तीय योजना पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में मुख्य प्रबंधक कल्याण प्रकाश ने कहा कि एसबीआई अपने ग्राहकों के आर्थिक भविष्य को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि होम लोन, कार लोन और गोल्ड लोन जैसी सुविधाएं ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं। इसके साथ ही एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस (PAI) और सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (SIP) के माध्यम से दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा और बेहतर निवेश अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

शाखा प्रबंधक रौशन कुमार ने उपस्थित शिक्षकों से संवाद करते हुए बैंकिंग सेवाओं और डिजिटल सुविधाओं की जानकारी




साझा की। बैठक के दौरान शिक्षकों ने विभिन्न योजनाओं से जुड़े सवाल पूछे, जिनका बैंक अधिकारियों ने विस्तार से उत्तर दिया। अधिकारियों ने कहा कि एसबीआई सुरक्षित, पारदर्शी और भरोसेमंद बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है तथा वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। बैठक में शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश पांडेय, वरिष्ठ शिक्षक सूर्य प्रकाश पांडेय तथा अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं पत्रकार उमेश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने बैंक की पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षकों के लिए उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने बैंक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा जताई।

# सोशल मीडिया पर 'AK-47 गैंग' चलाने वालों पर गोरखपुर पुलिस का शिकंजा, दो दिन में 13 युवक गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** सोशल मीडिया पर आक्रामकता फैलाने और आपत्तिजनक संदेशों व तस्वीरों के जरिए युवाओं को प्रभावित करने वाले तथाकथित 'ए्च-47 गैंग' पर गोरखपुर पुलिस ने बड़ा अभियान चलाते हुए कड़ी कार्रवाई की है। कैंपियरगंज थाना पुलिस ने सोशल मीडिया की निगरानी के दौरान ऐसे 13 युवकों को गिरफ्तार किया है, जो विभिन्न ग्रुपों के माध्यम से लगातार भड़काऊ और आक्रामक पोस्ट साझा कर रहे थे। गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'ए्च-47', 'महाकाल' तथा अन्य नामों से कई ग्रुप सक्रिय थे। इन ग्रुपों में शामिल युवक हथियारों के साथ तस्वीरें पोस्ट करने, दबंगई का प्रदर्शन करने और आक्रामक संदेश प्रसारित करने का काम कर रहे थे। ऐसे पोस्टों को लेकर आम नागरिकों की ओर से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों में कहा गया था कि इन ग्रुपों की गतिविधियां युवाओं के बीच गलत संदेश दे रही हैं तथा कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकती हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सोशल मीडिया की निगरानी के लिए विशेष टीम गठित की गई। टीम ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय संदिग्ध ग्रुपों और अकाउंट्स की लगातार मॉनिटरिंग की। जांच के दौरान कई ऐसे प्रोफाइल चिन्हित किए गए जो नियमित रूप से आक्रामक पोस्ट और तस्वीरें अपलोड कर रहे थे। तकनीकी जांच और डिजिटल निगरानी के आधार पर पुलिस ने संबंधित यूजरों की पहचान कर पिछले दो दिनों में 13 युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स और गतिविधियों की भी जांच की गई। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया का




इस्तेमाल कानून के दायरे में रहकर किया जाना चाहिए और किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक, भड़काऊ अथवा भय का माहौल बनाने वाली सामग्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर निगरानी अभियान आगे भी जारी रहेगा। ऐसे सभी अकाउंट्स और ग्रुपों पर कार्रवाई की जाएगी जो अपराध, दबंगई या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली सामग्री का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। पुलिस ने युवाओं से सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने और कानून का पालन करने की अपील की।

# मुख्यमंत्री जी रूपईडीह में यूरिया वितरण व्यवस्था पर बड़ा सवालः उठान जारी, फिर भी किसान बेहाल; आखिर खाद जा कहां रही है?

- स्थानीय किसान लाइन में, लेकिन समय पर नहीं मिल रही यूरिया; वितरण व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल
- बी पैक्स रेहरवा एट खरगूपुर और साधन सहकारी समिति पटखौली के अभिलेखों की जांच की मांग
- स्टॉक, उठान और बिक्री रजिस्टर के मिलान से खुल सकती है सच्चाई, किसानों ने उठाई उच्चस्तरीय जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** विकासखंड रूपईडीह क्षेत्र में यूरिया खाद वितरण व्यवस्था को लेकर किसानों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। साधन सहकारी समिति पटखौली तथा बी पैक्स रेहरवा एट खरगूपुर में खाद वितरण को लेकर किसानों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। किसानों का आरोप है कि शासन स्तर से लगातार यूरिया उपलब्ध कराए जाने और केंद्रों पर खाद पहुंचने के बावजूद क्षेत्रीय किसानों को समय से खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे खेती-किसानी का कार्य प्रभावित हो रहा है।किसानों का कहना है कि धान की फसल के लिए यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे समय में यूरिया की उपलब्धता न होना किसानों के लिए दोहरी मार साबित हो रही है। कई किसानों ने आरोप लगाया कि उन्हें बार-बार केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जबकि खाद के उठान की प्रक्रिया लगातार जारी है।

ग्रामीणों के बीच सबसे बड़ा सवाल यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि यदि लगातार यूरिया का उठान हो रहा है तो आखिर उसका वितरण किस प्रकार हो रहा है। किसानों ने मांग की है कि पिछले कई महीनों के स्टॉक रजिस्टर, उठान रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर, पीओएस मशीन के रिकॉर्ड तथा लाभार्थियों के विवरण का मिलान कराया जाए। साथ ही यह भी सार्वजनिक किया जाए कि किस किसान को कितनी बोरी यूरिया उपलब्ध कराई गई, किस तिथि को उपलब्ध कराई गई तथा एक व्यक्ति को एक या दो माह की अवधि में कितनी बार खाद दी गई। किसानों का आरोप है कि क्षेत्रीय किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे उनके मन में संदेह उत्पन्न हो रहा है। किसानों का कहना है कि यदि संपूर्ण अभिलेखों की निष्पक्ष जांच करा दी जाए तो वास्तविक स्थिति स्वतः सामने आ जाएगी और यह स्पष्ट हो जाएगा कि केंद्रों पर पहुंचने वाली यूरिया खाद का वितरण किन लोगों को और किस आधार पर किया गया।

मामले में जब साधन सहकारी समिति पटखौली के प्रभारी सतेंद्र बहादुर सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके मोबाइल फोन पर घंटी बजती रही, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। वहीं बी पैक्स रेहरवा एट खरगूपुर के केंद्र प्रभारी प्रेम प्रकाश गोस्वामी ने बताया कि खाद का वितरण शासन एवं विभागीय नियमों के अनुसार किया जा रहा है तथा किसी प्रकार




की अनियमितता नहीं बरती जा रही है।वहीं इस पूरे मामले में जिला कृषि अधिकारी का पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका, जिसके कारण उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

उधर किसानों ने जिला प्रशासन, सहकारिता विभाग एवं कृषि विभाग से पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि स्टॉक, उठान और वितरण संबंधी सभी अभिलेखों का गहन सत्यापन कराया जाए तो स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकती है। किसानों ने मांग की है कि जांच में यदि किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके और शासन की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र किसानों तक पहुंच सके। अब सवाल यह है कि जब सरकार किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के दावे कर रही है, तब रूपईडीह क्षेत्र के किसान आखिर यूरिया के लिए भटकने को क्यों मजबूर हैं? यह ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर किसान ही नहीं, बल्कि पूरा क्षेत्र जानना चाहता है।

# भारत-नेपाल बॉर्डर पर ठूठीबारी पुलिस का बड़ा एक्शन

- 19 लीटर नेपाली शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार
- स्कशक्ति मोहन अवस्थी के निर्देश पर चल रहे अभियान में सफलता
- 25 जून को परसा खुर्द में पकड़ी गई बिंद्रावतीः झोले में छिपाकर ला रही थी 64 शीशी

**ठूठीबारी, महराजगंजः** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देश पर चलाए जा रहे अवैध तस्करी रोकथाम अभियान के तहत थाना ठूठीबारी पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। 25 जून 2026 को पुलिस ने नेपाली शराब की बड़ी खेप के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर दोपहर 1:36 बजे मुखबिर से खबर मिली कि एक महिला नेपाली शराब लेकर राजाबारी टोला परसा खुर्द से गुजरने वाली है। जिसके बाद घेराबंदी कर उ0नि0 रमेश पुरी मय हमराह का0 बलवंत यादव, रि0का0 गौरव पासवान और म0 रि0का0 प्राची वर्मा ने तुरंत घेराबंदी कर दी। और रंगे हाथ बिन्द्रवती पत्नी रामलखन, उम्र 55 वर्ष, निवासी रमगढ़वा थाना बरगदवा को एक झोले के साथ पकड़ लिया गया। झोले की तलाशी में किस-मिस सौंफ ब्रांड की 64 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई। प्रत्येक शीशी 300 रूू की थी। कुल 19 लीटर शराब जब्त की गई। आरोपी महिला के खिलाफ धारा 60/63 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। शराब को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू की गई। ASP सिद्धार्थ के मार्गदर्शन और CO निचलौल रवीन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में ठूठीबारी पुलिस लगातार बॉर्डर क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति की चेकिंग की जा रही है। भारत-नेपाल सीमा से सटे होने के कारण ये इलाका तस्करी के लिहाज से संवेदनशील है।

# संक्षिप्त खबरें

## लखनऊ अग्निकांड में जान गवाने वाले शहीदों को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**बरेली।** लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में 22 जून को हुए भीषण अग्निकांड में असमय ही 15 छात्र-छात्राऐं एवं अन्य कालकवलित हो गये। यह अत्यन्त दुःखद एवं मर्मांतक घटना थी। इस भीषण अग्निकांड में जान गवाने वाले छात्र-छात्राओं को महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय परिवार की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय प्रागंण में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि इस अग्निकांड ने मन को भीतर तक उद्वलित और व्यथित कर दिया है। इस दुःखद घटना में अनेक मासूम छात्र-छात्राओं की असामायिक मृत्यु ने पूरे प्रदेष को शोक और पीडा से भर दिया है। वहीं महाराजा अग्रसेन शिक्षा समिति (रजि.), बरेली के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल (फन सिटी), वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल (राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित), कोषाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र अग्रवाल ने भी अपनी शोक संवेदनाऐं व्यक्त करते हुये कहा कि इस दुर्धटना में अनेक युवा सपने हमेशा के लिए बुझ गये। ईष्वर दिवंगत आत्मओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवारों को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति दें।

## बेटे की संदिग्ध मौत के मामले में कार्रवाई न होने से परिजनों में आक्रोश

**लखीमपुर खीरी।** थाना शारदा नगर क्षेत्र के ग्राम चकई निवासी राममिलन पुत्र जोखी ने अपने पुत्र प्रियांशु की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पीड़ित पिता का कहना है कि उन्होंने दिनांक 10 जून 2026 को थाना भीरा में प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की थी, लेकिन शिकायत दिए जाने के बाद भी अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।प्रार्थना पत्र के अनुसार, 20 वर्षीय प्रियांशु 3 जून 2026 को अपनी ससुराल गया था। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने बीमारी का बहाना बनाकर उसे बुलाया था। इसके बाद 5 जून 2026 को ससुराल में ही उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने बहू, ससुर, साले तथा अन्य ससुराल पक्ष के लोगों पर बेटे की मौत में संलिप्तता होने का आरोप लगाया है।राममिलन का कहना है कि शिकायत दिए जाने के बावजूद न तो मुकदमा दर्ज किया गया है और न ही आरोपितों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई की गई है। इससे परिवार में आक्रोश व्याप्त है और परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं।परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वे न्याय के लिए उच्च स्तर पर गुहार लगाने को मजबूर होंगे। वहीं, क्षेत्र में भी यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## सपा नेता की ओमेगा क्लासेस समेत 9 कोचिंग सेंटर सील, 24 को नोटिस! मचा हड़कंप

**बरेली।** लखनऊ में हुए अग्निकांड के बाद जिले में अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को शहर में संचालित कोचिंग संस्थानों, कंप्यूटर सेंटरों और अन्य व्यावसायिक भवनों की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। एडीएम (नगर) अवनीश त्रिपाठी और एसपी (नगर) मानुष पारीक के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर संस्थानों के अग्निशमन उपकरणों, निकास मार्गों, स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप निर्माण और भवनों के उपयोग की स्थिति का निरीक्षण किया। अधिकारियों की टीम ने करगैना, सर्वोदय नगर, शांति विहार, मढ़ीनाथ, राजेंद्र नगर और दीनदयालपुरम क्षेत्र में संचालित कई कोचिंग संस्थानों, लाइब्रेरी और कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई संस्थान निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित नहीं पाए गए। कुछ स्थानों पर अग्निशमन व्यवस्था अपर्याप्त मिली तो कहीं भवन उपयोग और स्वीकृत मानचित्र से संबंधित अनियमितताएं सामने आईं। इस पर कार्रवाई करते हुए बरेली विकास प्राधिकरण और आवास विकास परिषद की ओर से पांच संस्थानों को सील कर दिया गया। अधिकारियों ने राजेंद्र नगर में केके अस्पताल रोड पर संचालित सपा नेता कलीमुद्दीन की ओमेगा क्लासेज, उसी रोड पर सुगम अग्रवाल द्वारा संचालित मैट्रिक्स लाइब्रेरी, राजेंद्र नगर चौराहा के पास इडु मंत्रा कोचिंग, शांति विहार स्थित राहुल शर्मा की सिंह कमर्शियल इंस्टीट्यूट, सिंह डिजिटल लाइब्रेरी, जनकपुरी स्थित मैडिट जी, परिवर्तन कामर्स क्लासेस, शरद कोचिंग और आशीष क्लासेस को सील किया है।

# वन विभाग ने पूर्व प्रधान के घर छापा शीशम के बोटें बरामद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निघासन-खीरी!** मझगई वन रेंज क्षेत्र के अंतर्गत दुबहा गांव में वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी कटान और तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। गुरुवार सुबह करीब 11:30 बजे वन विभाग की टीम ने दुबहा गांव के पूर्व प्रधान इरफान के घर पर औचक छापेमारी की। इस दौरान टीम ने घर के भीतर छुपाकर रखे गए बेशकीमती शीशम के आठ बोटे, भारी मात्रा में शीशम का चिरान और एक अवैध लकड़ी कटर मशीन बरामद की है। वन विभाग की इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, वन विभाग को पुख्ता गुप्त सूचना मिली थी कि दुबहा गांव में बड़े पैमाने पर शीशम के हरे पेड़ों का अवैध कटान कर लकड़ी को एक घर में डंप किया गया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग की टीम ने बिना वक्त गंवाए सुबह साढ़े ग्यारह बजे पूर्व प्रधान के ठिकाने पर घेराबंदी कर दबिश दे दी। तलाशी के दौरान घर के अंदर का नजारा देख अधिकारी भी दंग रह गए। घर के भीतर से भारी मात्रा में कीमती शीशम के बोटे और चिरान बरामद हुए, जिसे टीम ने तुरंत अपने कब्जे में ले लिया। मौके से लकड़ी चीरने वाली कटर मशीन भी जब्त की गई है। छापेमारी की भनक लगते ही घर पर मौजूद सभी आरोपी चकमा देकर मौके से फरार होने में कामयाब रहे। वन विभाग ने इस मामले में कुल 6 लोगों को नामजद करते हुए वन अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। नामजद आरोपियों में दुबहा के पूर्व प्रधान इरफान, गुड्डू पुत्र एजाज, सर्वेश पुत्र कल्लू, इस्माइल उर्फ छोटे, चुन्नू और प्रकाश के नाम शामिल हैं। वन विभाग ने बरामद कीमती लकड़ी और कटर मशीन को सीज कर दिया है। हालांकि, अभी तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है कि शीशम के इन प्रतिबंधित पेड़ों का कटान किस सरकारी या आरक्षित वन क्षेत्र से किया गया था। विभाग इसकी गहनता से जांच कर रहा है।

रेंजर अंकित सिंह ने बताया कि वन संपदा का अवैध कटान और तस्करी करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। दुबहा गांव में हुई बरामदगी के मामले में आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए वन विभाग की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। आगे भी ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## निर्जला एकादशी पर ग्रामीणों ने शरबत पिलाकर गर्मी से निजात दिलाई



**बरेली/**जेठ मास की भीषण गर्मी से लोगों का बुरा हाल है इस तपती धूप में भाजपा नेता महेश पाल ने आज विकासखंड भदपुरा के अंतर्गत रुकुमपुर क्यों लड़िया मार्ग पर स्थित राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए रोड पर शरबत का प्याऊ लगाकर लोगों को इस भीषण गर्मी से राहत दिलाने का कार्य किया। इसके चलते लोगों ने शरबत ग्रहण कर गर्मी से राहत महसूस की और इस पूर्ण कार्य के लिए लोगों ने आयोजन का आभार व्यक्त किया और कहा इस भीषण गर्मी में यह बड़ी उपलब्धि है इन लोगों को शरबत ग्रहण करने के बाद गर्मी से राहत मिल रही है यह कार्य लोगों ने आज निर्जला एकादशी के दिन आयोजन किया गया है।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर जान देने का किया प्रयास, हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर।** पत्नी से चल रहे पारिवारिक विवाद से आहत एक युवक ने गुरुवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। समय रहते परिजनों की नजर पड़ गई, जिससे उसकी जान बच गई। गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। तिलहर क्षेत्र के गांव फिरोजपुर निवासी संतोष ने बताया कि उनके चचेरे भाई बिपिन का विवाह कुछ समय पूर्व हुआ था। विवाह के बाद पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद रहने लगा था। विवाद के चलते उसकी पत्नी लंबे समय से मायके में रह रही है। बताया गया कि बुधवार को बिपिन अपनी ससुराल में आयोजित एक पारिवारिक शादी समारोह में शामिल होने गया था। गुरुवार सुबह वह वापस घर लौटा। परिजनों के अनुसार घर पहुंचने के कुछ देर बाद बिपिन अपने कमरे में चला गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी समय तक बाहर न निकलने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने कई बार आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया। कमरे के अंदर का दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए। बिपिन फंदे से लटका हुआ था। आनन-फानन में उसे नीचे उतारा गया और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की सूचना अस्पताल प्रशासन द्वारा पुलिस को दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि अस्पताल से सूचना प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# ई-पंजीकरण व्यवस्था के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, तहसील परिसर में दिया धरना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**तिलहर।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित ई-पंजीकरण मॉड्यूल के विरोध में गुरुवार को बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर धरना दिया। अधिवक्ताओं ने सरकार से नई व्यवस्था को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि मांगों पर विचार न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। बार एसोसिएशन सभागार में अध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव एवं महामंत्री राहुल देव सागर के नेतृत्व में आयोजित बैठक में ई-पंजीकरण व्यवस्था के प्रभावों पर चर्चा की गई। अधिवक्ताओं ने कहा कि नई व्यवस्था लागू होने से अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक, स्टांप विक्रेता, टाइपिस्ट तथा अधिवक्ता लिपिकों समेत बड़ी संख्या में लोगों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो जाएगा। बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन कार्यालय से जुलूस निकालकर तहसील परिसर की ओर मार्च किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय, शहीद कुटी तथा उप निबंधक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। बाद में सभी अधिवक्ता रजिस्ट्री कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ गए। अध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव ने कहा कि ई-पंजीकरण व्यवस्था से पारंपरिक रूप से जुड़े हजारों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी। महामंत्री राहुल देव सागर ने कहा कि सरकार को अधिवक्ताओं और अन्य संबंधित वर्गों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्रस्तावित व्यवस्था पर पुनर्विचार करना चाहिए। धरने के दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि नई व्यवस्था से न्यायिक एवं राजस्व कार्यों से जुड़े विभिन्न वर्गों के रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। धरना-प्रदर्शन में जयओम गंगवार, कुलदीप गुप्ता, कुलेंद्र यादव, अरविंद कुमार सक्सेना, राघवेंद्र सिंह, अरुण कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मोतीपुर ट्रामा सेंटर में डॉक्टरों की लापरवाही से युवक की मौत का आरोप

**लखीमपुर खीरी–** फरधान थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे के घायल आकाश अवस्थी को नही मिला समय पर ईलाज,लिखापढ़ी में उलझे रहे डॉक्टर।डॉक्टरों की लापरवाही पर जब भड़के परिजन तो डॉक्टरों ने घायल को किया लखनऊ रेफर हुई,मौत।जिले के मोतीपुर स्थित ट्रामा सेंटर में डॉक्टरों की कथित लापरवाही से एक युवक की मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है परिजनों का आरोप डॉक्टरों ने दाखिले की कागजी कार्यवाही में समय बर्बाद, किया और तड़पता रहा घायल।कोतवाली सदर के बहादुर नगर निवासी आकाश अवस्थी का 22 जून को फरधान थाना के बौठा गांव के पास दर्दनाक एक्सीडेंट हुआ था।लापरवाह डॉक्टरों के विरुद्ध की कार्यवाही की मांग की गई है।

# बारात की खुशियां चंद पलों में मातम में बदलीं: टैंकर की टक्कर से दो बारातियों की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तिलहर-शाहजहांपुर।** हरदोई से तिलहर आई एक बारात की खुशियां बुधवार रात दर्दनाक हादसे में तब्दील हो गईं। शाहजहांपुर-बरेली हाईवे पर तेज रफ्तार टैंकर ने ओवरटेक के दौरान एक ईको कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ईको अनियंत्रित होकर पहले खड़ी बस से जा भिड़ी और फिर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे में दो बारातियों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद हाईवे पर करीब एक घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। जानकारी के अनुसार हरदोई जिले के थाना पिहानी क्षेत्र स्थित गांव राभा से बुधवार को तिलहर थाना क्षेत्र के गांव मौजमपुर में बारात आई थी। बारातियों की बस हाईवे किनारे खड़ी थी। रात करीब साढ़े दस बजे बारातियों को लेकर एक ईको वाहन बस के पास पहुंचा। इसी दौरान पीछे से आ रहे टैंकर चालक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया और ईको को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ईको बस से टकराकर खाई में जा गिरी। हादसे में गांव राभा निवासी अर्जुन (40) पुत्र प्रसादी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नासिकखेड़ा निवासी रामसेवक (55) पुत्र भोगनाथ ने मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में बबलू निवासी सहादतनगर, महादेव, अनुराग और सुशांत निवासी राभा सहित अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। बारात में शामिल लोग घायलों को बचाने के लिए दौड़ पड़े। दुर्घटना के चलते हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। बाद में क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया गया। मृतक रामसेवक के पुत्र सचिन ने बताया कि उनके पिता दिल्ली में सिलाई का कार्य करते थे। वह एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद बारात में आए थे। वहीं अर्जुन भी दिल्ली में सिलाई का काम करते थे और बारात में शामिल होने के लिए गांव से निकले थे। हादसे की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्राधिकारी इशिका सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया टैंकर चालक द्वारा लापरवाही से ओवरटेक करने के दौरान हादसा हुआ है। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं तथा मामले की जांच की जा रही है।

# .निर्जला एकादशी पर तहसील सदर में शरबत वितरण, सेवा और श्रद्धा का अनुपम संगम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** ज्येष्ठ मास की पावन निर्जला एकादशी के अवसर पर तहसील सदर बरेली परिसर में सेवा, श्रद्धा और जनकल्याण की भावनाओं से ओत-प्रोत शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता पंजीकरण केन्द्र तहसील सदर से जुड़े समस्त बीआरसी कर्मियों एवं शिक्षकों ने भीषण गर्मी के बीच राहगीरों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों तथा आमजन को ठंडा शरबत वितरित कर भारतीय संस्कृति की सेवा परंपरा को जीवंत किया। निर्जला एकादशी को सनातन धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण और पुण्यदायी व्रत माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन जल का त्याग कर भगवान विष्णु की आराधना करने से वर्ष भर की समस्त एकादशियों के समान फल प्राप्त होता है। इसी आध्यात्मिक भावना से प्रेरित होकर आयोजित शरबत वितरण कार्यक्रम ने मानव सेवा को ईश्वर सेवा के रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि निर्जला एकादशी केवल उपवास का पर्व नहीं, बल्कि दया, परोपकार और लोकमंगल का संदेश देने वाला महापर्व है। तपती गर्मी में प्यासे लोगों को शीतल पेय उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य माना गया है। शरबत ग्रहण करने वाले लोगों ने आयोजनकर्ताओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदनाओं का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस अवसर पर ऋषि कुमार, योगेन्द्र पाल सिंह (आजाद), रमेश कुमार, शशांक शेखर, आशीष दीक्षित, लकी सक्सेना, मनोज पाल, मेहराज आलम, सौरभ राठौड़, दीपक शर्मा, पंकज राठौड़, विनोद कुमार तथा यशवंत सहित अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय के वरिष्ठ सहायक रजत सक्सेना एवं उवेश साहू ने भी सहभागिता कर सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया। आयोजन के दौरान भगवान विष्णु के स्मरण के साथ सभी ने समाज में परोपकार, सद्भावना और सेवा भाव को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। उपस्थित जनों ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज को एकता, सहयोग और मानवता का संदेश देते हैं तथा नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति के मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं।

निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर आयोजित यह शरबत वितरण कार्यक्रम श्रद्धा, सेवा और जनकल्याण की भावना का सुंदर उदाहरण बनकर लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि धर्म का वास्तविक स्वरूप केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की सेवा और मानव कल्याण में निहित है।

## बरवर सब डिवीजन की बिजली व्यवस्था बेहाल, एसडीओ की कार्यशैली पर उठे सवाल

**बरवर।** गोला सर्किल के बरवर विद्युत उपखंड में बिजली व्यवस्था लगातार बदहाल बनी हुई है। क्षेत्रीय उपभोक्ताओं का आरोप है कि उपखंड अधिकारी (एसडीओ) अब्दुल अजीज के कार्यकाल में बिजली व्यवस्था में सुधार होने के बजाय समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि एसडीओ प्रायः कार्यालय समय से काफी देर बाद पहुंचते हैं और दोपहर 12 बजे से पहले कार्यालय में शायद ही दिखाई देते हों। इससे उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण में देरी होती है तथा विभागीय कार्य प्रभावित होते हैं।क्षेत्रवासियों का यह भी आरोप है कि शासन के निर्देशानुसार अधिकारियों को अपने तैनाती क्षेत्र में निवास करना चाहिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल मौके पर पहुंचा जा सके। लेकिन एसडीओ कथित रूप से सीतापुर से प्रतिदिन लगभग 50 किलोमीटर की दूरी तय कर ड्यूटी करने आते हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि फॉल्ट, लो-वोल्टेज और बिजली कटौती जैसी समस्याओं के समाधान में अपेक्षित तत्परता नहीं दिखाई दे रही है। इससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।क्षेत्रीय लोगों ने उच्च अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर जांच कराने तथा बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

# नीमगांव में सर्राफा व्यापारियों की बैठक, सुरक्षा के लिए CCTV लगाने की अपील



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नीमगांव, खीरी।** नीमगांव थाना परिसर में गुरुवार को थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीर कुमार गौतम की अध्यक्षता में सर्राफा व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों की सुरक्षा, अपराधों की रोकथाम एवं बाजार क्षेत्र की निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में थाना प्रभारी ने सभी सर्राफा व्यवसायियों से अपनी दुकानों के अंदर एवं बाहर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे न केवल अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने में सहायक होते हैं, बल्कि किसी भी घटना के शीघ्र खुलासे में महत्वपूर्ण साक्ष्य भी उपलब्ध कराते हैं। थाना प्रभारी प्रवीर कुमार गौतम ने व्यापारियों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। बैठक के दौरान सर्राफा व्यापारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और सुझावों से पुलिस को अवगत कराया। थाना प्रभारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान एवं हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में बेहजम के सर्राफा व्यापारी रमेश रस्तोगी, वीरू रस्तोगी, प्रह्लाद रस्तोगी तथा नीमगांव के बबलू रस्तोगी, रोहित रस्तोगी, अमन रस्तोगी सहित क्षेत्र के अनेक सर्राफा व्यवसायी उपस्थित रहे। सभी व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का भरोसा जताया।

# तीसरी आंख से होगी अमीर नगर गांव की रखवाली देवहा नदी के कहर से बचाने को की गई नदी की पिचिंग





**● 3 करोड़ 22 लाख की लागत से अमीरनगर गांव को बचाने के लिए बनी पिचिंग तीसरी आंख से होगी बाढ़ एवं पिचिंग की निगरानी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

विश्व देव राठौर

**बरेली/क्योलडिया।** भदपुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत अमीर नगर गुलडहाई में बाढ़ से बचाव के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा 3 करोड़ 22 लाख 45 हजार रुपए की पिचिंग बनाई गई है पिचिंग कार्य का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉ एमपी आर्य भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने हवन पूजन करने के बाद पिचिंग का शुभारंभ किया था। पिछले साल आई देवहा नदी में बाढ़ ने भयंकर तांडव मचाया और गांव के दाएं तरफ नदी में जमकर कटाव किया जिसमें किसानों की हजारो बीघा जमीन देवहा नदी में समा गई गांव को सुरक्षित रखने को पिचिंग बनाई गई और गांव को सुरक्षित रखा जाएगा पीचिंग को जून तक कार्य पूर्ण कर दिया गया है जबकि यह काम 27 जून तक पूरा होना था। साथ ही देवहा नदी एवं पिचिंग को देखने के लिए वहां पर तीसरी आंख यानी कैमरा लगाया गया है जिससे लखनऊ और बरेली के अधिकारीयों ने अपने मोबाइल से कनेक्ट किया गया है और यह अधिकारी गांव को देवहा नदी के शैलाव से प्रभावित एरिया की देखरेख कर सकेंगे इस दौरान अधिक्षासी अभियंता बाढ़ खंड नीरज कुमार सहायक अभियंता चंद्रपाल सिंह जूनियर इंजीनियर आशुतोष शर्मा भूपेंद्र सिंह आदि अधिकारियों की देखरेख में कार्य पूर्ण किया। गया है जेई आशुतोष शर्मा ने बताया कि 28 मार्च से लेकर जून 26 के बीच पिचिंग का कार्य पूर्ण हो गया है विभागीय अधिकारियों के अनुसार अब किसी भी स्थितिसे निपटने के लिए विभागसे लेकर शासन स्तर के अधिकारियों ने पूर्णतया तैयारी कर ली गई है ग्रामीणों को अब घबराने की जरूरत नहीं है।

## जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पालिकाध्यक ने किया सम्मानित



**गोला गोकर्णनाथ खीरी–** 25 जून बुधवार क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सुमन कुमार के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के अंतर्गत 17 जून को आयोजित जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को नगर पालिका परिषद गोला के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के द्वारा प्रमाण पत्रों का वितरण कर प्रतियोगियों का उत्साह वर्धन किया गया एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया ।नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने प्रतियोगियों को सम्बोधित करते हुए कहा,' योग बहुत महत्वपूर्ण है यह हमारी दिनचर्या का अंग होना चाहिए । क्योंकि योग से शरीर स्वस्थ रहता है तथा हमारे मस्तिष्क को तनावमुक्त रखता हैं, इस अवसर पर नामित सभासद शत्रोहन मिश्रा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, जिला मास्टर योग ट्रेनर एवं योग प्रशिक्षक शशि कान्त दीक्षित, पुस्तकालय संचालक सुरेन्द्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अवैध तमंचे और चोरी की ट्राली के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मैलानी-खीरी।**अपराधों की रोकथाम के चलते मैलानी पुलिस ने एक अदद तमंचा,जिंदा कारतूस और एक चोरी की ट्राली के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफतार। मैलानी थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में उपनिरीक्षक हिमांशु तथा आरक्षी दिनेश कुमार,नितिन कुमार और अरुण कुमार की टीम संदिग्ध गतिविधियों पर नज़र रखे हुई थी। 24 जून को पुलिस को सूचना मिली कि जंगल के रास्ते मठोकर जाने वाले कच्चे जंगल मार्ग से गुजरने वाले हैं।सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी कर दी।उसके बाद दो संदिग्ध इस्माइल पुत्र साबिर निवासी सकरा पुर पुवायां,शाहजहांपुर और फहीम निवासी वार्ड नं 11 मैलानी खीरी को गिरफ्तार किया।पुलिस ने दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(3) तथा आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय में पेश किया।जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।पुलिस अब इसकी भी जांच कर रही है कि चोरी की ट्राली कहां से आई और कहां ले जा रहे थे अवैध तमंचा किस उद्देश्य से रखा गया था।पुलिस गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों का पिछला अपराधिक रिकार्ड भी ढूंढ रही है।मैलानी पुलिस का कहना है कि अगर जांच में किसी व्यक्ति या गिरोह की संलिप्तता सामने आती है,तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत जनपद भदोही पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक।

उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मिशन शक्ति फेज-5.0 'द्वितीय चरण के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु जनपद भदोही पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागीके निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवालके पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों एवं महिला पुलिस कर्मियों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर भ्रमण कर छात्राओं, महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों तथा महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान महिलाओं को वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर हेल्पलाइन-1930, एम्बुलेंस सेवा-108, सीएम हेल्पलाइन-1076 सहित विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई तथा पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।भदोही पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु जागरूकता अभियान आगे भी निरंतर संचालित किया जाता रहेगा।तृत जानकारी दी गई।

### औचक निरीक्षण में अनुपस्थित मिली एएनएम, वेतन बाधित




**भदोही।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सन्तोष कुमार चक ने गुरुवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर इनारगांव का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एएनएम रीमा भारती मुख्यालय पर निवास नहीं कर रही हैं तथा नियमित रूप से सेवाएं नहीं दे रही हैं। सीएमओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रीमा भारती का जून 2026 का वेतन अग्रिम आदेश तक बाधित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक संबंधित एएनएम मुख्यालय पर निवास करते हुए प्रसव एवं स्वास्थ्य सेवाओं का नियमित संचालन सुनिश्चित नहीं करेंगी, तब तक उनका वेतन जारी नहीं किया जाएगा। सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

### भैंसा चोरी करने पहुंचे तीन युवक, मजदूर ने एक को दबोचा, दो फरार

**भट्ठे पर भैंसा चोरी का प्रयास विफल**



**भदोही।** सुरियावां थाना क्षेत्र के नजरपुर कृपालपुर स्थित एक ईट भट्ठे पर बुधवार की रात भैंसा चोरी का प्रयास उस समय विफल हो गया, जब भट्ठे पर सो रहे मजदूर की नींद खटर-पटर की आवाज से खुल गई। मजदूर ने साहस का परिचय देते हुए एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, ग्राम महजूदा निवासी अमृतलाल चौहान नजरपुर कृपालपुर स्थित एक ईट भट्ठे पर मजदूरी करते हैं। बुधवार रात वह भट्ठे पर सो रहे थे। देर रात अचानक कुछ आवाज सुनाई देने पर उनकी नींद खुल गई। उन्होंने देखा कि तीन युवक भैंसा चोरी करने का प्रयास कर रहे हैं। अमृतलाल चौहान ने तत्परता दिखाते हुए एक युवक को पकड़ लिया, जबकि उसके दो साथी मौके से भाग निकले। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। बाद में सम्भ्रांत लोगों की मौजूदगी में पकड़े गए युवक को सुरियावां पुलिस के हवाले कर दिया गया। अमृतलाल चौहान ने सुरियावां पुलिस को लिखित तहरीर देकर मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है तथा फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# यमराज के यहाँ 'वीआईपी' नहीं चलता: मरने के बाद तेरी असली औकात!

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



मुंबई/इंद्र यादव/आजकल शहर में बड़ा शोर है, 'मैं ये कर लूँ, मैं वो कर लूँ।' लोग अपनी 'औकात' के गुब्बारे हवा में इतने फुला रहे हैं कि किसी दिन खुद ही फट जाएंगे। लेकिन एक बात भूल जाते हैं–ये जो मौत खड़ी है ना, ये किसी की सगी नहीं होती। जब वो आती है, तब तेरी गाड़ी, तेरी डिग्री, तेरा बैंक बैलेंस और तेरा ये 'एटीट्यूड' सब एक झटके में रद्दी हो जाता है।

**मरने के बाद औकात क्या है!**

सीधी बात नो बकवास–मरने के बाद तेरी औकात बस इतनी है कि तू कितना जल्दी 'सड़ने' वाला है और कितने दिन बाद लोग तेरा नाम भूलने वाले हैं। वो चार कंधे और दो गज जमीन: तू कितना बड़ा डॉन हो, या कितना बड़ा करोड़पति, जब ऊपर वाला 'पुल आउट' करता है, तो चार लोग ही तुझे उठाएंगे। न कोई तेरा वीआईपी पास काम आएगा, न तेरी फेसबुक की फैन फॉलोइंग। मिट्टी के नीचे सब बराबर हैं–वहां कोई नहीं पूछेगा कि तूने कितना कमाया था। यादों का 'एक्सपायरी डेट': तू मर गया, तो लोग ज्यादा से ज्यादा दो-चार दिन रोएंगे। फिर! फिर सब अपनी अपनी रोटियां सेकने में लग जाएंगे। तेरी जगह पर कोई और बैठ जाएगा, और तेरा नाम फ़ोन की कांटेक्ट लिस्ट से डिलीट होने में ज्यादा टाइम नहीं लगेगा। दुनिया को फर्क नहीं पड़ता कि तू क्या था, दुनिया बस ये देखती है कि तूने जाते-जाते पीछे क्या छोड़ा। असली कमाई क्या है! भाई, असली औकात वो नहीं जो तूने तिजोरी में बंद कर रखी है। असली औकात वो है जो तूने लोगों के दिलों में कमाई है। अगर मरने के बाद लोग तुझे 'दुआ' दें, तो समझ लेना तूने बाजी मार ली। वरना, करोड़ों कमा के भी अगर लोग तुझे गाली देके याद कर रहे हैं, तो भाई तू 'लूजर' ही मरा है।

**कड़वा है,लेकिन सच ये है!**

हम सब यहाँ किराए के मेहमान हैं। तू जितना भी अकड़ दिखा ले, जिस दिन वो ऊपर वाला 'चेकआउट' का मैसेज भेजेगा, उस दिन तुझे अपना सारा फालतू का 'ईगो' यहीं छोड़ के जाना पड़ेगा। वहाँ न कोई प्रोटोकॉल है, न कोई जुगाड़। तो सुन, अपनी औकात बढ़ाने के चक्कर में किसी का बुरा मत कर। मरना तो सबको है, पर क्या तूने जीने का तरीका सीखा है? मरने के बाद तेरी कोई औकात नहीं रहेगी, इसलिए जब तक सांसे चल रही हैं, कुछ ऐसा कर कि तेरी गैरमौजूदगी में लोगों को तेरी कमी महसूस हो। वरना, याद रखना–मिट्टी से आए थे, मिट्टी में ही मिल जाना है। फिर किस बात की ये हेकड़ी, और किस बात का ये घमंड!सोच लेना!

## कौलापुर अंडरपास के समीप दो बाइक की आमने-सामने टक्कर, चार घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस लेन पर कौलापुर मे गुरुवार को अंडरपास के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार लोग घायल हो गए। हादसे में दो युवकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, आदर्श तिवारी, 20 वर्ष, पुत्र विजय कुमार तिवारी निवासी ग्राम गिराई अपनी बहन नितिका तिवारी,14 वर्ष और कशिश तिवारी, 16 वर्ष के साथ एक ही बाइक पर दानीपट्टी स्थित अपने मामा के घर से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान कौलापुर अंडरपास के समीप सर्विस लेन पर सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई।दूसरी बाइक पर सवार विनीत कुमार पाल, 26 वर्ष, पुत्र वंशराज पाल निवासी औसानपुर गिरिया भाला चौरी ड्यूटी पर जा रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज लाया गया। चिकित्सकों ने आदर्श तिवारी और विनीत कुमार पाल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया। दोनों किशोरियों नितिका और कशिश का उपचार सीएचसी में किया गया। दुर्घटना के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।पुलिस दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## उ0प्र0 सरकार की म्रहत्वाकांक्षी योजना अभियान

● 'मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा पचौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को किया जा रहा हैजागरूक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही उ0प्र0** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद भदोही में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवालजनपद भदोही के पर्यवेक्षण में 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के अन्तर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने व महिलाओं की सुरक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जनपद के सभी थानों द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है तथा ग्राम चौपाल लगाकर समस्याओं के त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण हेतु ग्रामीणों से संवाद कर जागरुक किया गया । इसी क्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपाय, गुड टच / बैड टच की पहचान, उनके अधिकारों तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि बस, रास्तों एवं सार्वजनिक स्थलों पर मनचलों/शोहदों द्वारा छेड़खानी की घटना होने पर भयभीत न हों, बल्कि तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा निकटतम थाने पर जाकर एफआईआर दर्ज कराएं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक एवं इंस्टाग्राम आदि का सावधानीपूर्वक उपयोग करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महिलाओं एवं बालिकाओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए स्वयं नियमों का पालन करने तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन , 181 वीमेन हैल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा , 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइवर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में

# ड्रमंडगंज मे हनुमान मंदिर के बगल में चल रहा देह व्यापार का धंधा ग्रामीणों में आक्रोश

● ड्रमंडगंज मे दुर्गा मंदिर के पास दारू का ठेका व मांस मदिरा की दुकान ग्रामीणों में भारी आक्रोश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे के बगल हनुमान मंदिर के पास वन विभाग की जमीन पर कच्चे मकान में चल रहा है देह व्यापार का धंधा। ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि ड्रमंडगंज मे पूर्व में एक बार प्रशासन के द्वारा हटवाया गया था फिर दोबारा धंधा चालू कर लिया गया है ऐसे में ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग करना चाहते हैं कि मंदिर के बगल से ऐसा अवैध धंधा बंद कर जाए जिससे लोग मंदिर पर। सुरक्षित जाकर पूजा कर सके ऐसे धंधा को देखकर लोग मंदिरों पर जाने से डरते हैं की कही फर्जी आरोप लगाकर दूसरी कहानी न रच दिया जाए।

**ड्रमंडगंज मे दुर्गा मंदिर के पास दारू का ठेका व मांस मदिरा की दुकान ग्रामीणों में भारी आक्रोश**

वही ड्रमंडगंज दुर्गा मंदिर के पास दारू का ठेका वह मांस मदिरा की दुकान चल रहा है जिससे लोग मंदिरों पर पूजा करने के लिए नहीं जा पाते हैं वही मंदिर के बगल में दारू की दुकान पर लोग दारू। पीकर गाली गलौज मारपीट करते रहते हैं कई बार इसकी शिकायत थाना अध्यक्ष से भी किया गया लेकिन मौके पर नहीं हुई किसी के ऊपर कारवाई ग्रामीणों का मांग है कि वहां से दारू का ठेका हटाकर कहीं दूसरे जगह कर दिया जाए जिससे मंदिर पर सुरक्षित दर्शन पूजा कर सके दारु बाजो के डर से महिलाएं भी मंदिर पर नहीं जा पाती हैं। वही ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि कई बार दोनों चल रहे अवैध कारोबार का शिकायत ग्रामीणों ने किया लेकिन प्रशासन का कोई नजर अवैध कारोबारियों पर नहीं है जिससे लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है ड्रमंडगंज के नोक्ड पर दो मंदिर पड़ती है दोनों मंदिरों को अवैध कारोबारी ने घेर रखा है जिससे पूरा क्षेत्र इस अवैध कारोबार करने वालों से परेशान है यहां तक की हनुमान मंदिर के पास चल रहे अड्डे पर कोई व्यक्ति बाइक से जाता है तो उसको जबरदस्ती बुलाया जाता है ग्रामीणों ने बताया कि एक तरफ जहां सरकार मंदिर पर शख्स है वहीं दूसरी तरफ अवैध कारोबारीयों ने सरकार के दावा को फेल करते दिखाई दे रहे है ऐसे में ग्रामीणों का जिला प्रशासन से मांग है कि कठोर से कठोर कार्रवाई करके दोनों अड्डों को समास कराया जाए।

# एडीयो पंचायत हलिया से साठ गाठ करके मलाई काट रहे हैं ग्राम पंचायत में बैठे सचिव

● ग्राम पंचायत में पंचायत विभाग का पड़ा है आधार अधूरा कार्य कौन है इसका जिम्मेदार।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हलिया मीरजापुर।** हलिया विकासखंड के लगभग ग्राम पंचायत में पंचायत विभाग के आधे अधूरे पड़े हैं कार्य 4 वर्ष से ब्लॉक पर बैठकर मलाई काट रहे हैं एडीयो पंचायत रूपेश श्रीवास्तव से ग्राम पंचायत में बैठे सचिवो की अच्छी है साठ गाठ ग्राम पंचायत में पंचायत विभाग के ज्यादातर काम आधे अधूरे पड़े हैं 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी एक भी ग्राम पंचायत में पूर्ण कार्य नहीं देखने को मिलेगा लगभग ग्राम पंचायत में आर आरसी सेटर आधे अधूरे पड़े मिलेंगे ना तो किसी में लाइट बत्ती की व्यवस्था है आधा से ज्यादा ध्वस्त होने की कगार पर हो गए हैं कहीं पर कोई भी केंद्र संचालित नहीं मिलेगा वही ग्राम पंचायत में बने दिव्यांग शौचालय आधे अधूरे पड़े हैं पूरे जिले में अगर किसी ब्लॉक की दयनी स्थित है तो वह है हलिया विकासखंड जहां पर 4 वर्ष बित जाने के बाद भी किसी भी ग्राम पंचायत में नहीं हुआ है पूर्ण कार्य सिर्फ एक गांव को पूर्ण करके अधिकारियों के दौड़े को निपटाने का काम किया जाता है वहीं कई ग्राम पंचायत का शिकायत अधिकारियों से किया गया लेकिन ब्लॉक पर बैठे मुखिया के द्वारा मोटी रकम लेकर वहीं पर दबा दिया जाता है सचिवों से अच्छा साठ गाठ करके कहानी बता कर एडीयो पंचायत झाड़ लेते हैं अपना पल्ला वही आज तक ग्राम पंचायत में बन रहे अंत्येष्टि स्थल अभी भी लगभग ग्राम पंचायत में आधे अधूरे पड़े हैं नहीं हो पाया है पूर्ण सिर्फ कहानी बताते हैं पंचायत विभाग के अधिकारी

# मीरजापुर में भीषण सड़क हादसा: डीसीएम की टक्कर से दो चचेरी बहनों की दर्दनाक मौत, चाचा गंभीर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के डगमगपुर चौराहे के पास गुरुवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया। एक तेज रफ्तार डीसीएम ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण दुर्घटना में दो चचेरी बहनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनके चाचा गंभीर रूप से घायल हैं। घटना उस समय हुई जब तीनों बाइक से दवा लेने जा रहे थे।

**मुख्य बिंदु: कैसे और कहां हुआ हादसा?**

पीड़ित परिवार: देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के लच्छा पट्टी गांव के रहने वाले भोलानाथ अपनी दो भतीजियों संगीता (19 वर्ष) और अमृता (3 वर्ष) को बाइक पर बैठाकर दवा दिलाने सतेगढ़ जा रहे थे। टक्कर का स्थान: दोपहर के समय जैसे ही बाइक पड़री थाना क्षेत्र के डगमगपुर चौराहे के पास पहुंची और सड़क पार करने लगी, तभी वाराणसी-मीरजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुनार से मीरजापुर की तरफ आ रहे एक तेज रफ्तार डीसीएम ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हृदयविदारक दृश्य: टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बहनें उछलकर दूर जा गिरीं और ट्रक के पहियों की चपेट में आ गईं। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अस्पताल में कोहराम: हादसे के बाद स्थानीय राहगीरों की मदद से सभी को चुनार के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों बहनों को मृत घोषित कर दिया। घायल चाचा भोलानाथ का इलाज जारी है। हादसे की खबर मिलते ही गांव और परिवार में मातम पसर गया है।

**पुलिस की कार्रवाई: वाहन जब्त, मुकदमा दर्ज**

घटना की सूचना मिलते ही पड़री थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले डीसीएम ट्रक को जब्त कर लिया है। पड़री पुलिस द्वारा इस मामले में मुकदमा अपराध संख्या 180/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं में केस दर्ज किया गया है:

### भरत तिवारी के फर्जी इनकाउंटर पर आदर्श ब्राह्मण मंच ने जताया विरोध। भरत तिवारी को दी गई श्रद्धांजलि।

**चुनार, मीरजापुर।** बुधवार को नगर के गंगेश्वर नाथ स्थित श्री राघव जी मंदिर में आदर्श ब्राह्मण मंच की बैठक में बिहार में फर्जी इनकाउंटर में मारे गए भरत तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ ब्रह्मानंद शुक्ल ,संचालन राजेश मिश्रा पत्रकार ने किया। बैठक को डॉ ,ब्रह्मानंद शुक्ला ,लक्ष्मी शंकर पांडे,नंदकिशोर तिवारी,अखिलेश पांडेय,अरविंद त्रिपाठी द्वारा संबोधित किया गया। वक्ताओं ने भरत तिवारी को फर्जी इनकाउंटर में मारे जाने को गलत बताते हुए ब्राह्मणों का आह्वान किया किया कि अब ब्राह्मणों को एकजुट होना आवश्यक है। इस अवसर पर मुन्ना चौबे,डॉ दिनेश कुमार अवस्थी,दीपक उपाध्याय,श्रावण कुमार अवस्थी,प्रतीक राव बैद्य,अतुल मिश्रा, उत्कर्ष मिश्रा,अखिलेश तिवारी,डब्लू मिश्रा,बिभु अवस्थी,अनिल मिश्रा इत्यादि उपस्थित रहे।

### प्राण प्रतिष्ठा कर भगवान परशुराम जी की मूर्ति स्थापित



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ओबरा,सोनभद्र।** बुधवार को ओबरा सोनभद्र में पंडित कमलाकांत उपाध्याय राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण महासभा वाराणसी के मुख्य आतिथ्य एवं पंडित नंदलाल पांडे के निर्देशन में भगवान श्री परशुराम का भव्य मंदिर बनाकर उसमें वैदिक रीति से भगवान श्री परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई द्य इस अवसर पर शहर में महिलाओं द्वारा शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा निकाली गईद्य भगवान परशुराम जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत पूजन हवन यज्ञ द्वारा संपादित किया गया एवं प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैलेंद्र चौबे, प्रमोद कुमार शुक्ला, पुष्पराज पांडे, डॉक्टर अरुण कुमार उपाध्याय, जनार्दन त्रिपाठी,स्नेह द्विवेदी आदि ने भगवान परशुराम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार व्यक्त किया।

## बेसिक विभाग के शिक्षकों की मिनी कार्यशाला का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चुनार, मीरजापुर ।** खंड शिक्षा अधिकारी विकास खंड राजगढ़ संजय कुमार द्वारा बुधवार को प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों के लिए मिनी कार्यशाला का आयोजन उदितनगर,भेड़ी में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त कार्यशाला में शिक्षकों को आगामी शिक्षा सत्र में संचालित होने वाली विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों,गतिविधियों के संचालन में आने वाली चुनौतियों व समाधान पर चर्चा-परिचर्चा की गयी। गत शैक्षिक सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के शिक्षकों का सम्मान व औसत प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को अभिप्रेरित किया गया। कार्यशाला में एआरपी अशोक सिंह,अरुण दूबे,अनिल कुमार सिंह, पूर्व एआरपी ओम राहुल सिंह द्वारा विभिन्न विषयों पर शिक्षकों का मार्गदर्शन किया गया। कार्यशाला में तेंदुआकला, सक्तेशगढ़,खानजादीपुर, पटिहटा व सरिया न्यायपंचायत के विद्यालयों के सहायक अध्यापक उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त मनोवैज्ञानिक डा.कोमल चंद्र सराफ को भावभीनी श्रद्धांजलि

● अमेरिका के ट्रेंटन नगर में निधन, श्रद्धांजलि सभा में समाज के गणमान्य लोग हुए शामिल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** ललितपुर में जन्मे एवं अमेरिका में रहकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले प्रख्यात क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट और समाजसेवी डा.कोमल चंद्र सराफ का 19 जून 2026 को अमेरिका के न्यू जर्सी राज्य के ट्रेंटन नगर में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही ललितपुर सहित भारत और अमेरिका में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी पावन स्मृति में गुरुवार को श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन आटा मंदिर धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा में दिगम्बर जैन पंचायत समिति पदाधिकारी, समाज के वरिष्ठजन, सराफ परिवार के सदस्य, रिश्तेदार, मित्रगण तथा लायन्स इंटरनेशनल के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और समाज के प्रति योगदान को याद किया। डा.कोमलचंद्र सराफ का जन्म ललितपुर में हुआ था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा यहीं प्राप्त की तथा आगे की शिक्षा श्री वर्णी जैन कॉलेज और डीएवी कॉलेज कानपुर से ग्रहण की। इसके बाद उन्होंने रांची में अध्ययन किया और अमेरिका जाकर कैलिफोर्निया स्कूल ऑफ प्रोफेशनल साइकोलॉजी से क्लिनिकल साइकोलॉजी में पीएचडी की उपाधि हासिल की। उन्होंने करीब 45 वर्षों तक अमेरिका में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के रूप में सेवाएं दीं। मानसिक तनाव, अवसाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक समस्याओं से जूझ रहे हजारों लोगों को उन्होंने परामर्श और उपचार के माध्यम से नई दिशा प्रदान की। भारतीय एवं दक्षिण एशियाई समुदाय के बीच वह एक विश्वसनीय मार्गदर्शक और सहारा के रूप में विशेष पहचान रखते थे। मानव सेवा, शिक्षा, शोध एवं क्लिनिकल साइकोलॉजी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2025 में उन्हें अमेरिका का प्रतिष्ठित अल्बर्ट नेल्सन मार्किवस लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया था। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी2 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सन्मति सराफ ने कहा कि डा.कोमल चंद्र सराफ केवल परिवार के सदस्य नहीं बल्कि पितातुल्य संरक्षक, मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत थे। उनके संस्कार, स्नेह और मार्गदर्शन ने परिवार के प्रत्येक सदस्य के जीवन को नई दिशा दी। डा.नीलम सराफ ने कहा कि डा.सराफ परिवार में स्नेह, विश्वास और अपनत्व के प्रतीक थे। उन्होंने सदैव परिवार को एकजुट रखा और अपने ज्ञान, सेवा तथा मानवीय मूल्यों के बल पर समाज में विशिष्ट पहचान बनाई। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। सभा में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि डा.कोमल चंद्र सराफ का संपूर्ण जीवन मानव सेवा, करुणा, ज्ञान और नैतिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने अपने कार्यों से असंख्य लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर सराफ परिवार ने भारत एवं अमेरिका से दूरभाष, संदेश, ई-मेल और व्यक्तिगत रूप से संवेदनाएं व्यक्त करने वाले सभी परिजनों, मित्रों, शुभचिंतकों, दिगम्बर जैन समाज एवं लायन्स इंटरनेशनल परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

**2025 में मिला था प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान**

क्लिनिकल साइकोलॉजी और मानव सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. कोमल चंद्र सराफ को वर्ष 2025 में अमेरिका के प्रतिष्ठित अल्बर्ट नेल्सन मार्क्विस लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया था। यह सम्मान उनके दीर्घकालीन उत्कृष्ट कार्यों और समाज सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक माना जाता है।

# संक्षिप्त खबरें

## मिर्जापुर मार्ग पर खुले नालों से बढ़ा हादसे का खतरा,प्रशासन से तत्काल मरम्मत की मांग



**नैनी, प्रयागराज।** मिर्जापुर मार्ग पर सड़क के किनारे बने नालों की स्थिति गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क के किनारे बने कई नालों के ढक्कन टूट चुके हैं या पूरी तरह से गायब हैं, जिससे राहगीरों के लिए जान का खतरा उत्पन्न हो गया है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी अधिक खतरनाक हो जाती है, क्योंकि पानी भरने पर सड़क और नाले का स्तर लगभग समान हो जाता है। ऐसे में अनजान लोग, विशेषकर पैदल यात्री और दोपहिया वाहन चालक, अनजाने में खुले नालों में गिर सकते हैं, जिससे गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कई स्थानों पर नालों के अंदर सरिया (लोहे की छड़ें) भी निकली हुई हैं, जो किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। लोगों का कहना है कि यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।नागरिकों ने प्रयागराज प्रशासन से मांग की है कि मिर्जापुर मार्ग पर सभी क्षतिग्रस्त नालों के ढक्कनों की तत्काल मरम्मत और प्रतिस्थापन कराया जाए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## जल जीवन मिशन के सोलर पैनल चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज।** नवाबगंज पुलिस जल जीवन मिशन के तहत लगाए गए सोलर पैनलों की चोरी के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के चार सोलर पैनल बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया है।। पुलिस के अनुसार थाना नवाबगंज में पंजीकृत मुकदमा संख्या 247/ 2026, धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता से संबंधित मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त रजनीश पटेल को गुरुवार को थाना क्षेत्र के ग्राम कौड़िहार स्थित धरनीधर का पुरा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए चार सोलर पैनल भी बरामद किए। पुलिस जांच में सामने आया कि 15 और 16 जून 2026 की रात अटरामपुर क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना के तहत स्थापित सोलर पैनलों को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नवाबगंज में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। विवेचना और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी को दबोचने में सफलता प्राप्त की। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में धारा 317(2) भारतीय न्याय संहिता की बढ़ोत्तरी करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रजनीश पटेल पुत्र राम कैलाश पटेल, निवासी ग्राम मानी उमरपुर, थाना मऊआइमा, जनपद प्रयागराज के रूप में हुई है। उसकी उम्र लगभग 24 वर्ष बताई गई है।

## कठिन परिश्रम व दृढ़ संकल्प से लेफ्टिनेंट अमन पाल ने किया क्षेत्र को गौरवान्वित- सांसद प्रवीण पटेल



**ब्यूरो प्रयागराज।** 'कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास सफलता का मूल मंत्र है' इस कथन को लेफ्टिनेंट अमन पाल जी ने चरितार्थ कर परिवार, समाज व क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उक्त बातें फूलपुर लोकसभा के सांसद प्रवीण पटेल ने सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। वर्तमान समय में जहां युवा सोशल मीडिया पर अपने कीमत समय को जाया कर रहे हैं वहीं लेफ्टिनेंट अमन पाल ने सेल्फ अध्ययन कर सभी को प्रेरणा देने का काम किया है निश्चित रूप से भविष्य में क्षेत्र और भी होनहार इस तरह की उपलब्धि अर्जित कर सम्मानित होंगे उक्त बातें ईशा आर डी पी स्कूल एण्ड कालेज बाबूगंज के प्रबन्धक विजय पाल ने कही कार्यक्रम में उपस्थित रणविजय यादव एडवोकेट ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर बाबादीन पाल, अशोक यादव (नेता) रामभवन पाल, रामदीन पाल मूलचंद पाल, शैलेन्द्र पाल संदीप दूबे गप्पू प्रधान महेंद्र पाल, कामता प्रसाद पाल , कृष्ण राज पाल, अनिरुद्ध पाल आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# PMO ने राम मंदिर ट्रस्ट से मांगा था चंदे का हिसाब, चंपत राय ने जांच का हवाला देकर जानकारी देने से किया इनकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** अयोध्या के राम मंदिर में दान और चढ़ावे में चोरी के मामले में एक नया खुलासा हुआ है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सचिव चंपत राय ने विशेष जांच टीम (एसआईटी) की जांच का हवाला देते हुए ट्रस्ट की आमदनी, खर्च, दान और बैंक खातों समेत संबंधित जानकारी देने से इनकार कर दिया है। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) नेता रजनीश सिंह की ओर से प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में दी गई शिकायत को जरूरी कार्रवाई के लिए अयोध्या जिला प्रशासन को भेजा गया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विशु राजा को 23 जून को लिखे पत्र में अपर जिलाधिकारी (कानून-व्यवस्था) इंद्रकांत द्विवेदी ने कहा कि उन्होंने शिकायत में मांगी गई जानकारी के लिए राय से संपर्क किया था। पत्र के मुताबिक राय ने उन्हें बताया है कि कथित चढ़ावा चोरी मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा जांच अभी जारी है और एसआईटी सभी जरूरी जानकारियां इकट्ठा कर रही है।द्विवेदी ने बताया कि राय ने कहा है कि मामले में जारी जांच को देखते हुए वांछित जानकारी नहीं दी जा सकती। बीजेपी नेता रजनीश सिंह ने 12 जून को पीएमओ में दर्ज करायी गयी शिकायत में मांग की थी कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को निर्देश दिया जाए कि वह अपने गठन की शुरुआत से लेकर अब तक के अपने सभी वित्तीय और संपत्ति संबंधी विवरण सार्वजनिक करे। इस सप्ताह की शुरुआत में पीएमओ द्वारा भेजी गई इस शिकायत में कई जानकारियों को सार्वजनिक करने की मांग की गई थी। पीएमओ ने 'समर्पण निधि' अभियान के जरिए एकत्र किये गये धन, अलग-अलग तरीकों से मिले दान, सोने-चांदी और गहनों के रूप में मिले योगदान, बैंक खातों और वित्तीय लेन-देन, ज़मीन की खरीद-बिक्री, मंदिर निर्माण और प्रशासन पर हुए खर्च और ऑडिट तथा निरीक्षण रिपोर्ट शामिल हैं। सिंह ने शिकायत में कहा कि भारत और दूसरे देशों में करोड़ों भक्तों ने राम मंदिर के निर्माण में योगदान किया है इसलिए उन्हें यह जानने का नैतिक और लोकतांत्रिक अधिकार है कि दान और चढ़ावे का इस्तेमाल किस तरह से किया गया है।

## जिला वृक्षारोपण, गंगा एवं पर्यावरण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पॉलिथीन प्रतिबंध तथा ई-वेस्ट निस्तारण से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों, नगर पालिका, नगर पंचायतों एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (Solid Waste Management) का निस्तारण निर्धारित एसओपी के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कूड़ा निस्तारण व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भदोही को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि नगर क्षेत्र में कूड़े के संग्रहण एवं निस्तारण की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। सार्वजनिक स्थानों एवं सड़कों पर कूड़ा फेंकने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर जुर्माना लगाया जाए तथा स्वच्छता नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए।उन्होंने कहा कि पॉलिथीन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है, इसलिए इसके उपयोग, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध नियमित अभियान चलाते हुए दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# मूल्यांकन में गड़बड़ी के विरोध में रज्जू भैया विश्वविद्यालय में छात्रों का प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) राज्य विश्वविद्यालय, प्रयागराज के नैनी परिसर में गुरुवार को विधि (एलएलबी) छठे सेमेस्टर के छात्रों ने मूल्यांकन में कथित गड़बड़ी को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए परीक्षा परिणामों की निष्पक्ष जांच और पुनर्मूल्यांकन की मांग की। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप है कि हाल ही में घोषित किए गए छठे सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में अनेक विद्यार्थियों को अपेक्षा से बेहद कम अंक दिए गए हैं। कई ऐसे छात्र, जिनका शैक्षणिक प्रदर्शन पूर्व में बेहतर रहा है, उन्हें भी असामान्य रूप से कम अंक प्राप्त हुए हैं। इससे छात्रों में असंतोष और चिंता का माहौल है। छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में एकत्र होकर नारेबाजी की और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उनका कहना था कि मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी दिखाई दे रही है, जिससे विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। छात्रों ने उत्तर पुस्तिकाओं की दोबारा जांच कराने तथा संपूर्ण मूल्यांकन प्रक्रिया की समीक्षा करने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की भी मांग की। वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। अधिकारियों का कहना है कि छात्रों द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं की समीक्षा की जाएगी और यदि कहीं कोई त्रुटि पाई जाती है तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन के दौरान स्थिति शांतिपूर्ण बनी रही। प्रशासनिक अधिकारियों और विश्वविद्यालय कर्मियों ने छात्रों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उचित समाधान का भरोसा दिलाया।

## दीवार पर उगे बरगद के पौधे को बचाकर गमले में किया रोपित




**ज्ञानपुर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता ने गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय कंसापुर में विद्यालय की दीवार पर उगे बरगद के पौधे को सुरक्षित निकालकर गमले में रोपित किया। उन्होंने बताया कि पौधा बड़ा होने पर उसे सुरक्षित स्थान पर लगाया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ पशु-पक्षियों को भी आश्रय मिल सके। इस अवसर पर बच्चों को पौधों के संरक्षण का संदेश दिया गया। पौधारोपण में प्रीति पाल, महेश, अनुराग एवं अमन ने सहयोग किया। उल्लेखनीय है कि अशोक कुमार गुप्ता 10 अक्टूबर 2017 से लगातार वृक्षारोपण अभियान चला रहे हैं।

## निर्जला एकादशी पर 'आहार ग्राम' द्वारा राहगीरों को शरबत व शीतल जल का वितरण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर सामाजिक संस्था 'आहार ग्राम' के बैनर तले राहगीरों के लिए शरबत एवं शीतल जल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के संचालक एवं समाजसेवी अंकुर मिश्रा 'प्रयाग' ने किया। भीषण गर्मी और तेज धूप से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से संस्था के सदस्यों ने राहगीरों को शरबत और ठंडा पानी वितरित कर सेवा भाव का परिचय दिया। गौरतलब है कि 'आहार ग्राम' ग्रामीण संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्यरत एक विशिष्ट शुद्ध शाकाहारी पारिवारिक भोजनालय है, जो प्रयागराज के मेवालाल बगिया चौराहा, नैनी स्थित है। यहां मिट्टी के कुल्हड़, कसोरा, पत्तल आदि पारंपरिक भारतीय पात्रों में भोजन परोसा जाता है। संस्था समय-समय पर विभिन्न सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यों में भी सक्रिय सहभागिता निभाती रही है।इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने भी सहयोग प्रदान किया।

शरबत एवं शीतल जल प्राप्त कर राहगीरों ने गर्मी से राहत महसूस की तथा संस्था के इस सेवा कार्य की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे सामाजिक प्रयास न केवल मानव सेवा का संदेश देते हैं, बल्कि समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को भी मजबूत करते हैं।

# अपहरण की झूठी सूचना देकर रिश्तेदार संग भागी कक्षा 9 की छात्रा

**● नैनी स्टेशन पर युवक के साथ मिली**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र की एक कक्षा 9 की छात्रा द्वारा अपने अपहरण की झूठी सूचना देने का मामला सामने आया है। छात्रा ने फोन पर परिजनों को बताया था कि चार किन्नरों ने उसका अपहरण कर लिया है और उसे जबरन अपने साथ ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस सक्रिय हो गए तथा छात्रा की तलाश में व्यापक अभियान चलाया गया। बाद में छात्रा नैनी रेलवे स्टेशन पर एक युवक के साथ मिली, जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से बिहार निवासी एक परिवार नैनी के चाका क्षेत्र में किराये के मकान में रहता है। छात्रा के पिता रेलवे में गार्ड के पद पर कार्यरत हैं। परिजनों के मुताबिक, गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे छात्रा कोचिंग जाने के लिए घर से निकली थी। लगभग 11 बजे तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। भाई द्वारा फोन किए जाने पर मोबाइल पहले स्विच ऑफ मिला।कुछ देर बाद छात्रा ने फोन कर परिजनों को बताया कि चार किन्नरों ने उसे पकड़ लिया है और उसका मोबाइल छीनकर अपने साथ ले जा रहे हैं। इसके बाद उसका फोन बंद हो गया। सूचना मिलते ही परिजन बताए गए स्थान पर पहुंचे, लेकिन वहां छात्रा का कोई पता नहीं चला। इसके बाद नैनी पुलिस को मामले की सूचना दी गई। सूचना पर नैनी इंस्पेक्टर बृजकिशोर गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छात्रा के मोबाइल लोकेशन के आधार पर तलाश शुरू की। उपनिरीक्षक यश तिवारी, उत्कर्ष सिंह, बलिराम समेत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर छात्रा की खोजबीन करते रहे। करीब दो घंटे तक चले अभियान के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला।इसी दौरान नैनी रेलवे स्टेशन पर तैनात जीआरपी कर्मियों ने स्टेशन परिसर के एक एकांत स्थान से छात्रा और एक युवक को आपत्तिजनक अवस्था में पकड़ा। दोनों को जीआरपी थाने लाया गया और उनके परिजनों को सूचना दी गई।बाद में नैनी इंस्पेक्टर बृजकिशोर गौतम ने जीआरपी थाने पहुंचकर छात्रा और युवक से पूछताछ की। जांच में सामने आया कि छात्रा ने युवक के साथ भागने की योजना बनाई थी और अपहरण की कहानी गढ़कर परिजनों व पुलिस को गुमराह किया था। युवक छात्रा का दूर का रिश्तेदार बताया जा रहा है तथा वह बिहार का निवासी है।प्रारंभिक जांच के बाद नैनी पुलिस ने मामला जीआरपी को सौंप दिया है। जीआरपी पुलिस दोनों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## साइबर ठगी के शिकार युवक को मिले 5 हजार रुपये वापस




**भदोही।** थाना सुरियावां की साइबर हेल्प डेस्क ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के शिकार एक युवक के खाते में 5 हजार रुपये वापस कराए। सागरपुर निवासी नीरज के साथ एक संदिग्ध लिंक के माध्यम से 27,997 रुपये की साइबर ठगी हुई थी। शिकायत मिलने पर साइबर हेल्प डेस्क ने एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से कार्रवाई कर 5 हजार रुपये वापस करा दिए। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने भदोही पुलिस और साइबर हेल्प डेस्क का आभार जताया।

## खाद्य सुरक्षा सम्मेलन से एक नई जागृति पैदा हो सकती है- महापौर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** होटल पिंड बल्लूची सिविल लाइन में नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर ऑफ इण्डिया व फुटपाथ व्यापारी एकता समिति प्रयागराज द्वारा चल रहे खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय दिवस मुख्य अतिथि के रूप में महापौर उमेश चन्द्र गणेश केशरवानी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा सम्मेलन से एक नई जागृति पैदा हो सकती है जिससे प्रयागराज की गरिमा बढ़ेगी। जब दूसरी जगहों से आने वाले पर्यटकों को यहाँ सुरक्षित वातावरण व खान पान उपलब्ध होगा, इस क्रान्तिकारी मिशन को हम छोटे दुकानदार ही पूरा कर सकते हैं।फुटपाथ पर व्यवसाय करने वालों से कहा कि हम आपकी समस्याओं से भली भाँति परिचित हैं और उसे दूर करने हेतु निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। फुटकर व्यापारी एकता समिति के मुख्य संरक्षक विजय गुप्ता के नेतृत्व में चल रह इस सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी / सहायक कमिश्नर दीना नाथ यादव, नेस्ले अधिकारी मो, वसीम व समर निगम और रौनक गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि आम जनता का फुटकर दुकानदारों पर भरोसा अधिक होता है इसलिए यदि आप सबने प्रयास किया तो आपका यह जिला शुद्ध व स्वच्छ वातावरण का केन्द्र हो सकता है।सम्मेलन को मुख्य रूप से सर्वश्री अध्यक्ष विकास गुप्ता, महामंत्री विमल गुप्ता,लीला वती पांडेया, गणेश गुप्ता, श्याम देव, अंशु अग्रवाल, खुशबू अग्रहरि सोनी अग्रहरि, सुमन ठाकुर, श्वेता गुप्ता, जूही श्रीवास्तव, अवधेश निषाद,शिव शंकर गुप्ता, निशा गुप्ता ,आदि ने भी सम्बोधित किया।

# एटीएम में पिन देखकर कार्ड छीना, महिला के खाते से उड़ाई पूरी रकम

**● फाफामऊ के शांतिपुरम की सबा बानो ठगी का शिकार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** फाफामऊ थाना क्षेत्र में एटीएम ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। शांतिपुरम निवासी एक महिला उस समय ठगी का शिकार हो गई जब वह एटीएम से नकदी निकालने पहुंचीं। आरोप है कि दो युवकों ने पहले उनका एटीएम पिन देख लिया और फिर चालाकी से उनका कार्ड लेकर फरार हो गए। इसके बाद आरोपियों ने खाते से पूरी जमा धनराशि निकाल ली। जानकारी के अनुसार, शांतिपुरम निवासी सबा बानो बैंक ऑफ बड़ौदा के उस एटीएम पर पैसे निकालने पहुंची थीं, जो विनीता हॉस्पिटल के सामने स्थित है। एटीएम में मौजूद दो संदिग्ध युवकों ने उनकी गतिविधियों पर नजर रखी और कथित तौर पर उनका गोपनीय पिन नंबर देख लिया। इसी दौरान किसी बहाने से दोनों युवक उनका एटीएम कार्ड अपने कब्जे में लेकर मौके से भाग निकले। पीड़िता को जब तक पूरे घटनाक्रम की जानकारी हो पाती, तब तक आरोपी दूसरे स्थान पर पहुंचकर उनके बैंक खाते से पूरी धनराशि निकाल चुके थे। मोबाइल पर खाते से रकम निकलने के संदेश मिलने के बाद महिला के होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई। सूचना मिलते ही थाना फाफामऊ पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पीड़िता से घटना की पूरी जानकारी लेने के बाद एटीएम केंद्र और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना




है कि बैंक ट्रांजैक्शन की जानकारी, सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही घटना में शामिल युवकों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने इस घटना के बाद एटीएम केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है। वहीं पुलिस ने लोगों से अपील की है कि एटीएम का उपयोग करते समय अपना पिन किसी को न दिखाएं और किसी अनजान व्यक्ति की सहायता लेने से बचें।

## प्रयागराज में 86 होटल और गेस्ट हाउसों का रजिस्ट्रेशन निरस्त

**● फायर सेफ्टी मानकों की अनदेखी पर कारवाही**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** जनपद में अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले होटल, गेस्ट हाउस और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 86 होटल एवं गेस्ट हाउसों का रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही एक बैंक्वेट हॉल का लाइसेंस भी रद्द कर उसके संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। प्रशासन की इस कार्रवाई से होटल और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, हाल ही में लखनऊ में हुए भीषण अग्निकांड के बाद प्रदेश सरकार ने सभी जिलों को फायर सेफ्टी व्यवस्था की गहन जांच करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में प्रयागराज में एडीएम सिटी के निर्देशन में विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमों द्वारा होटल, गेस्ट हाउस, बैंक्वेट हॉल और अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कई प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी उपकरणों की कमी, अग्निशमन यंत्रों का निष्क्रिय होना, आपातकालीन निकास मार्गों का




अभाव, सुरक्षा मानकों का पालन न करना तथा अन्य गंभीर खामियां पाई गईं। प्रशासन ने इन कमियों को जनसुरक्षा के लिए गंभीर खतरा मानते हुए कठोर कार्रवाई का निर्णय लिया। अधिकारियों के अनुसार, जिन 86 होटल और गेस्ट हाउसों का पंजीकरण निरस्त किया गया है, वे निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने में असफल पाए गए। वहीं एक बैंक्वेट हॉल के विरुद्ध भी कार्रवाई करते हुए उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है और उसके संचालन पर तत्काल रोक लगा दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। जिन प्रतिष्ठानों में अभी भी कमियां पाई जाएंगी, उनके खिलाफ भी नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस उपायुक्त नगर ने कर्बला क्षेत्र व जुलूस मार्गों का किया निरीक्षण

**प्रयागराज।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को पुलिस उपायुक्त नगर ने कर्बला क्षेत्र तथा मोहर्रम के दौरान निकलने वाले ताजिया एवं जुलूसों के प्रमुख मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर कानून एवं शांति व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त नगर ने संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मोहर्रम के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने जुलूस मार्गों की स्थिति, यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों तथा भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त नगर ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना।

उन्होंने सभी से आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि त्योहार को परंपरागत तरीके से शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका 'रेल संगम' के निर्माण विभाग विशेषांक का विमोचन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह की अध्यक्षता में 25.06.2026 को उत्तर मध्य रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए श् नरेश पाल सिंह ने कहा कि हमें पूरी निष्ठा एवं कर्तव्यभावना के साथ अपने कामकाज में हिंदी का प्रयोग करना चाहिए। हिंदी और भारतीय भाषाओं में रचे गए समृद्ध साहित्य के अनुशीलन से अपनी भाषा और संस्कृति के प्रति हमारी सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना और अधिक प्रगाढ़ होती है। महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने कहा कि आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी से हिंदी के प्रयोग में नए आयाम जुड़े हैं और हिंदी में कार्य करने के लिए जो नए और उपयोगी टूल्स और ढ्ढ मॉडल उपलब्ध हैं, उनके बारे में सभी को यथेष्ट जानकारी होनी चाहिए और अनुवाद आदि के कार्यों के लिए उनका यथोचित प्रयोग करना चाहिए। महाप्रबंधक ने निर्देश दिए कि रेलवे बोर्ड के निदेशानुसार राजभाषा कार्यान्व्यन से संबंधित विभिन्नद प्रावधानों को लागू करने के लिए गृह मंत्रालय एवं रेलवे बोर्ड स्तार से प्राप्तन सभी आदेशों, निर्देशों, कार्यक्रमों आदि पर पूरी तत्पगरता से कार्रवाई की जाए और मुख्यालय, मंडलों और कारखानों के समस्त आईटी एवं डेटा प्रोसेसिंग यूनिट के सभी निर्देशों और सूचनाओं को हिंदी में सुनिश्चित कराया जाए, साथ ही राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले दस्तााविजों को निरंतर ही हिंदी- अंग्रेजी द्विभाषी में जारी किया जाए और इस पर नजर रखी जाए। नरेश पाल सिंह ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को सभी प्रकार के पत्राचार, टिप्पणियों, निरीक्षण, डिक्टेशन, विभागीय कार्यवाहियों आदि की मदों में हिंदी अथवा हिंदी- अंग्रेजी द्विभाषी के प्रयोग में हासिल प्रगति को बनाए रखने और अपेक्षित लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्टेअशनों पर यात्री एवं ग्राहक सेवा और सुविधाओं से संबंधित सूचनाओं तथा अन्यस सभी मदों में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं का अनिवार्य रूप से प्रयोग किया जाए तथा इन्हें हिंदी- अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रदर्शित किया जाए। कार्यक्रम के आरंभ में महाप्रबंधक ने मुख्यालय की त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका 'रेल संगम' के निर्माण विभाग विशेषांक तथा वैगन मरम्मत कारखाना, झाँसी की राजभाषा पत्रिका 'रेल मंजूषा' का विमोचन किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक/ सामान्य एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी प्रयागराज, दीपक कुमार द्वारा प्रयागराज मंडल के संगठन, परिसम्पत्तियों, कार्यप्रणाली एवं परिचालन, तकनीकी शाखाओं के परिचालनिक एवं प्रशासनिक कार्यों, लेखा और कार्मिक कार्यनिष्पादनों, ऊर्जा एवं पर्यावरण प्रबंधन आदि के विषय में हिंदी में अत्यंत प्रभावी, उपयोगी एवं विस्तृत प्रेजेंटेशन किया गया। बैठक में मुख्यआ राजभाषा अधिकारी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव ने समिति के अध्यक्ष महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह और सभी सदस्यों का स्वागत किया और राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के लिए किए गए कार्यों और हासिल की गई उपलब्धियों से अवगत कराया। श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि झाँसी मंडल के रेलकर्मी रहे युग निर्माता साहित्यकार आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की जयंती के अवसर पर 15 मई को वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन पर आचार्य द्विवेदी और उनके साहित्य एवं उनके द्वारा संपादित 'सरस्वती' पत्रिका के चित्रों की भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## SIR को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** बीते दिन प्रखण्ड कार्यालय के सभाकक्ष में प्रखण्ड विकास सह अंचलाधिकारी, सोमनाथ बनर्जी की अध्यक्षता में बैठक में अंचल पदाधिकारी एवम् जनप्रतिनिधियों, BLA-w के साथ SIR को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें झामुमो केंद्रीय समिति सदस्या उपासना मरांडी शामिल हुईं। बैठक में स्ढ्रक्र के उद्देश्यों, मतदाता सत्यापन प्रक्रिया एवं प्रपत्र भरने से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि Enumeration Form एवं Declaration Form के साथ सूचीबद्ध दस्तावेजों में से किसी एक मान्य दस्तावेज की प्रति जमा करनी होगी। जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मैट्रिक प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य मान्य दस्तावेजों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उपासना मरांडी ने सभी BLA-w एवं कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं तक सही जानकारी पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस बैठक में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष श्री मोतीलाल हाँसदा, जिला संगठन सचिव मुनीराम मरांडी, पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता एवं सभी बूथों के BLA-w उपस्थित रहे। सभी ने SIR कार्यक्रम को सफल बनाने एवं आम जनता तक इसकी जानकारी पहुंचाने का संकल्प लिया।

## अब ध्वस्त नहीं होगी 1000 साल पुरानी वाराणसी की गंज शहिदा मस्जिद, रेलवे ने रद्द किया नोटिस

**ब्यूरो प्रयागराज।** वाराणसी के काशी रेलवे स्टेशन के पास स्थित गंज शहिदा मस्जिद को खाली करने की नोटिस को रेलवे प्रशासन ने रद्द कर दिया है। नोटिस को रद्द किए जाने के बाद मुस्लिम पक्ष ने इस मामले में खुशी जताई है। मस्जिद को खाली करने के लिए रेल प्रशासन ने 20 जून तक का समय दिया था। इसके बाद प्रशासनिक कारणों का हवाला देकर मंगलवार को नोटिस को रद्द कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, काशी रेलवे स्टेशन को मॉडल रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किए जाने को लेकर पास में ही स्थित गंज शहिदा मस्जिद को खाली करने के लिए रेल प्रशासन ने 13 जून को नोटिस जारी किया था। इसके साथ ही 20 जून तक मस्जिद को खाली करने को कहा गया था। वहीं, अब रेल प्रशासन ने नोटिस को रद्द कर दिया है। इस बात की जानकारी होने के बाद मसाजिद कमेटी ने खुशी जताई है और राहत की सांस ली है। दरअसल, रेल प्रशासन ने मंगलवार को मस्जिद परिसर में एक नोटिस चस्पा किया है। इसमें कहा गया है कि काशी रेलवे स्टेशन के प्रथम प्रवेश द्वार के पास रेलवे भूमि पर मस्जिद का निर्माण हुआ है।

काशी रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्य में यह मस्जिद बाधक बना हुआ है। इस संबंध में 13 जून को नोटिस चस्पा किया गया था और अब उसे प्रशासनिक कारणों से रेल प्रशासन द्वारा 23 जून को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जा रहा है। काशी रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस करके एक मॉडल स्टेशन के रूप में तैयार किया जाना है। यहां एक ही स्थान से बस, ट्रेन और हेलीकॉप्टर की सुविधा मिलेगी, जिसको लेकर गंज शहिदा मस्जिद को खाली करने का नोटिस जारी किया गया था। वहीं, इस मामले में मसाजिद कमेटी ने दलील दी है की मस्जिद 1000 साल पुरानी है और इसकी नीव 1034 ईस्वी में रखी गई थी, जबकि काशी रेलवे स्टेशन का निर्माण 1887 में हुआ था। ऐसे में यह रेलवे की जमीन कैसे हो सकती है।

# पारण परेड समारोह-2026 में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नव नियुक्त पुलिस अधिकारियों और जवानों को किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंडः-** जैप-1 ग्राउंड, डोरंडा में आयोजित बुनियादी प्रशिक्षुओं का पारण परेड समारोह-2026 में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्य के 4 पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) एवं 336 आरक्षियों (255 पुरुष एवं 81 महिला) ने प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत पारण परेड में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को पुरस्कृत भी किया।

**शानदार मार्चपास्ट और कदमताल से जवानों ने दिखाया कौशल**

समारोह के दौरान प्रशिक्षित जवानों ने आकर्षक मार्चपास्ट एवं अनुशासित कदमताल के माध्यम से अपने कौशल और दक्षता का प्रदर्शन किया। वहीं नव नियुक्त पुलिस उपाधीक्षकों एवं आरक्षियों ने अनुशासन, संविधान की रक्षा, देश और राज्य सेवा, पुलिस बल की गरिमा, समर्पण तथा कर्तव्यनिष्ठा के प्रति शपथ ली। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री द्वारा जैप-1 परिसर स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद उन्होंने पारण परेड का निरीक्षण किया और सीटीसी स्वासपुर, मुसाबनी में प्रशिक्षित पुलिस उपाधीक्षकों तथा विभिन्न जिलों और इकाइयों से आए नव नियुक्त आरक्षियों के बीच अंतिम परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार प्रदान किए।

**महिला पुलिसकर्मियों की बढ़ती भागीदारी पर जताई खुशी**

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि प्रशिक्षुओं ने लगभग 30 सप्ताह का कठोर और लंबा प्रशिक्षण पूरा किया है। उन्होंने कहा कि इस बैच में लगभग 25 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी होना राज्य के लिए गर्व और खुशी की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के हर क्षेत्र में महिलाओं और पुरुषों की समान भागीदारी सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है और पुलिस बल में महिलाओं की बढ़ती उपस्थिति इस दिशा में सकारात्मक संकेत है। उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों को विशेष शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**अब आप सिर्फ व्यक्ति नहीं, बल्कि जनता की सुरक्षा के प्रहरी हैं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि शपथ ग्रहण केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति समर्पण का संकल्प है। उन्होंने कहा कि अब ये जवान केवल अपने लिए नहीं, बल्कि राज्य की जनता की सुरक्षा और सेवा के लिए समर्पित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज के बाद आप केवल एक व्यक्ति नहीं रह गए हैं। आप राज्य के आम नागरिकों की रक्षा के लिए समर्पित प्रहरी बन चुके हैं। आपके सामने अनेक चुनौतियां आएंगी, लेकिन आपको अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा और साहस के साथ करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुकंपा के आधार पर नियुक्त कई जवान अपने उन परिजनों के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए पुलिस बल में शामिल हुए हैं, जिन्होंने कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी। अब राज्य सरकार ने उन्हीं जिम्मेदारियों को इन जवानों के कंधों पर सौंपा है।

**कानून-व्यवस्था में दिखना चाहिए प्रशिक्षण का प्रभाव**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और कौशल का प्रभाव राज्य की कानून-व्यवस्था, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था में स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सभी जवान पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे, तो राज्य के सामने आने वाली हर चुनौती का सफलतापूर्वक सामना किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रतिकूल मौसम और भारी बारिश के कारण कार्यक्रम को पुलिस परिसर के भीतर आयोजित करना पड़ा, लेकिन सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों का मनोबल हमेशा ऊंचा बना रहे।

**पुलिस कर्मियों के लिए आधुनिक आवासीय विद्यालय और स्वास्थ्य सुविधाएं**

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य सरकार पुलिस विभाग के लिए आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त आवासीय विद्यालयों का निर्माण कराएगी। इसके अलावा पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों के लिए विशेष स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार पुलिस विभाग के कल्याण और सुदृढ़ीकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की जाएंगी।

**पुलिस विभाग को दी बधाई**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी नव नियुक्त पुलिस उपाधीक्षकों एवं आरक्षियों को शानदार परेड प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही प्रशिक्षण प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस विभाग और अधिकारियों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन का समापन जय हिंद, जय झारखंड, जोहार के उद्घोष के साथ किया। इस अवसर पर झारखंड की पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक तदाशा मिश्रा, अपर पुलिस महानिदेशक प्रिया दुबे सहित पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# लिट्टीपाड़ा में हूल दिवस एवं एसआईआर को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़, झारखण्डः-** लिट्टीपाड़ा में हूल दिवस के भव्य आयोजन एवं विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्यक्रम को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में विधायक हेमलाल मुर्मू के आगमन पर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आजिजुल इस्लाम ने की। बैठक में आगामी हूल दिवस को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही लिट्टीपाड़ा क्षेत्र को विशेष रूप से सजाने एवं विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में वर्तमान में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान पर भी चर्चा हुई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि कोई भी मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा मतदाताओं से मांगे जा रहे आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में उन्हें सहयोग प्रदान किया जाए। बूथ लेवल एजेंट (BLA-w) को अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में मतदाताओं की समस्याओं एवं सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

विधायक हेमलाल मुर्मू, जिला अध्यक्ष आजिजुल इस्लाम तथा उपाध्यक्ष हाजी समद अली ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से न कटे और न ही कोई छूटे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं बीएलए-2 से मतदाताओं के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने तथा हर संभव सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष इसाक अंसारी, सबीरुद्दीन मियां, जिला संगठन प्रभारी मुस्लूद्दीन अंसारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। नेताओं ने सभी प्रखंड एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने और हूल दिवस को सफल बनाने का आह्वान किया।

## वज्रपात से एक व्यक्ति की हुई मौत

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** नारायणपुर थाना क्षेत्र के नयाडीह गांव में वज्रपात की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान नारायणपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर के रहने वाले 27 वर्षीय सनातन हांसदा के रूप में हुई है। सनातन हांसदा अपने ससुराल इसी थाना क्षेत्र के नयाडीह गए हुए थे। बुधवार शाम को मौसम खराब था, वे शौच के लिए गए थे, इसी क्रम में वज्रपात की चपेट में आ गए। वज्रपात से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। वे अपने पीछे पत्नी और एक छोटी बच्ची छोड़ गए हैं। उनके निधन से स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गुरुवार को सनातन के शव को पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा भेजा गया है। घटना की सूचना पाकर पंचायत के मुखिया सनोकी सोरेन और पंसस केसर टुडू मृतक के घर पहुंचे और सांत्वना दिया तथा प्रावधान के अनुरूप मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया।

## नवनियुक्त बीडीओ का आजसू नेताओं ने किया सम्मान, विकास कार्यों पर हुई सार्थक चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** आजसू पार्टी के नारायणपुर प्रखंड अध्यक्ष वासुदेव गोस्वामी के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) का अंग वस्त्र भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता परमानंद रजवार, शंकर दास, धीरन राय, सुरेश यादव, विजय मंडल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान आजसू नेताओं ने नवनियुक्त बीडीओ को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की। प्रखंड अध्यक्ष वासुदेव गोस्वामी ने कहा कि नारायणपुर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी हमेशा जनता की समस्याओं को लेकर सजग रही है और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए रचनात्मक सहयोग करती रहेगी। नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सम्मान के लिए आजसू पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के विकास एवं जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सभी वर्गों के सहयोग की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी प्रखंड के विकास से जुड़े विभिन्न सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा क्षेत्र के विकास के प्रति सभी ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## सीतामढ़ी घाट पर गंगा में डूबने से किशोर की मौत, दो युवकों को बचाया गया

**भदोही।** कोईरौना थाना क्षेत्र के सीतामढ़ी घाट पर गंगा नदी में नहाने गए ग्राम वारी के तीन युवक गुरुवार को गहरे पानी में चले गए। सूचना मिलते ही डायल 112, स्थानीय पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। बचाव अभियान में दो युवकों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ग्राम वारी, थाना सुरियावां निवासी विशाल शर्मा पुत्र अशोक शर्मा एवं आशीष शर्मा पुत्र सतीश शर्मा को गोताखोरों की मदद से सुरक्षित बचा लिया गया।

वहीं अभिषेक शर्मा पुत्र संतोष शर्मा (17 वर्ष) गहरे पानी में डूब गया। काफी देर तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद गोताखोरों ने अभिषेक को नदी से बाहर निकाला और एम्बुलेंस से सीएचसी डीघ भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को मर्चरी भेज दिया है। ग्राम वारी के किशोर की असमय मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# चार दिन से लापता युवक का शव पेड़ से लटका मिला, गांव में सनसनी

**● फूलपुर के घोड़दौली गांव में सड़ा-गला शव मिलने से हड़कंप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** फूलपुर थाना क्षेत्र के घोड़दौली गांव में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब चार दिन से लापता चल रहे 22 वर्षीय युवक अजय कुमार प्रजापति उर्फ कुन्नू का सड़ा-गला शव संदिग्ध परिस्थितियों में एक शीशम के पेड़ से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजय कुमार प्रजापति पिछले चार दिनों से घर से लापता था। परिजन उसकी तलाश में लगातार जुटे हुए थे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका था। गुरुवार सुबह गांव के कुछ लोगों को बाग की ओर से तेज दुर्गंध महसूस हुई। जब ग्रामीण बदबू के स्रोत का पता लगाने के लिए वहां पहुंचे तो उन्होंने एक शीशम के पेड़ से रस्सी के सहारे युवक का शव लटका देखा। शव की स्थिति काफी खराब हो चुकी थी और उसमें सड़न आ गई थी। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर फूलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। बाद में फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। युवक के शव की पहचान अजय कुमार प्रजापति उर्फ कुन्नू के रूप में होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है।



पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। युवक की मौत आत्महत्या है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगा। पुलिस मृतक के लापता होने से लेकर शव मिलने तक की पूरी घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने में जुटी हुई है। फूलपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## उपासना मरांडी की पहल से दूंगीबारमसिया गांव में एक माह बाद बहाल हुई बिजली आपूर्ति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत गनपुरा पंचायत के दूंगीबारमसिया गांव में लगभग एक माह से बाधित बिजली आपूर्ति आखिरकार बहाल हो गई है। यह कार्य झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्या उपासना मरांडी की पहल और प्रयासों से संभव हो सका। जानकारी के अनुसार, आंधी और बारिश के कारण गांव में 11 हजार वोल्ट का बिजली पोल एवं तार क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे पूरे गांव की विद्युत आपूर्ति ठप पड़ गई थी। लंबे समय तक बिजली नहीं रहने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कार्यों तथा अन्य आवश्यक गतिविधियों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इस समस्या की जानकारी जिला परिषद सदस्या सुनीता मुर्मू ने उपासना मरांडी को दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपासना मरांडी ने बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर जल्द से जल्द बिजली बहाल करने का आग्रह किया। उनके प्रयासों के बाद विभाग ने क्षतिग्रस्त पोल और तारों की मरम्मत कर गांव में पुनः बिजली आपूर्ति शुरू कर दी। बिजली बहाल होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। अब क्षेत्र में सुचारू विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित होने से आमजन के दैनिक जीवन के साथ-साथ विद्यार्थियों की पढ़ाई और अन्य आवश्यक कार्यों में भी सुविधा होगी। ग्रामीणों ने इस जनहितकारी पहल के लिए उपासना मरांडी के प्रति आभार व्यक्त किया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि वे लगातार जनसमस्याओं के समाधान और क्षेत्र के विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही द्वारा किया गया निरीक्षण

**चिकित्सा अधिकारी समेत चार लोगों का 7 दिन का वेतन रोका गया**

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात www.swatantraprabhat.com जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

**भदोही-** दिनांक 24.06.2026 को सायं 4:10 बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही डॉक्टर संतोष कुमार चक द्वारा ट्रामा सेंटर औराई का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान सभी चिकित्सा अधिकारी मौजूद थे संज्ञान में आया कि anm के द्वारा jsy का फॉर्म नही भरा जा रहा है मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा राधा देवी, महथूवा दुर्गावती देवी, झोवा एवं बीपीएम राजेश यादव प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ गजेंद्र का मन जून 2026 का 07 दिवस का वेतन बाधित किया गया।

# ढाई साल की बच्ची से दुष्कर्म मामले में दोषी को 30 साल की कैद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** ओडिशा की एक विशेष पॉक्सो (POCSO) अदालत ने ढाई साल की मासूम बच्ची के साथ जघन्य दुष्कर्म के मामले में एक 24 वर्षीय युवक को दोषी करार देते हुए 30 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। भुवनेश्वर के फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (पाक्सो) के तदर्थ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सरोज कुमार साहू ने मामले को अत्यंत गंभीर मानते हुए आरोपी को कड़ी सजा से दंडित किया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह घटना 30 जून 2024 की दोपहर की है। बच्ची अपने नाना की गोद में रो रही थी, तभी पड़ोस में रहने वाला आरोपी वहां आया। उसने बच्ची को पुचकारा और अमरूद देने के बहाने उसे अपने घर ले गया। जब 15-20 मिनट तक बच्ची वापस नहीं लौटी, तो परिजनों को चिंता हुई। बच्ची की मां जब आरोपी के घर पहुंची, तो कमरा अंदर से बंद था। शक होने पर जब आरोपी की मकई चचेरी बहन की मदद से दरवाजा धक्का देकर खोला गया, तो अंदर का नजारा खौफनाक था। आरोपी जमीन पर खून से सने तौलिए में लेटा हुआ था, जबकि मासूम बच्ची बिस्तर (पलंग) पर बेहोश पड़ी थी। बच्ची का पूरा शरीर खून से लथपथ था और उसके निजी अंग से खून बह रहा था। अदालत ने अपने फैसले में गवाहों और डॉक्टरों की रिपोर्ट को बेहद अहम माना। पीड़िता की मेडिकल रिपोर्टः बच्ची की जांच करने वाली महिला डॉक्टर ने अदालत में स्पष्ट किया कि बच्ची के निजी अंग और गाल पर ताजे जख्म और ब्लीडिंग थी, जो गंभीर और जबरन शारीरिक शोषण की पुष्टि करते हैं। आरोपी की मेडिकल रिपोर्टः आरोपी की जांच करने वाले डॉक्टर ने गवाही दी कि आरोपी शारीरिक रूप से कृत्य करने में सक्षम था और उसके जननांगों की स्थिति भी जबरन किए गए कृत्य के अनुकूल पाई गई। घटना के अगले दिन साइंटिफिक टीम और जांच अधिकारी (IO) द्वारा तैयार की गई स्पॉट विजिट रिपोर्ट ने भी घटनास्थल पर जबरन शारीरिक संबंध बनाए जाने की बात को साबित किया। बचाव पक्ष के वकील ने दलील दी थी कि आरोपी की गिरफ्तारी के वक्त पुलिस को उसके कपड़ों पर खून के निशान नहीं मिले, इसलिए कहानी संदिग्ध है। हालांकि, अदालत ने इस दलील को सिरे से खारिज कर दिया। अदालत की टिप्पणीः 'घटना 30 जून 2024 की दोपहर को हुई थी, जबकि आरोपी को 2 जुलाई 2024 की सुबह गिरफ्तार किया गया। यह व्यावहारिक रूप से बिल्कुल मुमकिन नहीं है कि घटना के दो दिन बाद भी आरोपी वही कपड़े पहनकर घूम रहा हो जो उसने अपराध के वक्त पहने थे। ' अदालत ने मां और नाना की इस गवाही पर पूरा भरोसा जताया कि उन्होंने घटना के तुरंत बाद आरोपी को खून से सने तौलिए में देखा था। अदालत ने सबसे पहले बच्ची की उम्र का निर्धारण किया। जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर घटना के दिन बच्ची की उम्र 2 वर्ष, 8 महीने और 17 दिन पाई गई।

# 60 एवं 90 दिवस की सभी लम्बित विवेचनाओं का समयबद्ध, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण 01 माह में सुनिश्चित किया जाए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज जोगेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ0 अजय पाल शर्मा एवं अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय विजय ढुल, समस्त पुलिस उपायुक्त एवं समस्त सहायक पुलिस आयुक्त, समस्त थाना प्रभारियों एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित त्रिवेणी सभागार में एण्टी भू-माफिया पोर्टल पर की गयी कार्यवाही, मुहर्रम पर्व, कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण व लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में गोष्ठी आयोजित कर निम्न निर्देश दिये गये-। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि 60 एवं 90 दिवस की सभी लम्बित विवेचनाओं का समयबद्ध, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण 01 माह में सुनिश्चित किया जाए। जनपद स्तर पर चिन्हित भू-माफियाओं के विरुद्ध नियमानुसार गैंगेस्टर एक्ट एवं सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की जाए। सभी थाना प्रभारी मुहर्रम जुलूस के दृष्टिगत अपने अपने क्षेत्रों में निरन्तर



भ्रमणशील रहकर भीड़-भाड़ वाले स्थानों/ बाजारों में सतर्क दृष्टि रखते हुये पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करें। समस्त सहायक पुलिस आयुक्त/ थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में स्थित बाजार व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नियमित पैदल गश्त व संदिग्धों की चेकिंग करना सुनिश्चित करें। महिला सम्बन्धी अपराध/ लूट/ हत्या एवं अन्य जघन्य अपराधों पर विस्तृत चर्चा की गयी तथा वांछित लुटेरे, चोर, नकबजन, चैन स्नैचर्स की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाये। जनसुनवाई/ आई0जी0आर0एस0 से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। हिस्ट्रीशीटर (HS) अपराधियों की सूची अपडेट कर नियमित सत्यापन एवं निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए।

# मोहन यादव जमीन विवादः 500 करोड़ की जमीन 1 रुपए में सीएम के सलाहकार के ट्रस्ट को दे दीः कांग्रेस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पर जमीन घोटाले के आरोपों को लेकर अब कांग्रेस ने दिल्ली में बड़ा धमाका किया है। इसने आरोप लगाया है कि उज्जैन में 500 करोड़ रुपये कीमत वाली जमीन सिर्फ 1 रुपये में सीएम के सांस्कृतिक सलाहकार के ट्रस्ट को दे दी गई। इसके साथ ही इसने बीजेपी के इन आरोपों को खारिज कर दिया कि ओबीसी के सीएम होने की वजह से उनको निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस ने कहा कि मोहन यादव के जमीन घोटाले का मुद्दा भटकाने के लिए बीजेपी जाति की बात कर रही है। कांग्रेस ने कहा है कि यह सिर्फ शुरुआत है, और परतें खुलती जाएंगी। मोहन यादव पर जमीन घोटाले को लेकर तब गंभीर आरोप लगे जब द इंडियन एक्सप्रेस की पड़ताल में दावा किया गया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद मोहन यादव, उनके परिवार और उनसे जुड़ी रियल एस्टेट कंपनियों ने उज्जैन और आसपास के इलाकों में 137 भूखंड खरीदे हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल लगभग 168 एकड़ है। इसी मामले को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी और राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बुधवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और मोहन यादव और उनकी सरकार पर बेहद गंभीर आरोप लगाए। दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि 'मध्य प्रदेश सरकार ने उज्जैन में 500 करोड़ रुपये की जमीन एक ट्रस्ट को मात्र 1 रुपये में अलॉट कर दी। इस ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री राम जी हैं, जो मुख्यमंत्री मोहन यादव के सांस्कृतिक सलाहकार हैं।' इसके अलावा उन्होंने आरोप दोहराया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद मोहन यादव के परिवार ने उज्जैन में सैकड़ों एकड़ जमीन खरीदी है। इनमें से 168 एकड़ जमीन में से 111 एकड़ उस इलाके में है जहां सिंहस्थ कुंभ आने वाला है। 2035 के मास्टर प्लान वाले क्षेत्र में भी परिवार ने जमीनें खरीदी हैं। कांग्रेस ने पूछा कि इतनी बड़ी जमीन खरीदने के लिए पैसे कहां से आए? पूरा ब्योरा जनता के सामने आना चाहिए। टैक्स चोरी के भी आरोप लगाए



गए हैं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, 'आदर्श घोटाले में अशोक चव्हाण की सास के नाम पर फ्लैट होने पर इस्तीफा हो गया था, लेकिन यहां मीडिया में सन्नाटा है। अयोध्या चंदा चोरी और महाकाल में जमीन लूट- ये बीजेपी का नया मॉडल है।' कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रयागराज तिहरे हत्याकांड के विरोध में साहू समाज ने सौंपा ज्ञापन



**तालबेहट।** प्रयागराज में साहू परिवार के तीन लोगों की निर्मम हत्या से साहू समाज में आक्रोश व्याप्त है। मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, न्यायिक जांच तथा पीड़ित परिवार को मुआवजा एवं सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग को लेकर बुधवार को साहू समाज ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा के तत्वावधान में सौंपे गए ज्ञापन में समाज के लोगों ने कहा कि प्रयागराज में हुए तिहरे हत्याकांड की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जाए तथा दोषियों को कठोरतम सजा दिलाई जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता, उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों का कहना था कि इस घटना से पूरे प्रदेश के साहू समाज में रोष है। समाज के लोगों ने सरकार से पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की। इस दौरान प्रभुदयाल, रामाश्रय साहू, संतोष साहू, सीएल साहू, विनय साहू, कुलदीप साहू, बाबू साहू, मुरारी साहू, संजय साहू, आशाराम साहू, हरिराम साहू, मथुरा साहू, धर्मेंद्र साहू, सोनू साहू, राजू साहू, ऋषभ साहू, राकेश साहू, जितेंद्र साहू और अजय साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### स्थगन आदेश के बावजूद नाली निर्माण का आरोप, डीएम से शिकायत

**नपा अधिकारियों व ठेकेदार पर न्यायालय के आदेश की अवहेलना का आरोप**

**ललितपुर।** तुवन मंदिर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर नगरपालिका परिषद पर न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद उसकी भूमि पर नाली निर्माण कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य तत्काल रुकवाए जाने तथा न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। तुवन मंदिर के पास निवासी प्रणीलाल यादव पुत्र सुम्मेद सिंह की आराजी संख्या 3571, रकवा 0.8250 हेक्टेयर भूमि को लेकर न्यायालय में वाद विचाराधीन है। इस संबंध में उन्होंने सिविल जज (जू.डि.) की अदालत में वाद संख्या 25/2025 दाखिल किया था। मामले में न्यायालय द्वारा 21 मई 2025 को पारित आदेश में संबंधित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार का परिवर्तन न किए जाने के निर्देश दिए गए थे। प्रणीलाल यादव का आरोप है कि न्यायालय के उक्त आदेश के बावजूद नगरपालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी तथा संबंधित ठेकेदार द्वारा विवादित भूमि पर नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। उनका कहना है कि यह कार्य न्यायालय के आदेश की भावना के विपरीत है तथा इससे उनकी भूमि प्रभावित हो रही है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में मांग की है कि न्यायालय के आदेश का कड़ाई से पालन कराया जाए और विवादित भूमि पर चल रहे नाली निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की भी मांग की है। बताया गया है कि प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपि उपजिलाधिकारी सदर तथा नगरपालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी को भी प्रेषित की गई है, ताकि मामले में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### लड़वारी चौराहे पर युवक से मारपीट तीन नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम लड़वारी चौराहे पर एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम लड़वारी निवासी योगेन्द्र सिंह पुत्र प्रताप सिंह ने थाना बार में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि 23 जून 2026 की शाम लगभग 4.35 बजे वह लड़वारी चौराहे पर मौजूद थे। इसी दौरान उनके मझले भाई पहलवान सिंह का साला साहब सिंह अपने साथियों परमाल सिंह एवं जयहिन्द के साथ वहां पहुंच गया। तीनों आरोपी ग्राम भकरौल, थाना नदीगांव, जनपद जालौन के निवासी बताए गए हैं। आरोपियों ने उन्हें देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर उनके साथ लात-घूसों से मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी भी दी। थाना बार पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए साहब सिंह, परमाल सिंह और जयहिन्द के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 एवं 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी के समर्थन में उतरा पंचरत्न विश्वकर्मा समाज

**● अध्यक्ष, उनके पुत्र व अन्य पर मुकदमा दर्ज करने की मांग, एसपी को सौंपा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन एवं जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा के बीच चल रहा विवाद अब सार्वजनिक रूप से सामने आ गया है। गुरुवार को पंचरत्न विश्वकर्मा समाज ने जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य आरोपितों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की। सुबह करीब 11.30 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे समाज के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष विजय ड्योढिया के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि अमर विश्वकर्मा पुत्र भागीरथ, निवासी एसडीपी के पास बड़ी नहर हाईवे, रावतयाना, ललितपुर, वर्तमान में जाखलौन क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य हैं तथा पंचरत्न विश्वकर्मा समाज के महामंत्री भी हैं। समाज द्वारा दिए गए ज्ञापन के अनुसार 20 जून को शाम 5.18 बजे हरिओम पुत्र कैलाश निरंजन ने अमर विश्वकर्मा को फोन कर जिला पंचायत कार्यालय बुलाया। आरोप है कि उस समय कार्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन सहित 8 से 10 लोग पहले से मौजूद थे। शाम लगभग 5.30 बजे अमर विश्वकर्मा के वहां पहुंचने पर पुराने हिसाब-किताब को लेकर उनके साथ गाली-गलौज की गई। ज्ञापन में आगे आरोप लगाया गया है कि कल्लू पिसनारी नामक व्यक्ति ने अमर विश्वकर्मा के दोनों हाथ पकड़ लिए, जिसके बाद कैलाश निरंजन एवं कल्लू पिसनारी ने उनके साथ मारपीट की। आरोप यह भी है कि जान से मारने की नीयत से तौलिये से उनका गला कसने का प्रयास किया गया। पंचरत्न विश्वकर्मा समाज के जिलाध्यक्ष विजय ड्योढिया ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन, उनके पुत्र हरिओम तथा अन्य संबंधित लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। समाज के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आगे आंदोलन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष विजय डयोढिया, विजय किशोर सोनी, रमेश झां, कन्हैयालाल विश्वकर्मा, राजेन्द्र विश्वकर्मा, विनोद कुमार, नरेश कुमार, दिनेशझां, राकेश कुमार, प्रीतम लाल, राजेश झां, मोहनलाल, मनोज कुमार, रामकुमार, देवेन्द्र विश्वकर्मा, राजेश कुमार विश्वकर्मा, मनोहरलाल झां, अनिल, राहुल बाबा, रज्जनलाल झां, कमल विश्वकर्मा, आजाद विश्वकर्मा, रूपेश, श्रीराम झां, खेमचंद्र विश्वकर्मा, रामनरेश, पवन, नवल किशोर सोनी, कमलेश विश्वकर्मा, रामसेवक विश्वकर्मा, हरनारायण विश्वकर्मा, नन्दलाल विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, मनीष सोनी, शैलेन्द्र मोदी, संजय, चन्दन विश्वकर्मा, हर्ष, जगन्नाथ, रामकुमार, वनमाली विश्वकर्मा, दयाराम, मुरारी, आनन्द, भागीरथ, हेतराम, सुनील कुमार, रामचरन, रामगोपाल, कृपाल गौतम, राजेश कुमार सोनी के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

### ऑटो पार्ट्स् कारोबारी की दुकान में घुसकर अभद्रता

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र में एक ऑटो पार्ट्स व्यवसायी के साथ दुकान और घर पर मारपीट एवं धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पहले उसकी दुकान पर पहुंचा और गाली-गलौज की, इसके बाद घर में घुसकर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम नाराहट निवासी सृजन जैन सतभैया उर्फ छोटू जैन पुत्र श्रवण कुमार जैन ने थाना नाराहट में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि 21 जून 2026 को दोपहर करीब 3 बजे वह बाजार स्थित अपनी सतभैया ऑटो पार्ट्स की दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव का ही राहुल यादव पुत्र भानसिंह वहां पहुंचा और बिना किसी कारण के उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगा। दुकान पर विवाद करने के बाद आरोपी उनके घर तक पहुंच गया। आरोप है कि राहुल यादव ने घर में घुसकर उनके साथ मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। मारपीट के बाद आरोपी ने गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारकर कहीं फेंक देने की धमकी भी दी। सृजन जैन ने पुलिस को बताया कि आरोपी की धमकी और दबंगई से वह भयभीत हो गए थे, जिसके कारण घटना के तुरंत बाद रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सके। तीन दिन तक दहशत में रहने के बाद उन्होंने 24 जून को थाना नाराहट पहुंचकर लिखित तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी राहुल यादव निवासी नाराहट के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

# अमरनाथ भंडारे के लिए ललितपुर से भेजी गई 8.83 लाख रुपये से अधिक की सहयोग राशि



**● शिवभक्तों के सहयोग से जुटी धनराशि, दिल्ली मुख्य समिति ने जताया आभार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** बाबा अमरनाथ बर्फानी की पावन सेवा एवं भंडारा आयोजन के लिए ललितपुर के श्रद्धालुओं ने एक बार फिर सेवा और समर्पण का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। श्रीशिव सेवक दिल्ली (रजि.) की पोषपत्री कश्मीर शाखा के माध्यम से एकत्रित 8 लाख 83 हजार 578 रुपये की सहयोग राशि दिल्ली स्थित मुख्य समिति को प्रेषित की गई है। संस्था द्वारा जारी रसीद एवं पत्र के अनुसार यह राशि आगामी अमरनाथ यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले विशाल भंडारे एवं सेवा कार्यों के लिए भेजी गई है। जय बाबा अमरनाथ बर्फानी तथा भूखे को अन्न, प्यासे को पानी के सेवा भाव के साथ शिवभक्तों ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया। शाखा पदाधिकारियों ने बताया कि कुल 132 रसीद बुकों के माध्यम से श्रद्धालुओं से सहयोग राशि एकत्रित की गई। इस धनराशि में 4 लाख 94 हजार 650 रुपये नकद तथा 3 लाख 88 हजार 928 रुपये डिजिटल माध्यम (यूपीआई) से प्राप्त हुए। संपूर्ण राशि धर्मेन्द्र शुभम चौरसिया पुत्र हरिमोहन बांकेबिहारी चौरसिया के माध्यम से दिल्ली मुख्य समिति को भेजी गई। मुख्य समिति द्वारा 21 जून 2026 को जारी पत्र में ललितपुर शाखा एवं सभी दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा गया है कि बाबा बर्फानी की सेवा में ललितपुर के श्रद्धालुओं का योगदान अत्यंत प्रेरणादायक और सराहनीय है। समिति ने भगवान शिव से सभी भक्तों के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना भी की है। इस अवसर पर ललितपुर शाखा के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के समस्त शिवभक्तों, दानदाताओं एवं सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि समाज की सेवा और धर्मार्थ कार्यों में जनसहभागिता ही संस्था की सबसे बड़ी शक्ति है। भंडारा सहयोग अभियान को सफल बनाने में शाखा के प्रधान रविन्द्र कुमार सेठी, सचिव योगेन्द्र शुक्ला तथा कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सहित अनेक सेवादारों ने सक्रिय भूमिका निभाई। संस्था ने आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी श्रद्धालुओं का इसी प्रकार सहयोग और आशीर्वाद मिलता रहेगा।

# चोपन व एसओजी टीम को मिली बड़ी सफलता,अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का सफल अनावरण

**● 02 अभियुक्त गिरफ्तार ,कुल अनुमानित कीमत लगभग 01 करोड़ रुपये**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन गोपाल जी गुप्ता के कुशल नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस एवं एसओजी टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना चोपन पुलिस द्वारा अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 24.06.2026 को थाना चोपन पुलिस मीतापुर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था ड्यूटी में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि दो कारों में भारी मात्रा में अवैध गांजा लादकर चोपन की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर थाना चोपन पुलिस, चौकी डाला पुलिस एवं एसओजी टीम द्वारा संयुक्त रूप से चोपन बैरियर पर सघन वाहन चेकिंग प्रारम्भ की गई। चेकिंग के दौरान शक्तिनगर-वाराणसी मार्ग पर डाला की ओर से एक इनोवा कार एवं एक स्विफ्ट कार तेज गति से आती दिखाई दीं। पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास करने पर दोनों वाहन चालक वाहन लेकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा कर गांधी आश्रम के सामने सलखन क्षेत्र में दोनों वाहनों को रोक लिया गया। तलाशी के दौरान दोनों वाहनों से प्लास्टिक की 05 बोरियों में रखा कुल 01 क्विंटल 42 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। साथ ही एक फर्जी नम्बर प्लेट, 02 मोबाइल फोन एवं नकदी भी बरामद की गई। मौके से 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अन्य अभियुक्त मौके का लाभ उठाकर फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी हेतु आवश्यक प्रयास किये जा रहे हैं।बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना चोपन पर मु0अ0सं0-247/2026 धारा 8/20/27/29/60 एनडीपीएस एक्ट तथा धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(3), 61(2)(ख) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। बरामद अवैध गांजा, वाहन, मोबाइल फोन, नकदी एवं फर्जी नम्बर प्लेट को पुलिस कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे रायबरेली निवासी अपने सहयोगी ऋषभ सिंह उर्फ आदित्य उर्फ अंकुश के साथ उड़ीसा से अवैध गांजा लाकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आपूर्ति करते थे। गांजा परिवहन के बदले उन्हें अच्छी रकम प्राप्त होती थी। अभियुक्तों ने बताया कि वे उड़ीसा से गांजा लाकर रायबरेली एवं आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करते थे तथा तस्करी में प्रयुक्त वाहनों के स्वामियों को भी इसके बदले किराया दिया जाता था। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण- नाम- मो. जावेद पिता का नाम - मो. अमीन खां उम्र - 37 वर्ष निवासी - ग्राम बरगदी मगठ, थाना बक्सी का तालाब, जनपद लखनऊ, नाम - अनुज कुमार मौर्य पिता का नाम - रामसरोहन मौर्य उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम टिकरा, थाना गुरुबक्शगंज, जनपद रायबरेली। अभियुक्तो के पास से प्लास्टिक की 05 बोरियों में कुल 01 क्विंटल 42 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा (अनुमानित कीमत लगभग 72 लाख रुपये), एक अदद इनोवा कार संख्या क्ष्32स्नह0333, एक अदद स्विफ्ट कार संख्या P32NL2927, एक अदद फर्जी नम्बर प्लेट संख्या OD02AD2200, 02 अदद मोबाइल फोन,?900/- नगद। (कुल अनुमानित कीमत लगभग 01 करोड़ रुपये) आपराधिक इतिहास का विवरण (अभियुक्त अनुज कुमार मौर्य)-मु0अ0सं0- 76/2019 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट, थाना मुंशीगंज, जनपद अमेठी, मु0अ0सं0- 946/2019 धारा 411, 413, 414, 419, 420 भादवि, थाना कोतवाली नगर, जनपद रायबरेली, मु0अ0सं0- 950/2019 धारा 379, 411 भादवि, थाना कोतवाली नगर, जनपद रायबरेली, मु0अ0सं0- 16/2020 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986, थाना कोतवाली नगर, जनपद रायबरेली। गिरफ्तार/अनावरण करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक गोपाल जी गुप्ता, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र, प्रभारी एसओजी नागेश कुमार सिंह मय टीम,व0उ0नि0 मनोज सिंह, उ0नि0 रामज्ञान सिंह यादव, उ0नि0 अभयनाथ यादव, उ0नि0 घनश्याम तिवारी, चौकी प्रभारी डाला, हे0का0 विरेन्द्र कुमार सरोज, हे0का0 शिवप्रताप यादव, हे0का0 सीताराम यादव, हे0का0 शिवशरण बिन्द, का0 मन्टु सिंह, का0 शिवम सरोज शामिल रहे। सोनभद्र पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सतत जारी है।

# ओबरा में बच्चों के लिए ऐतिहासिक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन, खेल के साथ देशभक्ति का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा/ सोनभद्र-** राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना ट्रस्ट द्वारा संचालित राष्ट्रीय नवनिर्माण क्रिकेट सेना के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता लगातार उत्साह के साथ जारी है। यह ओबरा क्षेत्र की पहली ऐसी प्रतियोगिता है जिसमें 14 वर्ष तक एवं 18 वर्ष तक के बच्चों को खेलों से जोड़ने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल क्रिकेट खेलाना नहीं, बल्कि बच्चों में देशभक्ति, अनुशासन और क्रांतिकारी विचारधाराओं के प्रति जागरूकता विकसित करना भी है। प्रत्येक मैच से पहले खिलाड़ियों को संकल्प दिलाया जाता है कि वे क्रांतिकारी विचारधाराओं को आगे बढ़ाएंगे तथा देश के अमर क्रांतिकारियों के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। साथ ही यह मांग भी रखी जाती है कि क्रांतिकारियों की जीवनियां एवं उनकी प्रेरणादायक पुस्तकें देश के प्रत्येक पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से शामिल की जाएं ताकि नेता, अभिनेता, व्यवसायी, कर्मचारी, अधिकारी, वकील अथवा न्यायाधीश बनने से पहले प्रत्येक नागरिक एक सच्चा देशभक्त बन सके। मैच प्रारंभ होने से पूर्व खिलाड़ियों की दौड़ प्रतियोगिता भी कराई जाती है तथा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को सम्मानित किया जाता है। इसके बाद क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया जाता है। बतादें कि पहला मैच डाला सुपर किंग और एलीट वॉरियर के बीच खेले गए मुकाबले में डाला सुपर किंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 133 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलीट वॉरियर टीम निर्धारित लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। डाला सुपर किंग ने 33 रन से शानदार जीत दर्ज की। डाला सुपर किंग के बल्लेबाज विशाल को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच के मुख्य अतिथि शशि चौबे रहे।इसी तरह दूसरा मैच (अंडर 14)ओबरा टाइटन और ओबरा सुपर जायंट के बीच खेले गए मुकाबले में ओबरा सुपर जायंट ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। ओबरा टाइटन ने 67 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में ओबरा सुपर जायंट ने सफलतापूर्वक लक्ष्य हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया। ओबरा सुपर जायंट के बल्लेबाज कृष्णा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच में मुख्य अतिथि के रूप में सभासद अनुज वर्मा उपस्थित रहे।तीसरा मैच (अंडर 18) गांधी मैदान क्रिकेट क्लब और किंग्स इलेवन के बीच खेले गए मुकाबले में गांधी मैदान क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 71 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग्स इलेवन की टीम 56 रन पर ऑल आउट हो गई। गांधी मैदान क्रिकेट क्लब ने 15 रन से शानदार जीत दर्ज कर ली। इस मैच के मुख्य अतिथि जनाब महताब आलम साहब रहे।राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि बच्चों को मोबाइल की दुनिया से निकालकर खेल मैदान तक लाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यह प्रतियोगिता आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ, अनुशासित, राष्ट्रभक्त और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# बीजपुर पुलिस की बड़ी सफलता , मानव कंकाल बरामदगी से जुड़े सनसनीखेज हत्या प्रकरण में वांछित मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

**● घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद, भेजा न्यायालय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बीजपुर / सोनभद्र** –पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व वांछित/फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण में थाना बीजपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।थाना बीजपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-67/2026 धारा 103(1), 238(ए) बीएनएस से संबंधित हत्या प्रकरण में वांछित मुख्य अभियुक्त लाला भैया उर्फ लाले पनिका पुत्र बाल गोविन्द निवासी सिसवा झापर, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 44 वर्ष* को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 25.06.2026 को प्रातः लगभग 08:49 बजे चेतवा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।उल्लेखनीय है कि दिनांक 30.05.2026 को मोटकी मुकुट पहाड़ी धरतीडाड़, थाना बीजपुर क्षेत्र में एक मानव कंकाल बरामद हुआ था, जिसके संबंध में थाना बीजपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विवेचना की जा रही थी। विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों के आधार पर उक्त अभियुक्त की संलिप्तता प्रकाश में आई थी। गिरफ्तारी के दौरान मा. सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल TVS Sport संख्या P64AC3775 बरामद की गई है। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से राजेश कुमार सिंह, थानाध्यक्ष बीजपुर , उ0नि0 सुरेन्द्र सिंह हे0का0 भानू प्रताप यादव, का0 राहुल गोड़ शामिल रहे।

# कॉपीराइट एक्ट व ट्रेडमार्क अधिनियम सहित बीएनएस की धाराओं में लिखा गया मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच( जालौन )**- कस्बे के बाजारों में नामी कंपनियों के ब्रांड नाम का इस्तेमाल कर नकली शीतल पेय पदार्थों की बिक्री का मामला सामने आया है। पेप्सिको, इंस. एवं पेप्सिको इंडिया होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि जयदीप सिंह कोचर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर माउंटेन ड्यू, पेप्सी, सेवनअप, स्लाइस, लहर, मिरिंडा और ड्यूक जैसे ट्रेडमार्क वाले नकली उत्पादों के निर्माण, पैकिंग और बिक्री का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में बताया गया है कि उक्त सभी ब्रांड भारत में शिकायतकर्ता कंपनियों के नाम पर पंजीकृत हैं और इनके ट्रेडमार्क व कलात्मक डिजाइन को कॉपीराइट अधिनियम के तहत भी संरक्षण प्राप्त है। कंपनियों का कहना है कि इन ब्रांडों का लंबे समय से बड़े स्तर पर उत्पादन, प्रचार-प्रसार और व्यापार किया जा रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार नियमित बाजार सर्वेक्षण के दौरान जानकारी मिली कि कोंच क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में कुछ अज्ञात लोग इन ब्रांड नामों से मिलते-जुलते नकली शीतल पेय पदार्थ तैयार कर बेच रहे हैं। आरोप है कि ऐसे उत्पादों की लेबलिंग इस तरह की जाती है कि ग्राहक उन्हें असली कंपनी का उत्पाद समझ लेते हैं। कंपनी प्रतिनिधि ने पुलिस को बताया कि नकली पेय पदार्थों के निर्माण और बिक्री से न केवल कंपनी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा पैदा हो सकता है। आरोप है कि ऐसे उत्पाद कम गुणवत्ता वाले और अस्वच्छ परिस्थितियों में तैयार किए जाते हैं, जिससे लोगों की सेहत प्रभावित हो सकती है। साथ ही इससे सरकार को राजस्व की हानि भी होती है। तहरीर में कॉपीराइट अधिनियम की धारा 63, ट्रेड मार्क्स अधिनियम 1999 की धाराओं 103 व 104 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की तमाम धाराओं के तहत कार्रवाई की मांग की गई है। कंपनी ने नकली उत्पादों की सप्लाई और बिक्री में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल, कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि बुधवार को कस्बे के जवाहर नगर इलाके में कंजड़ बाबा के पास माउंटेन ड्यू की संदिग्ध खेप पकड़ी गई थी आधा माल एक गोदाम में अनलोड हो चुका था जबकि पुलिस ने माउंटेन ड्यू की बोतलों से आधा भरा ट्रक जब्त कर मंडी चौकी में खड़ा कराया था। बालाजी ट्रेडर्स के प्रोपराइटर एवं वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के अधिकृत वितरक आशुतोष व्यास ने बताया था कि 24 जून की सुबह उन्हें जानकारी मिली कि ट्रक में लदी माउंटेन ड्यू की संदिग्ध खेप जवाहर नगर स्थित एक गोदाम में उतारी जा रही है। उक्त माल की आपूर्ति उनके माध्यम से नहीं की गई थी, जिसके चलते उन्हें उत्पाद की वैधता पर संदेह हुआ। इसकी जानकारी उन्होंने कंपनी के अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे कंपनी के अधिकारियों ने बोतलों पर अंकित बैच नंबर, निर्माण तिथि और अन्य विवरणों की जांच के लिए कंपनी को भेजा। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि जांच के दौरान सामने आया कि बोतलों पर अंकित विवरण कंपनी के पानीपत प्लांट से संबंधित होने के बावजूद उक्त उत्पाद कंपनी द्वारा निर्मित नहीं किया गया है। कंपनी की ओर से इसे माउंटेन ड्यू ब्रांड का नकली उत्पाद बताते हुए कहा गया कि उत्पाद पर कंपनी के ट्रेडमार्क, पैकेजिंग और लेबल का गलत इस्तेमाल किया गया है।

# एसपी ने कोतवाली का निरीक्षण कर अपराध समीक्षा की

**» अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच( जालौन )**- पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने बुधवार की देर शाम कोंच कोतवाली का औचक निरीक्षण कर अभिलेख जांचते हुए व्यवस्थाएं परखी, साथ ही अपराध समीक्षा कर अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली कार्यालय, मैस, साइबर हेल्प डेस्क, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर साफ सफाई से लेकर अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति जांची और संबंधित पटल पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों से आवश्यक जानकारी ली। वहीं अपराध समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने वांछित अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने फरार अभियुक्तों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने और संवेदनशील मामलों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई और महिला संबंधित मामलों के त्वरित निस्तारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि अपने दायित्वों का ईमानदारी और सतर्कता के साथ निर्वहन करें। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर अरुण कुमार, एसएसआई विमलेश कुमार सहित चौकी प्रभारी सुमित पांडेय, नितीश कुमार, अभिषेक कुमार, शिवनारायण आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### घाटमपुर विधायक द्वारा 656 मीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं भूमि पूजन संपन्न



**कानपुर ग्रामीण।** घाटमपुर विधायक सरोज कुरील द्वारा मुख्यमंत्री त्वरित योजना के अंतर्गत गांव मवई माधौ, मजरा राजपुर से मछैला तक 656 मीटर लंबी इंटर लॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं भूमि पूजन कार्यक्रम घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सरोज कुरील के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ,,इस परियोजना की करीब लागत 38=89 लाख रुपए हैं इस अवसर पर विधायक सरोज कुरील ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधार भूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है, सड़क बिजली , विद्युत, एवं अन्य जनकल्याण कारी योजनाओं के माध्यम से गांवों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र वासियों के आवागमन को सुगम बनाएगा, तथा ग्रामीण विकास को नई गति प्रदान करेगा, उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता गांवों में बेहतर आधार भूत ढांचा उपलब्ध कराना है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक सहज पहुंच सके, यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सम्मानित कार्यकताओं एवं गांव वासियों का आभार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जनता का विश्वास एवं सहयोग ही जनसेवा की सबसे बड़ी प्रेरणा है।

### बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना शिक्षकों का दायित्व- बीईओ



**सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र उस्का बाजार पर परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की एक समीक्षा बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने की। इस दौरान विद्यालयों में शैक्षणिक सुधार और विभागीय प्राथमिकताओं को समय से पूरा करने को लेकर कड़े निर्देश दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना सभी शिक्षकों का मुख्य दायित्व है, इसमें लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। विद्यालयों में छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर बल देते हुए उन्होंने शिक्षकों को अभिभावकों से निरंतर संवाद करने के निर्देश दिए। बैठक में निपुण तालिका और असेसमेंट ट्रैकर को समय से भरने व अपडेट रखने के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की गई। इसके साथ ही सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया कि वे शिक्षक संदर्शिका के अनुसार ही कक्षाओं में शिक्षण कार्य कराएं और नियमित रूप से शिक्षक डायरी भरना सुनिश्चित करें। बीईओ ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि उनके स्तर पर कोई भी कार्य लंबित नहीं रहेगा। इस दौरान अकादमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) रूपेश सिंह और बाल गोविंद पटेल सहित अभय श्रीवास्तव, शिवाकांत दूबे, शिवपाल सिंह, आशुतोष उपाध्याय, अंकिता सिंह, शैलेश साहनी, जितेंद्र पांडेय, वंदना शुक्ला, आकाश यादव, उपेंद्र पाठक, अरविंद श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### विवाह का झांसा देकर दुष्कर्म और गर्भपात कराने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** वादिनी निवासी ग्राम केवरा कला, थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़ द्वारा आरोप लगाया गया है कि विपक्षी मनीष यादव निवासी जनपद जौनपुर ने सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) के माध्यम से संपर्क स्थापित कर विवाह का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। वादिनी के अनुसार गर्भवती होने पर विपक्षी द्वारा उसे एक निजी अस्पताल ले जाकर उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भपात कराया गया तथा बाद में विवाह करने से इंकार करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दी गई। इस संबंध में थाना फतनपुर में उनके कुकृत्य का अभियोग पंजीकृत किया गया था।थाना फतनपुर पुलिस द्वारा थाना फतनपुर दर्ज मुकदमा से संबंधित अभियुक्त मनीष यादव सुत श्याम बहादुर यादव निवासी ग्राम गोठांव थाना बरसठी जनपद जौनपुर उम्र करीब 25 वर्ष थाना क्षेत्रान्तर्गत तारडीह प्राइमरी स्कूल केवरा कला के पास से गिरफ्तार किया गया है।

# कानपुर नगर निगम के बागी पार्षद अब आगे क्या करेंगे? छै पार्षद कैसे करेंगे 75 पार्षदों का मुकाबला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर नगर निगम में बीजेपी के अंदर की लड़ाई अब खुलकर सड़क पर आ गई है। 6 बागी पार्षदों के खिलाफ 75 से ज्यादा पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। अब सवाल यह उठता है कि बागी छै पार्षद कैसे 75 पार्षदों का मुकाबला करेंगे। मेयर प्रमिला पांडेय और उनके बेटे 'बंटी' पांडेय पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाले ये पार्षद अब तिराहे पर खड़े हैं। पार्टी से निष्कासन का खतरा, लेकिन पीछे हटने को तैयार नहीं। 24 जून 2026 को नेता सदन नवीन पंडित के नेतृत्व में 75+ बीजेपी पार्षदों ने हाईकमान को चेतावनी दीः 'अगर पवन गुप्ता, अंकित मौर्य समेत 6 बागियों को तुरंत निष्कासित नहीं किया तो हम सामूहिक इस्तीफा दे देंगे '।

**आरोप गंभीर हैं-** हत्या और रंगदारी जैसे मुकदमे चलने का दावा किया गया है। लेकिन बागी पार्षद पवन गुप्ता साफ कह रहे हैंः 'ये लड़ाई भ्रष्टाचार के खिलाफ है। भाजपा की छवि धूमिल हो रही है, इसलिए पीछे नहीं हटेंगे। यानी अगला कदम या तो निष्कासन है, या समझौता। 2016 में भी बीजेपी ने 30 बागी प्रत्याशियों को 6 साल के लिए निकाला था। इतिहास खुद को दोहराता दिख रहा है। इन पार्षदों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ दस्तावेजी लड़ाई शुरू की थी लेकिन अब निष्कासन के डर के बीच बागी पार्षदों ने नया मोर्चा खोल दिया है - दस्तावेजों की लड़ाई पार्षद लक्ष्मी कोरी ने नगर आयुक्त से जोन-1 और जोन-4 के विकास कार्यों का पूरा हिसाब मांगा है। 14वें और 15वें वित्त आयोग के तहत कितना पैसा कहां खर्च हुआ, इसका ब्योरा मांगा गया है। आरोप है कि वार्ड 15 में मनमाने तरीके से दूसरे वार्डो का बजट खर्च किया गया।

अगर निष्कासन होता है तो जनता के पास जाने के लिए मुद्दा हाथ में रहे राजनीतिक भविष्य- निर्दलीय या दूसरी पार्टी? कानपुर नगर निगम में 110 वार्ड हैं। 2023 में बसपा के बागी पार्षदों ने भी यही किया था - जब पार्टी ने चुनाव न लड़ने का फैसला किया तो ज्यादातर ने निर्दलीय या दूसरी पार्टी से ताल ठोंक दी थी। अभी बीजेपी के बागी पार्षदों के पास 3 ऑप्शन हैं।

पहला बीजेपी में रहकर लड़ाई जारी रखना। साक्ष्यों के साथ संगठन को शिकायत देना। मकसद है 'बंटी राज' खत्म कराना। निष्कासन के बाद निर्दलीय लड़नाः 2026 के निकाय चुनाव में अगर टिकट नहीं मिला तो निर्दलीय मैदान में उतरना। बसपा के बागी पार्षदों ने 2023 में यही किया था।

**दूसरी पार्टी जॉइन करनाः** कुछ पार्षद पहले से ही दूसरे दलों से टिकट की जोड़तोड़ में लगे हैं।

बात अब निकल चुकी है मामला लखनऊ तक पहुंच चुका है। नगर निगम की रार सीएम योगी आदित्यनाथ तक पहुंच गई है। जनवरी 2026 में मेयर प्रमिला पांडेय ने सीएम से मिलकर सफाई दी थी कि बेटे का हस्तक्षेप नहीं है। लेकिन बागी पार्षदों का कहना है कि जब तक 'बंटी राज' खत्म नहीं होगा, विकास कार्य प्रभावित होते रहेंगे। अगर बीजेपी हाईकमान 6 बागियों को निष्कासित करता है तो 75 पार्षदों का इस्तीफे का दबाव खत्म होगा। लेकिन इससे बागी गुट का जनता के बीच 'भ्रष्टाचार विरोधी' इमेज मजबूत होगी। अगर समझौता होता है तो मेयर को अपने बेटे की भूमिका सीमित करनी पड़ेगी। और बागियों को सदन में वापस आना पड़ेगा। फिलहाल बागी पार्षद पवन गुप्ता, अंकित मौर्य, लक्ष्मी कोरी, आलोक पांडेय, विकास जायसवाल और हरिस्वरूप निक्की तिवारी कह रहे हैं कि 'लड़ाई जारी रहेगी।

### चोरी की देशी शराब व नकदी के साथ आरोपित गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया पुलिस ने थानाक्षेत्र के गौरा बाजार में गत दिनों देशी शराब की दुकान में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपित को एक पेटी देशी शराब, एक स्कैनर/पास मशीन तथा एक हजार रुपये नकदी के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां उसे जेल भेज दिया गया। 21 जून की रात गौरा बाजार में स्थित देशी शराब की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने तीन पेटी देशी शराब और एक स्कैनर/पास मशीन चोरी हो गई थी। चिल्हिया पुलिस ने शराब ठीकेदार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में लगी हुई थी।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाएं जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत वुधवार की रात प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने पुलिस जवानों के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि चोरी की घटना में शामिल व्यक्ति मंझरिया और गौरा बाजार के बीच स्थित पुलिया के पास शराब लेकर कहीं जा रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित सिकंदर पुत्र दुक्की चिल्हिया थानाक्षेत्र के गौरा बाजार का रहने वाला है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पेटी देशी शराब, एक स्कैनर/पास मशीन तथा एक हजार रुपये नकद बरामद हुआ। पूछताछ में उसने चोरी की घटना को स्वीकार करते हुए बताया कि चोरी की गई दो पेटी शराब वह पहले ही बेच चुका है।बचा हुआ शराब बेचने जा रहा था और पुलिस के हत्थे चढ़ गया। गिरफ्तारी के दौरान उपनिरीक्षक सुधाकर राय,विन्ध्यांचल प्रसाद, मुख्य आरक्षी अमृत नायक, पंकज यादव, अभय सिंह आदि मौजूद रहे।

## आईएमए कानपुर में क्षय रोगियों को पोटली वितरण

**● कार्यक्रम का आयोजन, डीएम ने किया वितरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** आईएमए कानपुर के द्वारा 'राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम' के अंतर्गत, 'राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम', आयोजित किया जा रहा है जो कि, प्रधानमंत्री भारत सरकार, नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता के अंतर्गत, कानपुर नगर में किया जा रहा है। आई.एम.ए. कानपुर के अध्यक्ष, डॉ. अनुराग मेहरोत्रा ने सभी का स्वागत किया और बताया की, इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा, 'क्षय रोगियों' के लिए 'पौष्टिक आहार किट वितरण (पोटली वितरण)' का योगदान कर रहा है जिसमें, 'निश्वय मित्र पोर्टल' में इनरोल्ड, लगभग 100 निर्धन क्षय रोगियों को, 'पौष्टिक आहार किट (पोटली वितरण)', उपलब्ध कराई गई। इस कार्यक्रम में, कानपुर नगर के जिलाअधिकारी,'मुख्य अतिथि' के रूप में आमंत्रित थे, उन्होंने इन मरीजों को आई.एम.ए. द्वारा दी गई, पौष्टिक आहार किट 'पोटली' को वितरित किया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत, आई.एम.ए. द्वारा, सभी प्राइवेट डॉक्टर्स से निवेदन किया गया कि, जो भी मरीज, संदिग्ध क्षय रोगी (सस्पेक्टेड मामला) है यानि, जिनका वजन एक महीने में 10 प्रतिशत से अधिक कम हो गया है, लगभग एक महीने से लागातार बुखार है, बलगम के साथ खांसी आ रही है, उन सभी मरीजों की क्षय रोग की जांच अवश्य कराएं - मुख्यतः बलगम की जांच और छाती का X-Ray, एवं ट्यूबरक्लोसिस पाय जाने पर, 'निश्वय पोर्टल' में, इनरोल्ड कर के, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के अंतर्गत, मुफ्त में इलाज एवं पौष्टिक आहार सामग्री की पूर्ति कराए, जिससे ट्यूबरक्लोसिस भारत में समाप्त हो जाए और प्रधानमंत्री जी का सपना की, सन 2030 तक भारत ट्यूबरक्लोसिस मुक्त हो जाए, साकार हो सके। इस कार्यक्रम का संचालन, आई.एम.ए. कानपुर की सचिव, डॉ. शालिनी मोहन ने किया एवं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, जितेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी कानपुर नगर एवं विशिष्ट अतिथि, डॉ. सुबोध प्रकाश, डिस्ट्रिक ट्यूबरक्लोसिस ऑफीसर थे, जिन्होंने इनरोल्ड मरीजों को उपलब्ध कराया। इस पोटली वितरण कार्यक्रम में, जिन आई.एम.ए. चिकित्सकों ने अपना सहयोग दिया वो सभी एवं डॉ किरण सिन्हा, डॉ शरद दामेले, डॉ गुल शगुफ्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# कल्याणपुर में भाई की सास को बनाया हवस का शिकार, आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर के कल्याण पुर थाना क्षेत्र में छोटे भाई की होने वाली सास से दुष्कर्म करने के आरोप में युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने कपड़े खरीदने के बहाने कमरे में बुला कर नशीला पदार्थ पिलाया,,और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया,, इसके बाद अश्लील वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकीं देकर महिला का शारीरिक शोषण कर रहा था। कल्याणपुर निवासी महिला के मुताबिक बीते 24अप्रैल को बेटी की शादी थी, उससे एक सप्ताह पहले होने वाले दामाद के बड़े भाई ने फोन कर उन्हें कल्याण पुर स्थित आवास विकास के अपने कमरे में बुलाया था, उसने कहा था कि शादी? में पहनने के लिए कपड़े खरीदने हैं, इसलिए वह कमरे में आ जाए, आरोप है कि कमरें में पहुंचने के बाद, उन्हें कोल्ड ड्रिंक पीने के लिए दी, जिसमें नशीला पदार्थ मिला हुआ था, कोल्डड्रिंक पीने के कुछ देर बाद वह बेहोश हो गई, इस दौरान आरोपी ने उनके साथ दुष्कर्म किया, और आपत्ति जनक फोटो व वीडियो भी बना लिया, धमका कर कई बार दुष्कर्म किया, कल्याण पुर थाना प्रभारी निरीक्षक केशव तिवारी, ने बताया कि दो महीने पहले एफआईआर पंजीकृत की गई थी, तब से आरोपी फरार चल रहा था, 25/06/5026 दिन गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर विनोद राय को बधाई



**सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विनोद राय को गोरखपुर क्षेत्र का क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर उसका बाजार क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त किया है। भाजपा सिद्धार्थनगर के जिला उपाध्यक्ष आशीष शुक्ल ने कहा कि अब पूर्वांचल के गोरखपुर अंचल भी भाजपा की संगठन की स्थिति और मजबूत होगी। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत कुमार जायसवाल, भाजपा नेता सच्चिदानंद चौबे, भाजपा उसका बाजार मंडल अध्यक्ष राकेश आर्य, व्यापार मंडल अध्यक्ष धनेश वर्मा, युवा भाजपा नेता रामेश्वर पाण्डेय, सभासद सूरज मोदनवाल, अंगद साहनी, विनोद वर्मा सहित सत्यप्रकाश वर्मा, सोनू मिश्रा आदि लोगों ने बधाई दी।

# कई मौतों के बाद नींद से जागे जिम्मेदार, अब याद आई जांच, कोचिंग संस्थानों पर की बड़ी कार्रवाई, तीन सेंटर किए सीज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** विद्यार्थियों की सुरक्षा और शिक्षण संस्थानों में मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने जिले में संचालित कोचिंग संस्थानों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया है। संयुक्त जांच टीम द्वारा किए गए निरीक्षण में कई कोचिंग केंद्रों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और आवश्यक व्यवस्थाओं में खामियां पाए जाने पर तीन संस्थानों को सीज कर दिया गया लेकिन जिम्मेदारों की नींद तब टूटी जब कई ज़िंदगियां जिम्मेदारों की लापरवाहियों से मौत के मुंह में समा गई। उन्नाव विकास प्राधिकरण (यूडीए), जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय तथा अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान अग्निशमन सुरक्षा, भवन स्वीकृति, पंजीकरण, आपातकालीन निकास, विद्युत सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक मानकों की गहन पड़ताल की गई। निरीक्षण में कई संस्थानों में फायर एनओसी, सुरक्षा प्रबंध एवं आवश्यक दस्तावेजों की कमी सामने आई। इसके बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गुरुकुल कोचिंग सेंटर, नजर कोचिंग सेंटर सहित कुल तीन संस्थानों को सीज कर दिया। अधिकारियों ने संबंधित संचालकों को नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त ने बताया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासन एवं मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा और जो भी संस्थान नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना मानक सुरक्षा व्यवस्थाओं, वैध पंजीकरण एवं आवश्यक अनुमतियों के संचालित होने वाले शिक्षण संस्थानों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से जिले के कोचिंग संचालकों में



हड़कंप मच गया है, जबकि अभिभावकों ने इसे छात्रों की सुरक्षा के लिए सकारात्मक कदम बताया है। इसी क्रम में लखनऊ कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीबू सभासद के घर के पीछे स्थित एक बड़े मकान को यू डी ए द्वारा सील किया गया था लेकिन सील करने के लगभग ढाई महीने बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। चर्चा है कि कर्मचारियों से सांठ गांठ कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं। ऐसे मानक विहीन निर्माण भविष्य में मुश्किलें पैदा करते हैं।

## ओवर स्पीड वाहनों पर की गई प्रवर्तनात्मक कार्यवाही, 369 वाहनों के किये चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 03 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। आज दिनांक 25.06.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 52 ट्रक, 4 बस, 112 चार पहिया/दो पहिया168 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया।

राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 03 ट्रक, 05 बस, 108 चार पहिया/दो पहिया 116 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 85 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर ने आमजनमानस से अपील कीइ है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा



दाहिनें से करें। यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलायें। नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है। 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा है- नियमों का पालन करें व दूसरों को भी प्रेरित करें। '

## श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत आत्माओं को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** शहर के निराला पार्क में श्री राधिका सेवा समिति, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत आत्माओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत जनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और उनके समाजहित में किए गए कार्यों को स्मरण किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि दिवंगत आत्माओं का समाज के प्रति योगदान सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उन्होंने मानव सेवा, सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और नैतिक मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान करते हुए समाज को जागरूक एवं संगठित बनाने पर बल दिया।

इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कार्यक्रम का आयोजन समाजसेविका गुड़िया सिंह




चौहान द्वारा किया गया। सभा में कीर्ति श्रीवास्तव, पुनीता दीक्षित, मंजू सिंह, पुष्पलता, रेखा श्रीवास्तव, रचना श्रीवास्तव, रामा श्रीवास्तव, सविता, प्रियंका पाल, निशीथ श्रीवास्तव, मयंक शर्मा, महेंद्र राजपूत, तान्या सिंह, वैष्णवी, उन्नति चौहान एवं अनिका पाल सहित समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन दिवंगत आत्माओं की शांति, समाज सेवा और सद्भावना के संकल्प के साथ किया गया।

### लखनऊ अग्निकांड में कानपुर के पीड़ित परिवारों से मिले सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद आर्थिक सहायता व विशेष जांच दल से जांच की उठाई मांग



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर इकाई के जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद अपने साथियों के साथ लखनऊ अग्निकांड में जिंदा जलकर जान गंवाने वाले कानपुर निवासी संयम विज एवं सूरजभान सिंह के परिजनों के आवास पहुंचे तथा शोक संतप्त परिवारों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। हाजी फजल महमूद ने कहा कि लखनऊ अग्निकांड अत्यंत हृदयविदारक एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। इस हादसे में कानपुर के दो होनहार युवाओं की असमय मृत्यु से पूरा शहर स्तब्ध है। समाजवादी पार्टी इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है तथा हर संभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि दोनों पीड़ित परिवारों को तत्काल उचित आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाए तथा उनके परिवारों के पुनर्वास के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। साथ ही इस पूरे प्रकरण में यदि प्रशासनिक स्तर पर किसी प्रकार की लापरवाही या चूक हुई है तो उसकी निष्पक्ष एवं समयबद्ध विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। हाजी फजल महमूद ने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रदेश सरकार को अग्नि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराना चाहिए, जिससे भविष्य में किसी परिवार को इस प्रकार की अपूरणीय क्षति का सामना न करना पड़े। शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,वीरसेन सिंह,महेन्द्र सिंह,सुधांशु मिश्रा,राकेश निषाद,मेराज अहमद,अजय श्रीवास्तव,मुकेश दीक्षित,गुड्डू यादव प्रमुख रहे।

# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत समारोह की तैयारियों की कुलपति ने की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर में आगामी 29 जून को आयोजित होने वाले दसवें दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा हेतु गुरुवार को कुलपति प्रोफेसर कविता शाह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में दीक्षांत समारोह से संबंधित विभिन्न समितियों के संयोजकों एवं सदस्यों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने विशेष रूप से इस वर्ष दीक्षांत समारोह के आयोजन स्थल को लेकर आवश्यक तैयारियों पर बल दिया। उन्होंने बताया कि प्रतिकूल मौसम एवं वर्षा की संभावनाओं को देखते हुए इस बार दीक्षांत समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित पंडाल के स्थान पर गौतम बुद्ध प्रेक्षागृह में किया जा रहा है। उन्होंने सभी समितियों को कार्यक्रम की गरिमा एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि शैक्षणिक उपलब्धियों और अकादमिक उत्कृष्टता का महोत्सव होता है। ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन की सफलता के लिए प्रत्येक छोटे-बड़े बिंदु पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम सभी विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य इस गौरवशाली अवसर को सफल बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। कुलपति ने कहा कि किसी भी बड़े आयोजन की सफलता का मूल मंत्र सामूहिक प्रयास, पारस्परिक सहयोग और समन्वित कार्यशैली में निहित होता है। यदि सभी समितियाँ निर्धारित समय-सीमा में अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगी, तो विश्वविद्यालय का दसवां दीक्षांत समारोह एक ऐतिहासिक एवं यादगार आयोजन के रूप में स्थापित होगा। बैठक में कुलसचिव डॉ. अश्वनी कुमार सहित विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, विभिन्न समितियों के अध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डंपर की टक्कर से युवती की मौत, कोहराम



**लालगंज, प्रतापगढ़।** डंपर की टक्कर से दुर्घटना में युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मौत की खबर मृतका के घर पहुंची तब स्वजनों में कोहराम मच गया। उदयपुर थाना के सेमरा निवासी बैजनाथ गुप्ता की पुत्री खुशबू 21 बुधवार को रात लगभग साढ़े नौ बजे भाई लाल बहादुर के साथ बाइक से अठेहा बाजार गयी थी। रात में घर वापसी के समय बाजार से एक किलोमीटर पहले गौरीगंज मोड़ पर तीव्र गति से आ रहे डंपर ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दिया। इससे युवती बाइक से गिर गयी और डंपर का चक्का उसके सिर पर चढ़ गया। मौके पर ही गंभीर चोटों के कारण युवती की मौत हो गयी।किंतु दुर्घटना में मृतका का भाई लाल बहादुर बाल बाल बच गया। सूचना मिलने पर उदयपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। घटना को लेकर मृतका के भाई लाल बहादुर ने पुलिस को तहरीर दी है। इधर ग्रामीणों ने डंपर को रोक लिया। पुलिस ने डंपर को कब्जे मे ले लिया है। एसओ दीप नारायण का कहना है कि तहरीर मिली है, केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बाईपास निर्माण में मुआवजा न मिलने से आक्रोशित किसानों ने दिया धरना, सीएम को संबोधित सौंपा ज्ञापन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रायपुर तियाई से चिरकुटी बाजार के लिए स्वीकृत हुए निर्माणाधीन बाईपास को लेकर प्रभावित किसानों को मुआवजा न मिलने से किसानों का आक्रोश बढ़ता दिख रहा है। गुरूवार को भारतीय किसान आंदोलन के बैनरतले बड़ी संख्या में जुटे प्रभावित किसानों ने तहसील परिसर मे धरना प्रदर्शन किया। भारतीय किसान आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में किसानो ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा को सौंपा। ज्ञापन में इस बात पर आक्रोश जताया गया है कि बाईपास के लिए किसानों की जमीन के अधिग्रहण की उन्हें नोटिस नही दी गयी। राष्ट्रीय अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रभावित किसानों को मुआवजा न दिया जाना अक्षम्य है। उन्होने कहा कि मुआवजा मिलने तक यदि किसानो के खेत में भौगोलिक परिवर्तन किया गया तब इसका जोरदार विरोध होगा। धरना प्रदर्शन का संचालन जिलाध्यक्ष राकेश गिरि ने किया। इसके बाद किसानो ने एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने किसानों को समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर महिला मण्डल अध्यक्ष अनीता गौतम, तहसील इकाई अध्यक्ष गीता देवी, रामदीन, सुभाष, रमेश कुमार यादव, आशीष पाल, छोटे लाल वर्मा, राजपति, लखपती, कमला देवी, निर्मला आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जनकपुरी स्कूल दुष्कर्म मामला: मां को आरोपित का बेटा दे रहा धमकी, जमानत पर हाई कोर्ट का फैसला 29 जून को

**नई दिल्ली।** जनकपुरी के एक निजी स्कूल में तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपित 57 साल के कर्मचारी पर पीड़िता की मां ने गंभीर आरोप लगाया है। ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई जमानत को रद करने की मांग करते हुए एक तरफ जहां पीड़िता की मां ने अदालत को बताया कि उन्हें आरोपित स्टाफ सदस्य के बेटे से धमकियां मिल रही हैं और उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है। अदालत में मौजूद रही पीड़िता की मां ने बताया कि आरोपित के बेटे ने उन्हें दिल्ली हाई कोर्ट के गेट नंबर-सात के पास डराया-धमकाया था। पीड़िता की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता ने भी कहा कि कुछ कुछ घटनाएं बाद में हुई हैं। वहीं, दूसरी तरफ जमानत याचिका का विरोध करते हुए दिल्ली पुलिस ने भी ट्रायल कोर्ट के आदेश को रद करने का अनुरोध किया। दिल्ली पुलिस की तरफ से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने न्यायमूर्ति विनोद कुमार की अवकाश पीठ के समक्ष कहा कि यह ऐसा मामला नहीं था जिसमें ट्रायल कोर्ट को मुख्य आरोपित को राहत देनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि यह पाक्सो अधिनियम की धारा-छह के तहत गंभीर यौन हमले का स्पष्ट मामला है और इसमें कम से कम 20 साल की जेल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि बच्ची ने पहले ही आरोपित की पहचान कर ली है और विशेष आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज से आरोपित की मौजूदगी साबित होती है और ट्रायल कोर्ट ने आवेदन पर फैसला करने में लापरवाही बरती। दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद पीठ ने कहा कि आरोपित की जमानत रद करने पर अदालत 29 जून को अपना निर्णय सुनाएगी।

### दिल्ली की संजय झील बनेगी नई, रन्न ने खुद किया निरीक्षण; 5000 पौधे और फव्वारों की होगी व्यवस्था



**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली स्थित संजय झील के पुनर्स्थापन और कायाकल्प कार्यों को तेज गति देने के लिए व्यापक योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। झील का दौरा कर चल रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने 52 एकड़ के इस महत्वपूर्ण जलाशय और इसके आसपास के 165 एकड़ संरक्षित वन क्षेत्र के पुनर्जीवन की चरणबद्ध कार्ययोजना की जानकारी दी। गुरुवार को दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधु ने स्थानीय निरीक्षण भी किया। संजय झील को एक स्वच्छ, हर मौसम में उपयोगी और पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। समीक्षा के दौरान दिल्ली जल बोर्ड की पाइपलाइन की शीघ्र मरम्मत के निर्देश दिए गए, ताकि दल्लूपुरा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित जल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

**फव्वारों की व्यवस्था की जाएगी**

झील में लगातार खरपतवार और शैवाल हटाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही, तटबंधों की मजबूती के लिए जियोटेक्सटाइल तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार आगामी चरण में ठहरे हुए पानी की निकासी और प्रवाह को बेहतर बनाया जाएगा। इसके अलावा भूजल पुनर्भरण बढ़ाने के लिए बायो-स्वेल्स स्थापित किए जाएंगे तथा जल गुणवत्ता सुधारने के लिए बायो-रिमेडिएशन, एरेटर और फव्वारों की व्यवस्था की जाएगी।

**पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूती मिलेगी**

परियोजना के तहत क्षेत्र की जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए 5,000 देशी प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। इससे न केवल हरित क्षेत्र का विस्तार होगा, बल्कि स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूती मिलेगी।

अधिकारियों का कहना है कि संजय झील के पुनर्जीवन से यह क्षेत्र दिल्लीवासियों के लिए एक आकर्षक मनोरंजन स्थल के रूप में विकसित होगा। साथ ही, यह परियोजना राजधानी की पर्यावरणीय स्थिरता, जल संरक्षण और जलवायु अनुकूलन क्षमता को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में पहली एफ़.आई.आर., टिन्नू यादव, अनुकल्प मिश्र सहित 8 नामजद.....

**● अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में एफ़.आई.आर. दर्ज की गई है. यह एफ़.आई.आर. राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से दर्ज कराई गई है।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अयोध्या:** अयोध्या के राम मंदिर के चढ़ावा चोरी मामले में बड़ा एक्शन हुआ है. राम मंदिर ट्रस्ट की शिकायत पर चोरों के खिलाफ एफ़.आई.आर. दर्ज कराई गई है. सूत्रों के मुताबिक, CCTV में कुछ चोर चढ़ावे से चोरी करते दिखे थे, जिनके खिलाफ एफ़.आई.आर. दर्ज कराई गई है. इस पूरे मामले में यह पहली एफ़.आई.आर. है। यह एफ़.आई.आर. ऐसे समय दर्ज हुई है, जब राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला गरमाया गया है और हाल में ही SIT ने इस मामले में शुरुआती जांच रिपोर्ट सौंपी है।

**8 नामजद आरोपियों पर एफ़.आई.आर.**

अब सूत्रों ने बताया कि CCTV में चोरी करते दिखे और उनकी करने वालों के खिलाफ एफ़.आई.आर. दर्ज हुई है. एफ़.आई.आर. में आठ नामजद आरोपी हैं, जबकि कुछ अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है. स्वृद्धक्रमें रमाकांत यादव उर्फ टिन्नू यादव, लव कुश और अनुकल्प मिश्रा का नाम भी है. ये सारे नाम वे हैं, जिनका सीधे तौर पर कैश से लेना-देना था. हालांकि, इसमें चंपत राय का नाम नहीं है।

**दो दिन पहले SIT ने सौंपी थी रिपोर्ट**

राम मंदिर में चढ़ावे की रकम में कथित अनियमितताओं और गबन के आरोप सामने आने के बाद 13 जून को सरकार ने तीन सदस्यों की SIT बनाई थी। लगातार 6 दिन तक SIT ने मंदिर का दौरा किया था और कई लोगों से पूछताछ की थी. जांच के दौरान स्ढुङ्ग ने मंदिर प्रशासन, सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े कर्मियों, ट्रस्ट से संबद्ध लोगों और अन्य संबंधित व्यक्तियों सहित पांच दर्जन से ज्यादा लोगों से पूछताछ की. टीम ने चढ़ावे की गिनती, उसके रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था और कथित अनियमितताओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच की। SIT के अध्यक्ष विजय विश्वास पंत ने बताया कि यह एक गोपनीय जांच है और फिलहाल केवल प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी गई है. उन्होंने साफ किया कि जांच अभी जारी है और कई बिंदुओं पर पड़ताल की जा रही है. अंतिम रिपोर्ट तैयार होने के बाद उसे सरकार को सौंपा जाएगा।

**राम मंदिर में बदली व्यवस्था**

SIT की जांच के बाद मंदिर परिसर में दान राशि की काउंटिंग और कलेक्शन से जुड़े कई बदलाव किए गए हैं। जिन कर्मचारियों पर पहले यह जिम्मेदारी थी, उन्हें फिलहाल दूसरे कामों में लगाया गया है। अब दान पत्र के कैश काउंटिंग काम में मंदिर परिसर में कार्यरत विश्वसनीय कर्मचारियों के साथ-साथ बैंक के नए कर्मचारियों को भी शामिल किया गया है, ताकि प्रक्रिया को और ज्यादा पारदर्शी बनाया जा सके. पैसों की गिनती प्रक्रिया पर निगरानी के लिए नया CCTV सिस्टम लगाया गया है. सभी कैश काउंटिंग क्षेत्रों की कैमरों से निगरानी की जा रही है और इसके लिए अलग कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। दान राशि की गिनती और काउंटिंग रूम में प्रवेश को लेकर अब नियम और कड़े कर दिए गए हैं. पूरी तलाशी के बाद ही कर्मचारियों को काउंटिंग रूम में प्रवेश दिया जाएगा. काउंटिंग रूम से बाहर निकलने के समय भी शत-प्रतिशत जांच की व्यवस्था की गई है। सूत्रों के अनुसार, अब बैंक में कैश जमा करते समय तीन व्यक्ति क्रॉस वेरिफिकेशन करेंगे. सभी के हस्ताक्षर भी अनिवार्य किए गए हैं, ताकि प्रक्रिया में किसी तरह की गड़बड़ी की संभावना न रहे।

## यमुना के प्रदूषण में आई कमी, लेकिन पानी अभी भी उपयोग लायक नहीं; DPCC ने दिए सुधार के संकेत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में यमुना में अधिकांश स्थानों पर फीकल कोलीफॉर्म (मल मूत्र से होने वाला प्रदूषण) के स्तर में सुधार है, परंतु अभी भी इसका पानी उपयोग के लायक नहीं है। फीकल कोलीफॉर्म सहित प्रदूषण के अन्य मानक तय स्तर से अधिक हैं। जैविक आक्सीजन मांग (बीओडी) का स्तर भी तय मानक तीन मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक पाया गया है। यानी पानी में ऑक्सीजन की कमी बनी हुई है। डीपीसीसी द्वारा प्रत्येक माह यमुना की जल गुणवत्ता की रिपोर्ट जारी किया जाता है। इसके लिए पल्ला, वजीराबाद, आईएसबीटी ब्रिज, आइटीओ ब्रिज, निजामुद्दीन ब्रिज, हिंडन कट, ओखला बैराज और असगरपुर आठ स्थानों से नदी के जल के नमून लेकर जांच की जाती है। बीओडी, घुलित आक्सीजन (डीओ), रासायनिक आक्सीजन मांग (सीओडी), पीएच और फीकल कोलीफार्म जैसे मानकों की जांच कर प्रदूषण स्तर का आकलन किया जाता है। पिछले वर्ष मई की तुलना में इस बार सभी स्थानों पर फीकल कोलीफॉर्म के स्तर में सुधार हुआ है। लेकिन सभी स्थानों पर यह स्तर निर्धारित सीमा से अधिक है। नदी के पानी में फीकल कोलीफार्म का स्तर प्रति 100 मिलीलीटर अधिकतम 500 सर्वाधिक संभावित संख्या (एमपीएन) होना चाहिए। इसका स्तर प्रति 100 मिलीलीटर 2500 एमपीएन से अधिक होने पर पानी उपयोग योग्य नहीं रह जाता। पिछले वर्ष मई में आइटीओ पर इसका स्तर 92 लाख एमपीएन तक पहुंच गया था। इस वर्ष मई में यह कम होकर 1.20 लाख एमपीएन रह गया है। इसी तरह से असगरपुर में यह 23 लाख एमपीएन से कम होकर 3.3 लाख एमपीएन रह गया है। इसी तरह से निजामुद्दीन, ओखला बैराज व अन्य स्थानों पर भी सुधार है। इसके बावजूद इसका मान्य स्तर से बहुत अधिक होना यह बताता है कि अभी भी बड़ी मात्रा में बिना शोधित पानी नदी में पहुंच रहा है। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि एसटीपी के चल रहे उन्नयन कार्य से मल-मूत्र से होने वाले स्तर में पहले से सुधार हुआ है। एनजीटी ने वर्ष 2015 में दिल्ली जल बोर्ड को दिसंबर 2017 तक सभी एसटीपी के उन्नयन का आदेश दिया था। उसके बाद 18 एसटीपी के उन्नयन का प्रस्ताव तैयार हुआ था,लेकिन इसका काम अब तक पूरा नहीं हुआ है। 12 एसटीपी का उन्नयन कार्य लगभग पूरा हो गया है। छह अन्य का इस वर्ष के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद नदी के पानी की गुणवत्ता और बेहतर होगी।

## जिला चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-2026 को लेकर जिले के पत्रकारों के साथ मीटिंग की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फाजिल्का-** जिले के लोगों और पत्रकारों से सहयोग की ज़रूरत जिला चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर श्रीमती अमरप्रीत कौर संधू ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-2026 को लेकर जिले के पत्रकारों के साथ मीटिंग की। इस मौके पर एडिशनल जिला चुनाव अधिकारी-कम-एडिशनल डिप्टी कमिश्नर डॉ. मंदीप कौर, चुनाव तहसीलदार मैडम विभु जैन भी मौजूद थीं। इस मौके पर जिला चुनाव अधिकारी अमरप्रीत कौर संधू ने कहा कि इस ज़रूरी काम को आसानी से और असरदार तरीके से पूरा करने के लिए 25 जून 2026 से 24 जुलाई 2026 तक बूथ लेवल ऑफिसर (BLOs) द्वारा वोटरों के गिनती के फॉर्म भरे जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) का मकसद वोट काटना नहीं है, बल्कि वोटों को सही करना है जैसे नाम और दूसरी गलतियां ठीक करना, इसलिए जिले के लोगों को घबराना नहीं चाहिए बल्कि BLOs का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले के लोगों के सहयोग के साथ-साथ पत्रकारों का सहयोग भी बहुत ज़रूरी है, तभी हर सही और जानकारी भरी जानकारी लोगों तक पहुंचती है। उन्होंने कहा कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के तहत पोलिंग स्टेशनों को रैशनलाइज़ करने का काम 24 जुलाई 2026 तक किया जाएगा। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 3 अगस्त 2026 को पब्लिश की जाएगी। दावे और आपत्तियां 3 अगस्त से 2 सितंबर 2026 तक ली जाएंगी, जबकि उनका निपटारा 28 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। फाइनल वोटर लिस्ट 1 अक्टूबर 2026 को पब्लिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि SIR के तहत जिले के 7,76,163 वोटरों में से 6,86,917 वोटरों को 2003 वोटर लिस्ट से मैप किया जा चुका है, जो लगभग 88.5 प्रतिशत है।

## दिल्ली: बाराखंबा रोड पर ष्टष्टरूबिल्डिंग में लगी आग, ऑफिस में रखे कंप्यूटर और फर्नीचर जलकर खाक



**नई दिल्ली।** राजधानी के पॉश इलाके बाराखंबा रोड स्थित बहुमंजिला डीसीएम बिल्डिंग में गुरुवार को आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इमारत की पहली मंजिल पर बने एक ऑफिस में लगी थी। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ। दमकल विभाग के मुताबिक, आग लगने की सूचना पर आनन-फानन में आठ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। प्राथमिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। पुलिस और फायर विभाग के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। आग से ऑफिस में रखे कई कंप्यूटर, फर्नीचर और अन्य सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया।

## शाहरुख खान 27 साल पुराने गाने 'बादशाह ओ बादशाह' पर डांस करते आए नजर

**● शाहरुख खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है. इस वीडियो में शाहरुख खान अपने पॉपुलर सॉन्ग 'बादशाह ओ बादशाह' पर डांस करते नजर आ रहे हैं।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली:** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के जबरदस्त डांस परफॉर्मेंस के वीडियो क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं. किंग खान बुधवार 24 जून को मुंबई में एक इवेंट में शामिल हुए. इस इवेंट के दौरान जब शाहरुख स्टेज पर आए तो अपनी दमदार परफॉर्मेंस से समा बांध दिया. शाहरुख खान ने 'चांद तारे', 'ओम शांति ओम' और 'बादशाह ओ बादशाह' पर स्टेज पर डांस किया. उस शाम के वीडियो ऑनलाइन वायरल हो गए हैं. नेवी ब्लू सूट, शर्ट और काले चश्मे पहने शाहरुख खान जब स्टेज पर आए तो पूरा माहौल तालियों से गूंज गया. दर्शकों ने पूरे जोश के साथ उनका स्वागत किया। इस इवेंट के कई क्लिप्स में शाहरुख को उनके हिट गाने 'बादशाह ओ बादशाह' पर स्टेज पर आते हुए और फैंस को चीयर करते हुए देखा गया. एक वीडियो में उन्होंने दर्शकों से कहा, 'आप किसी इंसान को महाराष्ट्र से बाहर तो ले जा सकते हैं, लेकिन किसी इंसान के अंदर से महाराष्ट्र को नहीं निकाल सकते।' एक और वीडियो में शाहरुख दूसरे आर्टिस्ट्स और परफॉर्मर्स के ग्रुप के साथ अपनी फिल्मों के गानों की मेडली पर परफॉर्म करते देखा गया. इस मेडली में 'चांद तारे' और 'ओम शांति ओम' शामिल थे जिसमें शाहरुख कोरियोग्राफी को लीड करते और मेहमानों को अपने साथ शामिल होने के लिए चीयर करते हुए भी दिखे. परफॉर्मेंस के बाद उन्होंने बैकस्टेज समय बिताया और कुछ मेहमानों के साथ तस्वीरें खिंचवाई. बाद में उन तस्वीरों को ऑनलाइन शेयर किया गया. उनकी यह अपीयरेंस सिद्धार्थ आनंद की फिल्म 'किंग' पर चल रही शूटिंग के बीच हुई। किंग फिल्म का प्रोडक्शन कुछ समय से तस्वीरें लीक होने की मुश्किलों से जूझ रहा है. इसमें क्लाइमेक्स की तस्वीरें और केप टाउन शेड्यूल के विजुअल्स शामिल हैं, जहां शाहरुख और दीपिका एक गाने की शूटिंग कर रहे थे. फिल्म के क्लाइमेक्स शूट का फुटेज ऑनलाइन सामने आने के कुछ दिनों बाद, लीक हुए विजुअल्स, पैपराजी क्लिप्स और तस्वीरों से बना 15 मिनट का AI-जनरेटेड फैन एडिट भी वायरल हो गया. वीडियो में दावा किया गया था कि यह दर्शकों को फिल्म के रिलीज होने से पहले उसका 'मिनी वर्शन' दिखा रहा है, लेकिन बाद में फैंस और प्रोडक्शन टीम की ओर से मास-रिपोर्ट किए जाने के बाद इसे कई प्लेटफॉर्म्स से हटा दिया गया. 'किंग' 24 दिसंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## 'देर रात किसी अन्य पुरुष से बात करने पर महिला के चरित्र पर सवाल उठाना गलत', दिल्ली कोर्ट की अहम टिप्पणी

**● साकेत सत्र अदालत ने घरेलू हिंसा मामले में अहम टिप्पणी की है कि देर रात किसी पुरुष से फोन पर बात करने के आधार पर महिला के चरित्र पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। अदालत ने कहा कि भारतीय समाज अब इतना पिछड़ा नहीं है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** देर रात किसी अन्य व्यक्ति से फोन पर बात करने के आधार पर पत्नी के चरित्र पर सवाल उठाने पर साकेत की सत्र अदालत ने अहम टिप्पणी की है। घरेलू हिंसा के मामले में साकेत की अतिरिक्त सत्र अदालत ने कहा कि महिला के महज देर रात फोन पर किसी पुरुष से बात करने के आधार पर उसके चरित्र पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शुनाली गुप्ता ने यह भी कहा कि भारतीय समाज अब ऐसा पिछड़ा समाज नहीं रहा है जहां किसी पुरुष से बात करने वाली महिला को गलत माना जाता हो। अदालत ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र, मल्टीनेशनल कंपनियों आदि में काम कर रही हैं और उनके पुरुष सहकर्मी भी होते हैं।

**आरोप के संबंध में कोई भी पुख्ता साक्ष्य पेश नहीं**

अदालत ने कहा कि मामले में लगाए गए आरोप के संबंध में कोई भी पुख्ता साक्ष्य नहीं पेश किए गए। अदालत ने कहा कि महिला की काल डिटेल रिकार्ड (सीडीआर) को सुरक्षित रखने की मांग करके उसकी निजता में दखल को सही ठहराया जा सकता है। अदालत ने उक्त टिप्पणी पति की अपील याचिका पर की। व्यक्ति ने घरेलू हिंसा के मामले में उसकी पत्नी की व एक अन्य व्यक्ति की सीडीआर को सुरक्षित रखने का निर्देश देने की मांग की थी। हालांकि, मजिस्ट्रेट अदालत ने उसकी मांग को ठुकरा दिया था।

**याचिका में तर्क दिया था कि रिकॉर्ड को सुरक्षित रखना जरूरी**

सत्र न्यायाधीश ने भी राहत देने से इन्कार करते हुए कहा कि अदालत की राय में जब तक महिला पर अवैध या विवाहेत्तर संबंध होने का आरोप न लगाया गया हो तब तक उसके चरित्र पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। व्यक्ति ने अपील याचिका में तर्क



दिया था कि रिकॉर्ड को सुरक्षित रखना जरूरी है क्योंकि शिकायतकर्ता (उसकी पत्नी) देर रात कुछ लोगों के साथ नियमित रूप से फोन पर संपर्क में थी और समय बीतने के साथ सर्विस प्रोवाइडर द्वारा रिकॉर्ड मिटाए जा सकते थे। हालांकि, उक्त तर्कों को ठुकराते हुए अदालत ने पाया कि निजता का अधिकार पूर्ण नहीं है और उचित मामलों में निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार के लिए इसे सीमित किया जा सकता है, लेकिन किसी अन्य व्यक्ति के काल रिकार्ड को सुरक्षित रखने की किसी भी मांग के पीछे ठोस और उचित कारण होने चाहिए। अदालत ने कहा कि महज रात में फोन पर बात करने के आधार पर उसके मोबाइल नंबर के सीडीआर को सुरक्षित रखने की मांग का आधार नहीं बन सकता। मजिस्ट्रेट के निर्णय को बरकरार रखते हुए अदालत ने याचिका खारिज कर दी।

## मिशन क्लीन पंजाब: म्युनिसिपल कमिश्नर ने वार्ड नंबर 19 का इंस्पेक्शन किया

**● सफाई पक्का करने के लिए मलबा हटाने, सीवर लाइनों की रेगुलर सफाई के आदेश दिए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अलावा, म्युनिसिपल कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के संबंधित अधिकारियों को सड़कों से रेगुलर मलबा हटाने और सीवर लाइनों की सफाई पक्का करने का भी निर्देश दिया है ताकि पूरे शहर में सफाई पक्की हो सके। बुधवार को म्युनिसिपल कमिश्नर अलंकार द्वारा वार्ड नंबर 19 के अलग-अलग इलाकों में किए गए इंस्पेक्शन के दौरान इस बारे में सख्त निर्देश दिए गए। म्युनिसिपल कमिश्नर अलंकार ने सेक्टर 38, सेक्टर 39, एवरेस्ट स्कूल रोड और दूसरे इलाकों का इंस्पेक्शन किया। इंस्पेक्शन के दौरान, अलंकार ने संबंधित अधिकारियों को सड़कों की मरम्मत के काम में तेज़ी लाने का भी निर्देश दिया। काउंसलर निधि गुप्ता, जोनल कमिश्नर नीरज जैन, सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर प्रवीण सिंगला, CSO रवि डोगरा, नोडल ऑफिसर बलजिंदर सिंह और दूसरे लोग भी मौजूद थे। नगर निगम कमिश्नर अलंकार ने कहा कि लोकल गवर्नमेंट मिनिस्टर हरजोत सिंह बैंस की लीडरशिप में 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत नगर निगम की सभी ब्रांच को आपस में कोऑर्डिनेशन से काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

सिर्फ कचरा ही नहीं, बल्कि सड़क किनारे फेंके गए मलबे या ब्लॉक सीवर लाइनों को भी साफ करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम कमिश्नर अलंकार ने आगे कहा कि 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत आने वाले दिनों में फील्ड इंस्पेक्शन जारी रहेंगे और जोनल कमिश्नरों को भी अपने-अपने जोन का रोजाना इंस्पेक्शन करने के निर्देश दिए गए हैं। यह बताते हुए कि लोगों और पब्लिक रिप्रेजेंटेटिव से भी फीडबैक मांगा जा रहा है, नगर निगम कमिश्नर अलंकार ने लोगों से अपील की कि वे खुले में कचरा न फेंककर सफाई पक्का करने में नगर निगम का साथ दें।

## दिल्ली के यमुना बाजार में अतिक्रमण पर बुलडोजर एक्शन शुरू, 300 से ज्यादा घर होंगे जमींदोज

**नई दिल्ली।** राजधानी के यमुना बाजार में ओ- जोन क्षेत्र में बृहस्पतिवार को अतिक्रमण पर बुलडोजर एक्शन की कार्रवाई शुरू हो गई है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा ओ- जोन के तहत चिन्हित किए गए 300 से ज्यादा घरों को ध्वस्त किया जाना है। यमुना बाजार में सुबह से घरों में तोड़फोड़ शुरू की गई है। इस दौरान स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए मौके पर भारी सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। कार्रवाई से प्रभावित लोगों को पास के शेल्टर होम में जाने के लिए कहा गया है। हाई कोर्ट के आदेश के बाद पिछले महीने डीडीए और जिला प्रशासन ने कार्रवाई के लिए लोगों को नोटिस दिया था, जिसके बाद आज यमुना बाजार के घाट किनारे स्थित घरों को गिराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बता दें कि डीडीए की ये कार्रवाई प्रशासन की उस बड़ी मुहिम का हिस्सा है, जिसके तहत यमुना के बाढ़ वाले इलाकों से अवैध निर्माण हटाए जा रहे हैं। दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने बीती 8 मई को 'डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट, 2005' के तहत बाढ़ के खतरे और सुरक्षा का हवाला देते हुए, पुरानी दिल्ली में यमुना के बाढ़ वाले इलाकों के आस-पास रहने वाले लोगों को वहां से हटने को लेकर एक नोटिस जारी किया था।

# दिल्ली के ये 5 इलाके बिजली चोरी में सबसे आगे

**● विद्युत कंपनियों को हर साल लग रहा 83 करोड़ का चूना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** बिजली वितरण को निजी कंपनियों को सौंपने के बाद दिल्ली में बिजली चोरी की समस्या में कमी आई है। वर्ष 2002 में बिजली चोरी और अन्य तकनीकी कारणों से होने वाला नुकसान, जिसे कुल तकनीकी एवं वाणिज्यिक नुकसान (एटीएंडसी) कहा जाता है, लगभग 52 प्रतिशत था। यह अब घटकर 5.4 प्रतिशत रह गया है। इसके बावजूद राजधानी के कई क्षेत्रों में यह समस्या बनी हुई है। राजौरी गार्डन, तिलकनगर, मुंडका, नजफगढ़ और तुगलकाबाद इन पांच विधानसभा क्षेत्रों में कई स्थानों पर एटीएंडसी लॉस 50 प्रतिशत से अधिक है। यानी आपूर्ति से अधिक चोरी हो रही है। इन क्षेत्रों में प्रतिवर्ष लगभग 83 करोड़ रुपये की चोरी हो रही है। वहीं, पूरी दिल्ली में लगभग 98 करोड़ रुपये की बिजली चोरी हो रही है। इसे रोकने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। इससे कमरुद्दीन नगर में ही लगभग 24 करोड़ रुपये की बिजली चोरी पकड़ी गई है। बिजली कंपनियों द्वारा सरकार को दी गई रिपोर्ट के अनुसार राजौरी गार्डन और तिलक नगर विधानसभा क्षेत्र में स्थित ख्याला गांव में सबसे अधिक एक वर्ष में 4.72 करोड़ यूनिट की बिजली चोरी हुई है। इससे 30 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं, मुंडका विधानसभा क्षेत्र के कमरुद्दीन नगर में 2.69 करोड़ यूनिट की बिजली चोरी दर्ज की गई है। नजफगढ़ के झड़ौदा कलां व दिचाऊं कलां और तुगलकाबाद विधानसभा क्षेत्र के तुगलकाबाद गांव में भी एक करोड़ यूनिट से अधिक की बिजली चोरी होती है। पुरानी दिल्ली के जामा मस्जिद, लाहौरी गेट के साथ ही पूर्वी और उत्तर पूर्वी दिल्ली के कुछ क्षेत्र में भी बिजली चोरी की समस्या है। बिजली वितरण कंपनियों (डिस्काम) अधिकारियों के अनुसार अधिकांश स्थानों पर व्यावसायिक और औद्योगिक इकाइयों द्वारा बिजली चोरी के मामले अधिक हैं।

दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद के निर्देश पर बिजली चोरी रोकने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। छापेमारी के साथ ही आधुनिक डेटा एनालिटिक्स का उपयोग किया जा रहा है। बिजली लाइनों को सुरक्षित और चोरी-रोधी आर्मर्ड केबल से बदला गया है। चोरी-रोधी आर्मर्ड केबल एक विशेष प्रकार की विद्युत केबल होती है, जिसमें अंदरूनी तांबे या एल्युमिनियम के तारों की सुरक्षा के लिए बाहर धातु के तारों का मजबूत आवरण होता है। इस प्रकार के कदमों से केवल कमरुद्दीन नगर क्षेत्र में ही लगभग एक करोड़ यूनिट से अधिक बिजली चोरी रोकने में मदद मिली है।

## पहले 2 वीडियो रिकॉर्ड कर बताई पति की करतूत, फिर फंदे पर झूल गई पत्नी

**पश्चिमी दिल्ली।** बाहरी जिले के नांगलोई क्षेत्र में 26 वर्षीय विवाहिता की आत्महत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है। मौत से पहले रिकॉर्ड किए गए दो वीडियो में विवाहिता ने पति और ससुराल पक्ष की प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए अपनी जान को खतरा बताया था। वीडियो सामने आने और स्वजन के आरोपों के आधार पर नांगलोई थाना पुलिस ने पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस वीडियो की सत्यता और उसमें लगाए गए आरोपों की भी जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, 23 जून को सूचना मिली थी कि नांगलोई एक्सटेंशन निवासी 26 वर्षीय महिला को संजय गांधी मेमोरियल (एसजीएम) अस्पताल लाया गया है, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि महिला की मौत फंदा लगने से हुई है। चूंकि विवाहिता की शादी सात वर्ष के भीतर हुई थी, इसलिए नियमानुसार मामले की सूचना एसडीएम को दी गई। एसडीएम जांच के दौरान तहसीलदार, मुंडका ने मृतका की मां का बयान दर्ज किया। मां ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी का पति रोहित शराब के नशे में अक्सर उसके साथ मारपीट करता था और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। उन्होंने बताया कि रोहित कुछ समय पहले एक दुर्घटना में घायल हुआ था और उसका उपचार चल रहा है, लेकिन इसके बावजूद वह बेटी के साथ दुर्व्यवहार करता था। जांच के दौरान मृतका के स्वजन ने पुलिस को दो वीडियो उपलब्ध कराए, जिन्हें कथित तौर पर विवाहिता ने आत्महत्या से पहले रिकॉर्ड किया था। वीडियो में वह बेहद भावुक और मानसिक रूप से परेशान दिखाई दे रही है। उसने अपने माता-पिता को संबोधित करते हुए कहा कि वह लगातार प्रताड़ना से टूट चुकी है और उसकी जान को खतरा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वीडियो मामले की जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्य माना जा रहा है। 24 जून को विवाहिता के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो, स्वजन के बयान और अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की गहनता से जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर आरोपित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच जारी है और जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।